आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.48
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
▪ लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी 01:17 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083
रविवार, 12 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 231, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 5 रुपये



▪ भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी : मोदी - 12



▪ डीजल पर 55.5 और एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क - 12



▪ भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे - 13




▪ आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल में - 14

# वार्ता से शांति की तलाश

## इस्लामाबाद में दो घंटे तक चली पहले दौर की बैठक | दूसरे दौर की वार्ता आज, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस
## ईरान ने कहा- लेबनान पर हमले तुरंत बंद किए जाएं | ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबफ हैं मुख्य वार्ताकार

- अमेरिका-ईरान के अधिकारियों ने आमने-सामने बातचीत की व्हाउट हाउस ने पुष्टि की
- लेबनान और इजराइल के बीच मंगलवार से प्रत्यक्ष वार्ता शुरू होगी : लेबनानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद, एजेंसी



**इस्लामाबाद :** शांति वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ से बात करते हुए। **दांए :** पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस।

इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका के बीच जारी संघर्षविराम वार्ता का पहला राउंड दो घंटे तक चला। इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। दोनों देशों के बीच अब दूसरे दौर की वार्ता रविवार को होगी।

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को पंगु बना दिया है और व्यापक पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा किए हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में यह शांति वार्ता ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा किए जाने के चार दिन बाद हो रही है। हालांकि, लेबनान पर इजराइल के बड़े पैमाने पर हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गये हैं। तेहरान ने दावा किया कि हमले ने युद्धविराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है, वहीं अमेरिका और इजराइल ने कहा कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। शनिवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचने के बाद, गालिबफ ने कहा, हमारे मन में सद्भावना तो है, लेकिन अमेरिकियों पर हमें भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष वास्तविक समझौते के लिए तैयार है, तो वह तेहरान की तत्परता को देखेगा। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में ईरान के डेलिगेशन से आमने-सामने मुलाकात की है। वहीं, लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि उनके देश की इजराइल के साथ प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार से शुरू होगी।

### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पहुंचे गालिबाफ



**तेहरान।** गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

### अमेरिका ने होर्मुज को खोलना शुरू किया : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ईरान की सेना तबाह हो चुकी है और अमेरिका होर्मुज को खोलना शुरू कर रहा है। हम अब चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी और कई अन्य देशों समेत दुनियाभर के देशों के हित में होर्मुज को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि उनमें यह काम खुद करने का साहस नहीं है।

# थारू समाज के मुकदमे होंगे वापस मिट्टी में मिलेगा माफिया : योगी

- मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में दो बड़ी जनसभाओं में कई अहम घोषणाएं कीं

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पलिया के चंदनचौकी में परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मौजूद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक रोमी साहनी व अन्य जनप्रतिनिधिगण।

**अमृत विचार:** सीएम योगी ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में राजनीतिक विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए बड़ा एलान किया कि थारू समाज के लोगों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे। योगी ने फिर चेताया कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने व नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी।

मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उप्र के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन व पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद बोल रहे थे। योगी कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है।

### रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम से जाना जाएगा मियांपुर

सीएम योगी ने कहा कि पापी पाकिस्तान ने पहले भारत का विभाजन किया, फिर पाकिस्तान भी टुकड़े हुए। पाकिस्तान अभी और टुकड़ों में बंटने वाला है। पाकिस्तान के पाप की सजा वहां रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी लोगों को मिली है। क्योंकि वहां किसी और जाति के लिए कोई जगह नहीं है। कहा कि कांग्रेस का पाप देखा। आपका अधिकार लिया और वोट लेते रहे। आपकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम भी मियांपुर रख दिया। एक भी मियां, नाम मियांपुर। अब ये मियांपुर नाम नहीं रहेगा। गांव का नाम रविंद्र नगर होगा। गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम पर यह गांव जाना जाएगा।

### लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम था लक्ष्मीपुर

सीएम ने कहा कि लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम लक्ष्मीपुर था। पिछली सरकारों ने हर जिले में माफिया-गुंडे पैदा किए, लेकिन नया उत्तर प्रदेश दंगा, माफिया, कर्फ्यू मुक्त है। यहां की पहचान अब दुधवा नेशनल पार्क, पलिया एयरपोर्ट, चंदन चौकी, बाबा गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर में स्थापित मेडिकल कॉलेज से है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दिल्ली की धरती पर उतरी अयोध्या व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब केवल डिजिटल माध्यम से ही टोल संग्रह होगा

**नई दिल्ली।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर शनिवार से सभी शुल्क भुगतान विशेष रूप से फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसे डिजिटल माध्यमों से ही लिए जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह कदम टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में यह बदलाव अभी लागू नहीं किया गया है।

# प्रौद्योगिकी अब सिर्फ प्रशासनिक सुविधा नहीं, संवैधानिक साधन है : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित सम्मेलन को सीजेआई ने किया संबोधित

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अब केवल एक प्रशासनिक सुविधा नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संवैधानिक साधन बन गई है। यह एक ऐसा उपकरण है जो कानून के समक्ष समानता को मजबूत करता है, न्याय तक पहुंच का विस्तार करता है और न्यायपालिका को प्रक्रियात्मक रूढ़ियों से ऊपर उठने की अनुमति देता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी न्याय प्रणाली के मूल में एक सरल लेकिन स्थायी वादा निहित है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे उसके पास कितने भी साधन या परिस्थितियां हों, निष्पक्ष, समय पर और प्रभावी तरीके से न्याय प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए।

सीजेआई ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जितिन प्रसाद की उपस्थिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और जिला न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय प्रणाली में सुधार का माप इस बात से किया जाता है कि नागरिक, वकील और अन्य हितधारक इससे कितना सार्थक रूप से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक न्यायालय एक एकीकृत डिजिटल न्यायालय के रूप में कार्य करे, जो न केवल 'हाइब्रिड' सुनवाई सुविधाओं से लैस हो, बल्कि पूरी तरह से कागजी कार्रवाई रहित न्यायालय के रूप में भी कार्य करने में सक्षम हो। प्रौद्योगिकी एक संवैधानिक साधन बन गई है।

सीजेआई ने कहा कि उनके पास स्वाभाविक रूप से डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण है, एक ऐसा भविष्य जहां न्याय केवल एक ऐसी जगह पर नहीं मिले जहां कोई जाता है, बल्कि एक ऐसी सेवा हो जो निर्बाध, पारदर्शी और प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अब यह केवल दूर के भविष्य की आकांक्षा नहीं है बल्कि इस पर काम पहले से ही हो रहा है।

### केवल पूंजी या नीति से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता भारत

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देश केवल पूंजी या नीति के जरिये से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है, बल्कि इसमें कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने विकसित होती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचे में आमूलचूल बदलाव का आह्वान करते हुए यह बात कही। सीजेआई ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कानून में पूर्वानुमान, विशेषज्ञता और सद्भावना की संस्कृति की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसमें दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं शामिल हों और जिसके लिए निवेशक का विश्वास अनिवार्य है।

# संघर्ष विराम के बीच जग विक्रम ने पार किया होर्मुज

- नार्वे के जहाज को शुक्रवार को लौटाया था वापस, यहां से निकलने वाला यह नौवां भारतीय जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' नामक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज ने होर्मुज पार कर लिया है।

अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय जहाज है। जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था। मार्च की शुरुआत से अब तक यह फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जबकि लगभग 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी क्षेत्र में रुके हुए हैं और आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह मध्यम आकार का गैस वाहक जहाज 26,000 टन से अधिक वहन क्षमता रखता है और इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय होर्मुज क्षेत्र में कम से कम 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे।

# चलती कार में लगी आग से जिंदा जलीं कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर की पत्नी

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- लखीमपुर से लौटते समय उसहैत क्षेत्र के गांव रौते में कार में लगी आग से पति भी झुलसा



**अमृत विचार :** चलती कार अचानक आग का गोला बनने से उसमें सवार कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर की पत्नी जिंदा जल गईं जबकि वह भी गंभीर रूप से झुलस गये। महिला का तीन दिन पहले लखीमपुर में पित्ताशय में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। पत्नी को अस्पताल से छुट्टी कराकर वह दोनों कार से घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड छह निवासी अर्पित भारद्वाज विकास क्षेत्र कादरचौक में कम्यूनिटी हेल्थ अफसर हैं। तीन दिन पहले उनकी पत्नी प्रिया (25) का जिला लखीमपुर के पलिया स्थित अस्पताल में पित्ताशय की थैली में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। वह दोनों शुक्रवार को कार से वापस घर लौट रहे थे। ऑपरेशन की वजह से प्रिया बैठ नहीं पा रहीं थी तो वह कार की पीछे की सीट पर लेट गईं। अर्पित कार चला रहे थे। रात लगभग दो बजे उसहैत क्षेत्र के गांव रौता के पास चलती कार के इंजन में अचानक आग लग गई।

# मॉर्निंग वॉक के लिए निकले अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

- शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े मारी गोली

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के कटरा क्षेत्र शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक अधिवक्ता की बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हत्या का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अर्पणा कौशिक ने बताया कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी राजीव उर्फ रिंकू सिंह ग्राम प्रधान पति थे। उनकी पत्नी वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। वह कटरा थाना क्षेत्र के सद्भावना नगर में मकान बनाकर रहते थे और सिविल कोर्ट में वकालत करते थे। शनिवार सुबह सात बजे दो हमलावरों ने रिंकू सिंह को नजदीक से गोली मार दी। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी व अन्य के ठिकानों पर छापे

## ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ नए सिरे से शनिवार को छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार, जिन स्थानों पर तलाशी ली गई उनमें कोलकाता स्थित चटर्जी का आवास और इस मामले में जेल में बंद कथित बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय का घर शामिल हैं।

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता चटर्जी 2011 में पार्टी के सत्ता में आने से पहले उसके महासचिव और प्रमुख रणनीतिकार रह चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग द्वारा कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षकों की भर्ती से जुड़े कथित घोटाले में पूछताछ के लिए चटर्जी के तीन बार उपस्थित नहीं होने के बाद की गई। ईडी ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में जुलाई 2022 में चटर्जी को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली की रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी की, छह करोड़ नकदी बरामद

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली में स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी के दौरान 6.3 करोड़ रुपये नकद और 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए हैं। यह कंपनी घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रही है और वर्तमान में दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को की गई, जिसमें कंपनी 'अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड' (ईआईएल) के पूर्व निदेशकों, प्रवर्तकों और उनसे जुड़े संस्थानों के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित 10 परिसरों पर छापे मारे गए। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, कंपनी जून 2018 से कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है।

**उपलब्धि** — 50 वर्षों बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान, 11.17 लाख किमी का सफर तय किया, अब चांद पर उतरने की तैयारी में नासा

# आर्टेमिस-2' मिशन : चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

- नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा- चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया

वाशिंगटन, एजेंसी





अंतरिक्ष यात्री विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच सैन डिएगो एवं नासा का ओरियन अंतरिक्ष यान।

तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस-2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है।

नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है। इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने दिसंबर 1972 में हुए अपोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं। आर्टेमिस-2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है। अमित क्षत्रिय ने कहा, उड़ान निदेशक जेफ रेडिगन ने बताया था कि चंद्रमा तक ढाई लाख मील की दूरी तय करने के बाद लक्ष्य साधने के लिए हमारे पास एक डिग्री से भी कम का कोण था और टीम ने इसे सटीकता से हासिल किया। यह किस्मत नहीं, बल्कि एक हजार लोगों की मेहनत का नतीजा है।

### पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया

यह चारों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शानदार यात्रा रही, जिसमें चंद्रमा के उस हिस्से को भी देखा गया जिसे पहले कभी मानव ने नहीं देखा था। इसके साथ ही पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया। प्रशांत महासागर में उतरने के बाद ओरियन कैप्सूल खुलते ही टीम ने राहत की सांस ली। हेनफ्लिंग ने कहा कि जैसे ही कैप्सूल खुला, उनकी टीम ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा, हमने नियंत्रण कक्ष टीम से बात की और परिवारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। यह शानदार दिन था। हेनफ्लिंग ने बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश के दौरान टीम को थोड़ी चिंता थी, लेकिन अपने प्रशिक्षण पर पूरा भरोसा था।

## न्यूज ब्रीफ

### आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी आंबेडकर जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापक आयोजन की तैयारी की जा रही है। राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. अंबेडकर महासभा परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री और गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को पूरा प्रदेश 'आंबेडकरमय' नजर आएगा, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को याद किया जाएगा।

### तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने शनिवार देर शाम को तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। जारी आदेश के अनुसार, देवरिया के एसपी संजीव सुमन को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ की सेनानायक प्राची सिंह को एसपी अंबेडकरनगर और अंबेडकरनगर में तैनात अभिजीत आर शंकर को देवरिया का एसपी बनाया गया है।

### ज्योतिबा फूले जयंती पर मायावती ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर उन्हें देश में सामाजिक परिवर्तन का पितामह बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज में अति-पिछड़े वर्ग में जन्मे फूले ने समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया। बसपा प्रमुख ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में विशेष रूप से सावित्रीबाई फूले और ज्योतिबा फुले की जोड़ी को नारी शिक्षा और सशक्तिकरण का प्रणेता बताया। उन्होंने कहा कि फुले के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### ज्योतिबा फुले का योगदान अविस्मरणीय : केशव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव और असमानताओं के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। विशेष रूप से स्त्री शिक्षा और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। राजधानी स्थित सरकारी आवास पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार एवं कार्य आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं।

### प्रदेश में 'समाज भवन' की उठाई मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर दलित समाज से जुड़े मुद्दे उठाए हैं। पत्र में कहा कि डॉ. आंबेडकर समेत महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना में प्रशासनिक प्रक्रियाएं जटिल हैं, जिससे अनावश्यक देरी होती है। इसे सरल बनाने की मांग की गई है। उन्होंने महाराष्ट्र की तर्ज पर प्रदेश में 'समाज भवन' निर्माण की आवश्यकता बताई गई है, ताकि दलित और अति-दलित समाज को सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियों के लिए स्थान मिल सके। पार्टी ने सरकार से अपेक्षा जताई है कि इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# घर-घर पहुंचेगी बिजली टीम सात दिन चलेगा विशेष अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्मार्ट मीटर की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को बड़ा कदम

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 7 दिन का विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

इस अभियान के तहत विद्युत विभाग के अधिकारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से सीधे संवाद करेंगे और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करेंगे। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं, बिलिंग विवाद और कनेक्शन संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शक्ति भवन में उच्चस्तरीय बैठक कर सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का रोजाना निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम स्तर पर कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेल सक्रिय रहकर लगातार समीक्षा करें। अभियान के तहत प्रत्येक अधिकारी को 10 से 20 या उससे अधिक उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।



लखनऊ छावनी स्थित स्मृतिका युद्ध स्मारक में लेजर लाइट शो का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।



## स्मृतिका युद्ध स्मारक में लेजर-लाइट शो की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ छावनी स्थित स्मृतिका युद्ध स्मारक में शनिवार को अत्याधुनिक लेज़र, लाइट और साउंड शो की शुरुआत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। करीब 30 मिनट का यह हिंदी मल्टीमीडिया शो आधुनिक प्रोजेक्शन, साउंड और लाइटिंग तकनीक के जरिए भारतीय सेना के इतिहास, उसकी प्रमुख सैन्य उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें 1947-48, 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के साथ 'ऑपरेशन मेघदूत' और 'ऑपरेशन विजय' जैसी अहम सैन्य कार्रवाइयों को प्रमुखता से दिखाया गया है।

# प्रदेश में भाजपा संगठन व मंत्रिमंडल विस्तार की उल्टी गिनती शुरू

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी स्तर पर लगातार बैठकों और दौरों का सिलसिला शुरू
- आज विनोद तावड़े का लखनऊ दौरा, फिर दिल्ली में भी बैठकों की तैयारी



**अमृत विचार:** प्रदेश में भाजपा संगठन और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मंथन तेज हो गया है। पार्टी स्तर पर लगातार बैठकों और दौरों का सिलसिला शुरू हो गया है, जिससे आने वाले दिनों में बड़े फैसलों के संकेत मिल रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी शनिवार शाम करीब 4 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में संगठन और सरकार के बीच समन्वय, साथ ही संभावित फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े रविवार को लखनऊ दौरे पर आएंगे। अपने दौरे के दौरान वे प्रदेश नेतृत्व के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसमें संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी इसके बाद दिल्ली भी जाएंगे, जहां केंद्रीय नेतृत्व के साथ मुलाकात कर संगठन की नई टीम और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अंतिम रूप देने पर बातचीत हो सकती है। राजनीतिक हलकों में इसे संगठनात्मक बदलाव और सरकार में संभावित विस्तार की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार दोनों स्तर पर सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन साधने की रणनीति तैयार की जा रही है। मंत्रिमंडल विस्तार में एक ब्राह्मण और एक अनुसूचित जाति के चेहरे को शामिल किए जाने की संभावना है, जबकि संगठन में ओबीसी और दलित वर्ग के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने पर जोर रहेगा।

पिछले महीने 2802 सभासदों के मनोनयन के बाद अब पार्टी कार्यकर्ताओं को और साधने की तैयारी में है। निगम, आयोग और बोर्डों में नियुक्तियों के जरिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर चुनावी मोड में लाने की रणनीति पर काम हो रहा है। इसके साथ ही प्रदेश संगठन की नई टीम के गठन पर भी तेजी से काम चल रहा है। करीब 45 सदस्यीय टीम, छह क्षेत्रीय अध्यक्ष और युवा मोर्चा अध्यक्ष के चयन में जातीय, क्षेत्रीय और महिला प्रतिनिधित्व का संतुलन साधा जाएगा। राजनीतिक हलकों में इसे चुनाव से पहले भाजपा के बड़े संगठनात्मक और राजनीतिक पुनर्गठन के रूप में देखा जा रहा है।

### मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव

- एक ब्राह्मण और एक अनुसूचित जाति का चेहरा शामिल होने के संकेत
- नए चेहरों से क्षेत्रीय व जातीय संतुलन साधने की तैयारी
- पुराने मंत्रियों में सीमित फेरबदल की संभावना

### संगठन में नया क्या

- 45 सदस्यीय नई प्रदेश टीम का गठन
- छह क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति
- युवा मोर्चा अध्यक्ष के चयन पर मंथन
- महिला और ओबीसी प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर

# एसएनए-स्पर्श प्रणाली में नई बिलिंग प्रक्रिया मई से होगी लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग का शासनादेश जारी फेल ट्रांजैक्शन का भुगतान 30 अप्रैल तक

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने एसएनए-स्पर्श प्रणाली के क्रियान्वयन को लेकर अहम निर्णय लिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार वर्तमान व्यवस्था को 30 अप्रैल 2026 तक यथावत रखा जाएगा, जबकि पहली मई 2026 से नई संशोधित प्रणाली लागू कर दी जाएगी।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एसएनए-स्पर्श मॉड्यूल में संशोधन का कार्य अंतिम चरण में है। ऐसे में नई व्यवस्था लागू होने तक मौजूदा प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। शासनादेश के अनुसार, एक मई से बिल प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव होगा। अब कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए बिल पहले जनपदीय स्तर के एडमिन के माध्यम से कोषागार भेजे जाएंगे, जहां से उन्हें साइबर ट्रेजरी को अग्रसारित किया जाएगा। बिलों का समेकन भी साइबर ट्रेजरी स्तर पर किया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन मामलों में भुगतान फेल हुआ है, उनका निस्तारण 30 अप्रैल 2026 तक किया जा सकता है। इसके लिए वर्तमान प्रणाली को जारी रखना आवश्यक माना गया है।

एक मई के बाद शेष राशि को नए मॉड्यूल के तहत पुनः आवंटित कर भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने से भुगतान प्रणाली अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से सुदृढ़ होगी, जिससे लाभार्थियों तक धनराशि समय पर पहुंच सकेगी।

# पीएम-एसवाईएस में कई जिलों ने बनाया रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा देने वाली प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएस) में प्रदेश में तेज प्रगति दर्ज की जा रही है। विशेष अभियान और वार्षिक प्रदर्शन के चलते योजना की पहुंच तेजी से बढ़ी है और कई जिलों ने रिकॉर्ड नामांकन कर नए मानक स्थापित किए हैं।

15 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक चले विशेष अभियान में फिरोजाबाद ने 349 नामांकन के साथ पहला स्थान हासिल किया। गाजियाबाद (262) और बस्ती (238) भी अग्रणी जिलों में रहे। इसके अलावा बांदा, बरेली, अंबेडकर नगर, हापुड़ और बिजनौर ने भी उल्लेखनीय भागीदारी निभाई। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 के समग्र प्रदर्शन में हरदोई 929 नामांकन के साथ पहले स्थान पर रहा। आजमगढ़ (597) और गाजियाबाद (547) ने भी निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए खुद को मॉडल जिलों के रूप में स्थापित किया। प्रतापगढ़, बलिया, मेरठ और वाराणसी की सक्रियता भी उल्लेखनीय रही।

## राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं युवा : राज्यपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवा केवल रोजगार तक सीमित न रहें, बल्कि नवाचार, शोध और सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया। राज्यपाल शनिवार को प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी, प्रयागराज में नवनिर्मित शैक्षिक सुविधाओं का लोकार्पण करने के बाद छात्र व शिक्षकों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया।

## पाल समाज की बेटी के साथ हुई घटना में सपा के लोगों की भूमिका : पूजा पाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा की बागी विधायक पूजा पाल ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। वहीं, योगी सरकार की तारीफ की। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि कौशांबी में पाल समाज की एक बेटी के साथ हुई घटना में सपा से जुड़े तत्वों की भूमिका सामने आई है। कौशांबी विधायक ने कहा कि जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सपा समर्थित गुंडों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आरोप लगाया कि प्रदेश में सपा समर्थक अपराधियों द्वारा लोगों को धमकाया जा रहा है और खासकर ओबीसी समाज को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है। यह स्थिति चिंताजनक है। पूजा पाल ने कहा कि उप्र. का सौभाग्य है कि राज्य में मजबूत नेतृत्व वाली सरकार है, जिससे ऐसे तत्वों पर नियंत्रण संभव हो पा रहा है। उन्होंने दो टूक कहा कि वह पहले भी ऐसे लोगों के सामने नहीं झुकीं और आगे भी नहीं झुकेंगी।

# प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े अस्पष्ट : माकपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उ.प्र. राज्य सचिव मंडल ने राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर आंकड़ों पर असंतोष जताते हुए उन्हें अधूरा और भ्रमित करने वाला बताया है। कहा गया कि आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि 2003 की मतदाता सूची से मिलान न होने वाले करीब 1.4 करोड़ और तार्किक विसंगतियों के आधार पर चिन्हित 2.22 करोड़ मतदाताओं को दिए गए नोटिस के बाद कितने नाम काटे गए।

सचिव मंडल के अनुसार 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 12,55,56,025 मतदाता थे, जबकि अंतिम सूची में 13,36,84,972 मतदाता दर्शाए गए हैं। इस दौरान 84,28,667 नए मतदाताओं की वृद्धि बताई गई, जिससे कुल संख्या 13,39,84,972 होनी चाहिए। ऐसे में सवाल उठता है कि नोटिस पाने वालों में से कितने नाम हटाए गए, इसका स्पष्ट विवरण क्यों नहीं दिया गया। पार्टी ने मांग की है कि एसआईआर से पहले और अंतिम सूची के बीच हटाए गए मतदाताओं की वास्तविक संख्या सार्वजनिक की जाए।

# महिला आरक्षण का फैसला ऐतिहासिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से संवाद करतीं मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार

- मंत्री बेबी रानी मौर्य ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सराहा

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार बनाएगा।

भाजपा के राज्य मुख्यालय मे पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह कानून देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का प्रतीक है। संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण से लोकतंत्र अधिक समावेशी और प्रभावी बनेगा। उन्होंने बताया कि वैश्विक अनुभव बताते हैं कि महिला नेतृत्व से शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों में बेहतर परिणाम मिलते हैं।

उन्होंने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्ज्वला, स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ा निवेशकों का रुझान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 प्रस्तावों को राज्य स्तरीय समिति को भेजने की संस्तुति

**अमृत विचार:** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र तेजी से निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह सेक्टर किसानों की आय बढ़ाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और युवाओं को रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उप्र. फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी -2023 के तहत दी जा रही सुविधाओं और अनुदानों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। अपर मुख्य सचिव बीएल मीना की अध्यक्षता में आयोजित अप्रेजल समिति की बैठक में 15 प्रस्तावों पर विचार किया गया, जिनमें से 13 को राज्य स्तरीय समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए संस्तुति दी गई। स्वीकृति हेतु प्रस्तावित इकाइयों में स्टार्च, पास्ता-नूडल्स, पोल्ट्री फीड, डेयरी उत्पाद, बेकरी, मॉरिंगा, तिलहन-दाल प्रसंस्करण और सोलर पावर प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। समिति ने निर्देश दिए कि कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानों से सुनिश्चित की जाए।

स्मृति जीवंत

ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय अधिवक्ता सम्मेलन आयोजित

# संविधान के आदर्शों को कुचला जा रहा : मनु सिंघवी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां संविधान और बाबा साहब के आदर्शों को केवल नजरअंदाज ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उन आदर्शों को कुचला जा रहा। उन्होंने कहा कि संविधान कोई प्रशासनिक मार्गदर्शिका नहीं, यह लोकतंत्र का स्पंदित (धड़कता हुआ) हृदय है।

कांग्रेस नेता मनु सिंघवी शनिवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ज्योतिबा फुले की 200 वीं जयंती पर आयोजित प्रदेश स्तरीय अधिवक्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमारा संविधान करोड़ों वंचितों की आशाओं का घोषणा पत्र है, अब जांच एजेंसियां प्रतिशोध का प्रवर्तक बन गई हैं, कुछ अपवादों को छोड़कर जब न्यायपालिका को गर्जना चाहिए, तब अक्सर फुसफुसाती नजर आती है, शक्ति का संतुलन एक अथाह खाई में झुक गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फुले के विचारों, समाज सुधार के कार्यों एवं समाज में भेदभाव और छुआछूत को लेकर उनके द्वारा किए गए सामाजिक जागरण और शिक्षा को लेकर विशेष तौर से उनके प्रयासों को याद किया।



लखनऊ : कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सलमान खुर्शीद, अभिषेक मनु सिंघवी व अन्य पार्टी नेता।

# मुजफ्फरनगर में कल 200 कंपनियां देंगी 25 हजार से अधिक नौकरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजगार के 'महाकुंभ' का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री योगी
- केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी करेंगे अध्यक्षता



**अमृत विचार:** प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। 13 अप्रैल को मुजफ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

इस रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी करेंगे, जबकि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन उप्र. स्किल डवलपमेंट मिशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। मेले में 200 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस दौरान 25 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी-आईटीईएस, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर और परिधान उद्योग से जुड़ी कंपनियां शामिल होंगी। प्रमुख कंपनियों में टाटा मोटर्स, पेटीएम, जेबीएम ग्रुप, जेपिटो और एल एंड टी फाइनेंस शामिल हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। मेले के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर, लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) और जॉइनिंग लेटर भी प्रदान किए जाएंगे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# विकास भवन में खुलवा दिया था निजी सोलर कंपनी का दफ्तर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कई विभागों में था दखल, चलती रही सीडीओ की मर्जी
- टूट रही है पीड़ितों की चुप्पी, कुछ कर्मचारियों पर कराई थी कार्रवाई

**अमृत विचार।** जनपद में तैनाती के बाद सीडीओ राम कृपाल चौधरी का कुछ विभागों में सीधा दखल हो गया था और मनमर्जी चलाने का आरोप था। पीड़ित अधिकारी अंदर ही अंदर नाराज चल रहे थे। इतना ही नहीं विकास भवन में पहली मंजिल पर निजी सोलर कंपनी को दफ्तर ही दिला दिया था, जिसमें कई लड़कियां काम करती थीं।

महिला ग्राम पंचायत सचिवों का आरोप है कि सचिवों के तबादले, निलंबन व बहाली में सीडीओ की ही चलती थी। चहेतों को मनमाफिक कलस्टर दे दिए थे। विकास भवन में स्थित यूपी नेडा के तहत सोलर सिस्टम लगाने वाली कंपनी खाटू श्याम के ठेकेदारों को 'अभयदान' दे रखा था। यहां के अधिकारी तक की कुर्सी पर ठेकेदार काबिज रहते थे। सरकारी भवन में भी इस प्राइवेट कंपनी को एक अलग से कक्ष सीडीओ ने ही दिलवा दिया था। रात में भी यहां युवतियां आती-जाती रहीं व दिन में ही कक्ष के दरवाजे बंद हो जाते थे। इसकी चर्चा उस समय खूब हुई। बताया जा रहा है कि रुपये लेने के बाद भी खाटू श्याम कंपनी ने कई आवेदकों के यहां सोलर पैनल नहीं लगाए थे। इसकी शिकायतें भी हुईं। उस समय सीडीओ के तत्कालीन अर्दली (सफाई कर्मी) ने अपने रिश्तेदार के प्रकरण का हवाला देकर ठेकेदार से तेज आवाज में बात कर दी थी तो उन्होंने उसे कार्यालय से हटा गांव में भेज दिया था। इसके अलावा नेडा कार्यालय को जब तत्कालीन पीओ आनंद दीक्षित ने विकास भवन से हटाकर सियरमऊ स्थित विभागीय प्रशिक्षण परिसर में स्थानांतरित किया तो सीडीओ ने तत्कालीन डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से कार्रवाई का पत्र निदेशक के लिए लिखाया। उसके बाद दीक्षित की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। चर्चा है कि कार्यालय में तैनात एक महिला कर्मी खाटू श्याम कंपनी के लिए ही काम करती रही जबकि उसका मानदेय विभाग से निकलता है। तत्कालीन पीओ दीक्षित ने शिकायतों के बाद उसे भी हटा दिया था। सीडीओ ने दीक्षित पर कार्रवाई के बाद आरोपी महिला कर्मी को दोबारा तैनाती दिला दी।

### संयोग : आठ अप्रैल 2025 को ही हटे थे अनिल

- जिला पंचायती राज अधिकारी कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन विंग में तैनात रहे जिला कंसल्टेंट अनिल कुमार का तबादला भी सीडीओ की शिकायत पर आठ अप्रैल 2025 को बागपत हुआ था। अनिल पर कूड़ा गाड़ी (ई-रिक्शा) की खरीद-फरोख्त में घालमेल का आरोप था। संयोग यह है कि आठ अप्रैल 2026 को सीडीओ भी हट गए।

### सीडीओ पर लगे आरोप तो बीडीओ बनीं जांच अधिकारी

- महिला ग्राम पंचायत सचिवों ने उत्पीड़न व गलत तरीके से कलस्टरों में तैनाती देने की शिकायत राज्य महिला आयोग में की थी। इसकी जांच जिले में आई। बताया गया है कि आरोप सीडीओ रामकृपाल चौधरी पर थे, लेकिन उसकी जांच निचले पद के अधिकारियों अतिरिक्त एसडीएम रेशमा सहाय, बीडीओ उमर्दा सोनिया श्रीवास्तव व एक नायब तहसीलदार को दे दी गई। पीड़ित सचिवों का कहना है कि इस वजह से सीडीओ ने मनमाफिक जांच रिपोर्ट लगवा दी थी।

## सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान

**छिबरामऊ।** श्रीराम रिजॉर्ट गेस्ट हाउस में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यराम यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सेवानिवृत्ति के बाद जीवन के इस नए चरण में योग से जुड़ें। इस अवसर पर पूर्व सांसद राम बक्स वर्मा, श्रीपाल वर्मा, राम प्रकाश वर्मा, भारत सिंह वर्मा, डॉ. विजय यादव, कवि हरगोविंद शाक्य हरि, राजेश शर्मा, बालिस्टर सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, सतीश शर्मा, रणवीर सिंह यादव, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विभाग ने नहीं किए इंतजाम, रुलाएगी बिजली

## ओवर लोडिंग से ट्रांसफार्मर बचाने के लिये विभाग करेगा कटौती, बीते वर्ष भी गर्मी में रहा बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मकरंदनगर ट्रांसमिशन की भी दो वर्ष से नहीं हुई क्षमता वृद्धि
- विभाग के पास ओवरलोडिंग से बचने का कोई विकल्प ही नहीं



मकरंदनगर स्थित 132 केवी ट्रांसमिशन सेंटर पर लगा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी का दौर शुरू हो रहा है। बिजली विभाग के सामने ओवर लोडिंग की समस्या उत्पन्न होगी। इससे निपटने के लिये कोई इंतजाम नहीं किये हैं। बिजली की मांग बढ़ने पर ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर फुंक सकते हैं।

दो वर्ष से मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर में क्षमता वृद्धि नहीं की गई है। बीते वर्ष भी भाषण गर्मी में बिजली की किल्लत हुई। विभाग की ओर से विद्युत उपकेंद्र फुंकने से बचाने के लिये काट काट कर सप्लाई दी गई। यही नहीं किसानों को दिन में 10 व गांव के उपभोक्ताओं को 18 घंटे बिजली देने के आदेशों को भी दरकिनार करते हुए चार से छह घंटे की कटौती होती रही। जून में बारिश होने के बाद समस्या का निदान हो सका। तब भीषण कटौती से किसानों की खेत में खड़ी मक्का की फसलें सूख गई थीं। किसान सूखी हुई फसल लेकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते रहे पर कोई नतीजा नहीं निकला।

खास बात यह कि विभाग के पास ओवरलोडिंग से बचने का कोई विकल्प ही नहीं है। विभागीय जानकारों की माने तो दो वर्ष पहले 132 केवीए बिजली घर में क्षमता वृद्धि की गई थी। इसके बाद लगातार कई कोल्डस्टोरेज का निर्माण हुआ। प्रति वर्ष नये उपभोक्ताओं ने भी कनेक्शन लिये। कई नये उपकेंद्रों का भी निर्माण किया गया तो कुछ उनकी क्षमता बढ़ाई गई। बावजूद इसके ट्रांसमिशन की क्षमता न बढ़ने से ओवर लोडिंग की समस्या से निजात नहीं मिला। 132 केवी ट्रांसमिशन सेंटर पर दो ट्रांसफार्मर 63-63 एमवीए और एक 40 एमवीए का लगा है। इसी से आधे जिले को सप्लाई दी जाती है जो पर्याप्त नहीं है।

### हरईपुर तिर्वा ट्रांसमिशन निर्माण का इंतजार

- **कन्नौज।** तिर्वा क्षेत्र के गांव हरईपुर में निर्माणाधीन 220 केवी के ट्रांसमिशन का इंतजार है। बताया जाता है कि ट्रांसमिशन सेंटर 2027 में बनकर तैयार हो जायेगा। इससे तिर्वा, ठठिया, इंदरगढ़, पट्टी कढेरा समेत रसूलाबाद कानपुर देहात के कई उपकेंद्रों को बिजली मिलेगी। इससे कन्नौज के 132 केवी बिजली घर को राहत मिलेगी। इस के बाद पूरे जिले में ओवर लोडिंग की समस्या से निजात मिल जायेगी।

### ये नये बने उपकेंद्र व क्षमता वृद्धि हुई

- **कन्नौज।** अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि बिजनेस प्लान 2024-25 में ग्राम उमर्दा में क्षमता 2×5 एमवीए का विद्युत उपकेंद्र स्थापित किया गया। इससे तिर्वा उपकेंद्र का भार कम हुआ और उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिलने लगी। इसी तरह बिजनेस प्लान 2025-26 में ओवर लोड 33/11 केवी उपकेंद्रों पुलिस लाइन व बेहरिन को को 10 से 15 एमवीए किया गया। इसी तरह ठठिया उपकेंद्र को 15 से 18 एमवीए किया गया। इस के अलावा अमोलर उपकेंद्रको 10 से 15 एमवीए क्षमता बृद्धि की गई है।

### गांव के ट्रांसफार्मर की हुई क्षमता वृद्धि

- **कन्नौज।** वर्ष 2025-26 में 77 ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि (10 से 25 केवीए, 25 से 63 केवीए, 63 से 100 केवीए, 100 से 250 केवीए) की गई तथा 133 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया।

# सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए 9 करोड़ रुपये मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर के गदनपुर बड्डू के बाद अब सरायप्रयाग में जिले का दूसरा स्कूल बनेगा
- करीब 50 बीघा जमीन में निर्माण कार्य आदि में कुल लागत 25.61 करोड़ आएगी

**अमृत विचार।** शहर के बाद अब जनपद के दूसरे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय सरायप्रयाग में निर्माण कार्य के लिए 08 करोड़ 96 लाख 42 हजार 720 रुपये की पहली किस्त मिल गई है। इसकी कुल लागत 25 करोड़ 61 लाख 22 हजार रुपये रहेगी।

तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के सरायप्रयाग गांव में स्वीकृत मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य करीब 50 बीघा जमीन में कराया जाएगा। शासन ने कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से उपलब्ध कराए गए डीपीआर के बाद बजट जारी किया है। संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय ने इसको लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी को पत्र लिखा है। वहां से बीएसए संदीप कुमार को भी चिट्ठी जारी हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन से बजट सीधे कार्यदायी संस्था के खाते में गया है। कन्नौज समेत सूबे में देवरिया, प्रयागराज व सिद्धार्थनगर को भी इसी योजना के तहत बजट दिया गया है। चारों जनपदों को 37 करोड़ 80 लाख 15 हजार 50 रुपये दिए गए हैं। इससे पहले शासन ने सदर कन्नौज तहसील क्षेत्र के गदनपुर बड्डू में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय को मंजूरी दी। साथ ही पिछले साल 2025 मार्च में बजट भी जारी कर दिया था। डीसी निर्माण पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में प्री-प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई होगी। शासन की ओर से बच्चों के लिए अत्याधुनिक व जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी। बीएसए ने बताया कि जनपद में तीन तहसील क्षेत्र हैं। अब तिर्वा इलाके में विद्यालय निर्माण के लिए जमीन की तलाश की जा रही है।

# साड़ी व्यापारी के तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज



शुक्ला कालोनी गांधी नगर में आग लगने के बाद मकान से निकलता धुआं।

**अमृत विचार।** साड़ी व्यापारी के तीन मंजिल के घर में आग लग जाने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचीं दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

थाना ठठिया के ग्राम कोठी पुरवा निवासी संतोष कुमार पुत्र रामदयाल तिर्वा कस्बे के मंडी बाजार में साड़ी की बड़ी दुकान है। उनका मकान शुक्ला कालोनी गांधी नगर में है। शनिवार की शाम करीब चार बजे मकान के तीसरी मंजिल में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उसी कमरे में काफी संख्या में बिक्री के लिए नई साड़ियों का स्टॉक तथा ए सी भी लगा थी। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे एसी भी चपेट में आ गया। उस समय घर में महिलाएं व बच्चे भी थे। तीसरी मंजिल में लगी आग से पूरे मुहल्ले में अफरा तफरी मच गई। कुछ साहसी युवकों ने घर के अंदर फंसी महिलाओं को सुरक्षित निकाल लिया तथा बिजली की सप्लाई कटवा दी। आग की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन संकरी गलियों के कारण आग बुझाने में काफी मुश्किल हो रही थी। कुछ देर में फायर ब्रिगेड की दूसरी गाड़ी भी आ गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक घर में रखी लाखों रुपये की साड़ी तथा घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ उठने लगी आवाज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ नगर में आवाज उठने लगी है। इस क्रम में सपा जोन प्रभारी के नेतृत्व में 15 अप्रैल जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

जोन प्रभारी राशिद फारूकी ने अपने आवास मोहल्ला कस्सावान बाजार कला स्थित सपा कार्यालय में हुई बैठक में कहा, हर वर्ष नए सत्र से पहले माता-पिता की जेब ढीली हो जाती है। एक ओर एनसीआरटी की किताबें मात्र 50 से 100 रुपये में आसानी से उपलब्ध हैं, वहीं प्राइवेट स्कूल अपनी मनमाने पब्लिशर की किताबें 400 से 600 रुपये में अभिभावकों पर थोप देते हैं। कागज, प्रिंटिंग और कंटेंट लगभग एक समान होने के बावजूद कीमत में इतना भारी अंतर है। अभिभावक कह रहे हैं बच्चे को पढ़ाना है, अपनी मेहनत की कमाई को लुटाना नहीं है। इसको लेकर ही जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

बैठक | सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अपर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# ब्लैक स्पॉट्स पर लगाएं साइन बोर्ड, बनाएं जेब्रा क्रॉसिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- स्कूल वाहनों की फिटनेस व चालकों का मेडिकल परीक्षण 15 तक करा लिया जाए



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद अपर जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** जनपद की यातायात व्यवस्था सुचारु व सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुर्घटना बहुल क्षेत्रों जो ब्लैक स्पाट्स के रूप में चिन्हित हैं पर साइन बोर्ड व जेब्रा क्रॉसिंग के साथ ही रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं पर विराम लगाने को व्यापक रणनीति बनाने पर जोर दिया। उन्होंने जनपद की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स (जहाँ बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं) पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

उन्होंने परिवहन और शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता शिविर आयोजित करें। 01 से 15 अप्रैल 2026 तक चल रहे अभियान में स्कूली वाहनों का फिटनेस एवं ड्राइवरों का मेडिकल परीक्षण कर लिया जाये। जनपद में 672 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं, जिसमें 382 वाहनों का फिटनेस किया जा चुका हैं। शेष वाहनों का निर्धारित समयावधि में फिटनेस संबंधित प्रपत्र पूर्ण करवा ले। छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग के खतरों के प्रति जागरूक किया जाए। कहा कि प्रवर्तन कार्रवाई में सख्ती से पेश आये। ओवर लोडिंग एवं खनन के प्रकरणों में पुलिस व एआरटीओ तथा खनन संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला खनन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**सौरिख।** छत से गिरकर युवक गंभीर घायल हो गया। क्षेत्र के कन्हई नगरिया निवासी जगत राम पुत्र राम किशन (45) शनिवार सुबह लगभग 9 बजे पुराने मकान के कमरे की छत से ईंट निकाल रहा था। उसी समय अचानक कमरे का छज्जा गिर गया जिससे जगत राम नीचे आ गिरा और मलबे में दब गया। शोर को सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों एवं परिजनों ने उसे बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में घायल को डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### हादसे में फार्मासिस्ट गंभीर रूप से घायल

**सौरिख, कन्नौज।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार फार्मासिस्ट गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्र के मढ़ी गांव में अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट कुलदीप शुक्रवार को वह अस्पताल गए हुए थे। दोपहर बाद करीब 2:30 बजे वापस सौरिख आते समय जैसे ही उनकी बाइक बझेड़ी प्रतीक्षालय के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी भेजा गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### अज्ञात व्यक्ति ने काटी किसान की फसल

**छिबरामऊ।** क्षेत्र के ग्राम रामपुर बैजू में एक किसान की मेहनत पर पानी फेरने का मामला सामने आया है। उसकी मक्का की फसल काट ली गई जिससे खासा नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान मनीष कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह और उसके भाई खेती-किसानी करते हैं। वर्तमान में खेत में मक्का की फसल लहलहा रही थी। शनिवार की सुबह वह अपने खेत पर फसल की स्थिति देखने पहुँचा, तो वहां का नजारा देख दंग रह गया। किसी शरारती तत्व ने मक्का के पौधों को काटकर वहीं जमीन पर छोड़ दिया था। इससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए मांग की है कि भविष्य में यदि आरोपी की पहचान होती है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर चौबे में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। निवासी राजेश कुमार पुत्र तेजराम ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे वह कुंवरपुर जनू से एक निमंत्रण समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह कुंवरपुर जनू के पास पुलिया पर पहुँचा, वहां पहले से मौजूद कुछ दबंगों ने उसे रोक लिया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौज शुरू कर दी और लात-घूंसों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब ग्रामीण मौके पर एकत्र होने लगे, हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।



## न्यूज ब्रीफ

### व्यापारिक प्रति स्पर्धा में मारपीट, चार पर मुकदमा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** व्यापारिक प्रति स्पर्धा को लेकर व्यापारियों के दो पक्ष भिड़ गए और उन में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। कस्बा के मोहल्ला किदवई नगर निवासी शिवम गुप्ता एक कंपनी का माल बेचते हैं। इसी कंपनी का सागर गुप्ता तिर्वा रोड निवासी माल लाकर बेच रहे थे। शिवम का आरोप है कि नकली माल बेचने से उसका व्यापार प्रभावित हो रहा था।इसको लेकर दोनों पक्षों में कई दिनों से तनातनी चल रही थी। गुरुवार को ग्राम जयसिंहपुरवा के निकट शिवम गुप्ता और सागर के बीच विवाद बढ़ गया जिस पर सागर गुप्ता, रितिक गुप्ता, ध्रुव गुप्ता और राहुल गुप्ता निवासी तिर्वा रोड ने शिवम गुप्ता और उसके साथी राज सिंह निवासी जयसिंहपुरवा को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। मामले में शिवम ने उक्त चारों लोगों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है।

### छात्र-छात्राओं को अग्निशमन के बारे में किया जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में सहायक उप निरीक्षक ओमवीर सिंह अग्निशमन अधिकारी रंधीरपुर फायर स्टेशन के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने छात्र-छात्राओं को अग्निशमन के बारे में जागरूक किया। टीम ने आग के विभिन्न प्रकार, आग लगने के कारण, आग बुझाने के तरीके तथा सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही व्यावहारिक प्रदर्शन कर बच्चों को आग बुझाने का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। विद्यालय की मिड-डे मील रसोइयों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र के निर्देशन में एनसीसी मेजर संदीप कुमार, माधव, अजय कुमार चौरसिया, स्काउट मास्टर सत्य पाल सिंह, राम अवतार पासवान, हेम लता, कौशल नारायण सिंह, त्रिशला तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### समाज सुधारक ज्योतिबा राव फूले की जयंती मनाई

**छिबरामऊ, कन्नौज।** महात्मा ज्योतिबाराव फूले की जयंती के अवसर पर सौरिख रोड स्थित आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने शिक्षा के जनक ज्योतिबा राव फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने फूले के जीवन संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार गौतम, डॉ. अशोक तावरे, डॉ. एस चन्द्रा और अध्यक्ष संजीव उर्फ टिंकल मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला महासचिव तीर्थराज बौद्ध, कोषाध्यक्ष कमल कांत, उपाध्यक्ष वीरू खरे, उपसचिव सतेन्द्र बौद्ध, गुलाम वारिस, सूरज, ब्रजेश मौर्या और मीडिया प्रभारी अनुज गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गजब : किससे मांगें सुरक्षा कोतवाली में ही हो गई चोरी

## नाबालिग चोरों ने खड़े ऑटो, बाइक से तार और बैटरी उड़ाई

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज



गुरसहायगंज कोतवाली का गेट। अमृत विचार

- दोबारा पहुंचा बालक तो पुलिस ने पकड़ा, 8 किलो तार बरामद
- कोतवाली के अंदर हुई घटना को लेकर पुलिस कुछ बताने से बचती रही

**अमृत विचार।** जनता किससे सुरक्षा की आस रखे जब पुलिस खुद अपनी कोतवाली की ही रक्षा नहीं कर पा रही है। मजे की बात तो यह कि कोतवाली जहां 24 घंटे खाकी वर्दीधारी घूमते हैं वहीं नाबालिग चोर घुसकर वहां खड़े वाहनों से चोरी करते रहे और किसी को कानोकान भनक नहीं लगी। चौकसी शुरू हुई तो एक को पुलिस ने दबोच लिया और चोरी का कुछ माल (8 किलो तांबे का तार) बरामद कर लिया।

कहते हैं कि पुलिस जनता की सुरक्षा और चोर बदमाशों से उनकी रक्षा करती है लेकिन ताजा मामले में कोतवाली पुलिस खुद चोरों का शिकार हो गई। कोतवाली में मुकदमे से संबंधित खड़े ऑटो और बाइक से बालकों ने चोरी कर पुलिस को चुनौती दी है। दरअसल कोतवाली कार्यालय के निकट खुले में खड़े ऑटो से पिछले कई दिनों से कुछ बच्चे तांबे का तार और बैटरी चोरी कर रहे थे। मालखाना इंचार्ज ने जब इसे देखा तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसको लेकर उन्होंने मुकदमा से संबंधित वाहनों की सुरक्षा में चौकसी बरतनी शुरू कर दी। इसी दौरान शनिवार को जब एक नाबालिग वहां चोरी के इरादे से आया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों के नाम भी बताए हैं। इसके बाद उसने बेचे गए तांबे के तार को एक दुकान से बरामद किया जिसका वजन 8 किलो था। कोतवाली के अंदर हुई इस घटना को लेकर पुलिस कुछ भी बताने से बच रही है और वह मामले को दबाने का भी प्रयास कर रही है। लोगों में इस बात को लेकर चर्चा है कि जब कोतवाली के अंदर रखा सामान ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा कैसे हो सकती है।

## लोकतंत्र सेनानी को दी गई अंतिम विदाई

**गुरसहायगंज।** क्षेत्र के ग्राम दिलावरपुर निवासी लोकतंत्र सेनानी शांति स्वरूप तिवारी का शुक्रवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी इसके बाद शनिवार को पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरगावां के मजरा दिलावरपुर निवासी लोकतंत्र सेनानी शांति स्वरूप तिवारी (70) का शुक्रवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। भतीजे राजीव तिवारी ने बताया कि शांति स्वरूप तिवारी अविवाहित थे। देश की आजादी के लिए उन्होंने अंग्रेजों से कई बार लोहा लिया। वह सामाजिक और जनता से जुड़े कार्यों के प्रति काफी लगाव रखते थे। पिछले कई दिनों से वह बीमार थे और शुक्रवार की शाम उनका निधन हो गया। नायब तहसीलदार राम प्रकाश, कोतवाली के निरीक्षक ध्यानेंद्र सिंह उनके आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। शनिवार को जिला मुख्यालय से आए आर्म्स पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी।

# दवाओं के सुरक्षित उपयोग की दी जानकारी

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर ने चार रेजीडेंट्स के साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया हिस्सा

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अम्बरीश गुप्ता ने अपने चार एम डी रेजिडेंट चिकित्सकों के साथ चंडीगढ़ स्थितपी जी आई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन सोसाइटी ऑफ फार्माकोविजिलेंस इंडिया में सक्रिय सहभागिता की।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रोफेसर डॉ. गुप्ता ने दो महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सत्रों में विचार प्रस्तुत किए। पहला सत्र "बाल चिकित्सा फार्माकोविजिलेंस एवं सिग्नल डिटेक्शन का महत्व" विषय पर था, इसमें उन्होंने बच्चों में दवा सुरक्षा की निगरानी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। दूसरा सत्र "पीआई सी यू में प्रयुक्त एंटीबायोटिक दवाओं की सुरक्षा प्रोफाइल" विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें गंभीर रूप से बीमार बच्चों में दवाओं के सुरक्षित उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। रेजिडेंट डॉ. आकाशदीप विश्वकर्मा ने "इनहेलर तकनीक का महत्व एवं गलत इनहेलर उपयोग का अस्थमा और सी ओ पी डी रोगियों पर प्रभाव" विषय पर शोध प्रस्तुत किया। इसमें गलत तकनीक के उपयोग की वजह से अस्थमा की गंभीरता पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी।

रेजिडेंट डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने "मेडिकल कॉलेज में एंटीबायोटिक के प्रिस्क्राइबिंग पैटर्न एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइंस के अनुपालन" विषय पर शोध प्रस्तुत किया, जिसमें एंटीबायोटिक के अत्यधिक उपयोग, उसके दुष्प्रभाव तथा एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला। एक गौशाला में और आसपास छह गौवंशों के पड़े होने को लेकर सवाल उठाने पर युवकों से गालीगलौज व मारपीट की बात सामने आई है। मामले में आरोप ग्राम प्रधान के पिता पर लगा है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी की ओर से केयरटेकर को हटा दिया गया है।

बताया गया कि गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के चांदापुर गांव स्थित गौशाला और आसपास गौवंश मृत अवस्था में देखे गए। ग्रामीणों की सूचना पर देवसेना संगठन से जुड़े गोपाल दुबे, विकास तिवारी, अरविंद गुप्ता और राजकुमार गौशाला पहुंच गए। यहां गौवंशों के शव देख ग्राम प्रधान अमिता यादव को सूचना दी। आरोप है कि कुछ ही देर में प्रधान के पिता व पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र यादव पहुंच गए। उन्होंने गौशाला का वीडियो बना रहे युवकों से गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। बात बढ़ी तो इसकी सूचना युवकों ने खण्ड विकास अधिकारी रतीराम व पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में खण्ड विकास अधिकारी और कुसुमखोर चौकी प्रभारी विनय कुमार वहां पहुंच गए। गौशाला का निरीक्षण करने के बाद जेसीबी बुलवाकर गौवंशों के शवों का निस्तारण करा दिया। संगठन की लोगों की मानें तो 6 से अधिक मृत गौवंश पड़े थे। उधर इस मामले में बीडीओ ने दो शव पड़े होने व उनका निस्तारण करवाने की बात कही।


मालती देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज में छात्राओं को जानकारी देती पुलिस।अमृत विचार

## छात्राओं को नारी व साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**तिर्वा।** मालती देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करने के लिए शनिवार को मिशन शक्ति केंद्र के तहत शनिवार को उप निरीक्षक सुप्रिया गुप्ता,महिला आरक्षी मनोरमा रमा,आरक्षी राकेश कुमार की टीम ने कार्यशाला आयोजित की। टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से महिला हेल्प ,नारी सुरक्षा मिशन शक्ति के तहत प्रसारण कर जागरूक किया। साइबर सुरक्षा की पहचान तथा अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी है। छात्राओं ने भी कार्यक्रम में रुचि दिखाई।

# मंत्री ने उर्वरक स्टॉक, वितरण देखा

संवाददाता, छिबरामऊ


निरीक्षण के दौरान तौल जांचते राज्य मंत्री व समिति के लोग। अमृत विचार

- छिबरामऊ साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री प्रभारी एवं कृषि समृद्धि आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह ने शनिवार को छिबरामऊ पूर्वी बाईपास स्थित साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उर्वरक स्टॉक और वितरण व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। मंत्री ने उर्वरक वितरण रजिस्टर की जांच की ।

पीसीएफ द्वारा संचालित गेहूं खरीद केंद्र पर निरीक्षण के दौरान एक किसान से 30 क्विंटल गेहूं की खरीद समर्थन मूल्य पर खरीद की पुष्टि की गई।

मंत्री ने जिला सहकारी बैंक के माध्यम से किसानों को मात्र 3 प्रतिशत ब्याज पर केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उप कृषि निदेशक संतोष कुमार, डीसीबी फतेहगढ़ के महाप्रबंधक सुनील त्रिपाठी, अपर जिला सहकारी अधिकारी मनीष कुमार, शाखा प्रबंधक गजेंद्र सिंह, अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित सचिव राजेश दुबे आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डिग्री कॉलेजों से करीब 15 किलोमीटर दूरी के इंटर कॉलेजों में संपर्क करने का फरमान
- प्राचार्य, शिक्षक व कार्मिक के दक्षता मूल्यांकन का संज्ञान लेते हुए शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों की तरह अब उच्च शिक्षा के लिए भी छात्र संख्या बढ़ाने को अभियान चलेगा। इस महीने के अंत तक यूपी बोर्ड व सीबीएसई परीक्षा इंटरमीडिएट का परिणाम निकलने की संभावना है। राजकीय व एडेड महाविद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने के लिए 15 किलोमीटर दायरे के माध्यमिक विद्यालयों में संपर्क किया जाएगा। साथ ही प्रवेश उत्सव कार्यक्रम होगा। इसका पत्र भी जारी हो गया है।

उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. बीएल शर्मा ने सभी राजकीय व सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि डिग्री कॉलेजों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर काम होगा। संबंधित महाविद्यालय अपने-अपने क्षेत्र से 15 किलोमीटर के अंदर स्थित इंटर कॉलेजों में संपर्क करेंगे। साथ ही प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएंगे। छात्र संख्या बढ़ाने के लिए की जा रही पहल के साक्ष्य संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। उच्च शिक्षा निदेशक ने कहा है कि महाविद्यालयों की छात्र संख्या में बढ़ोत्तरी करना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं होता है तो संबंधित प्राचार्य, शिक्षक व कार्मिक के दक्षता मूल्यांकन में इस तथ्य का संज्ञान लेते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। इस आदेश का पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

## समाधान दिवस पर आई समस्याओं का किया निस्तारण

**गुरसहायगंज/छिबरामऊ।** गुरसहायगंज कोतवाली में हुए संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों का जमाबड़ा लगा रहा। राजस्व और पुलिस से संबंधित एक दर्जन प्रार्थना पत्र आए जिनमें से पांच का निस्तारण कर दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली और कोतवाल अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व के 6 और पुलिस के 6 प्रार्थना पत्र आए। मारपीट से संबंधित आए चार प्रार्थना पत्रों का पुलिस ने निस्तारण कर दिया। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक ध्यानेंद्र सिंह, लेखपाल श्याम मोहन दुबे, कस्बा चौकी प्रभारी दीपक चौधरी रहे।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार, कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में तहसीलदार अवनीश कुमार व कोतवाल कपिल दुबे के पास कुल 6 शिकायतें पहुंची। टीम गठन कर मौके पर भेज कर 2 पुलिस तथा 1 राजस्व की शिकायत का निस्तारण करा दिया गया।


सपा कार्यालय में ज्योतिबाफुले की जयंती मनाते सपाई। अमृत विचार

# सपाई बृहद स्तर पर मनायेंगे डॉ. आंबेडकर की जयंती

**कन्नौज।** सपा कार्यालय में ज्योतिबाफूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हुई गोष्ठी में 14 अप्रैल को होने वाली डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती वह्द स्तर पर मानो की संकल्प लिया।

समाजबादी पार्टी कार्यालय में समाज सुधारक ज्योतिबाफूले की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर सबसे पहले मार्ल्यापण किया। इश के बाद हुई गोष्टी में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को संविधान के रचयिता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती सपा की ओर से बृह्द स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। इस की रुप रेखा तैयार की गई। कहा गया कि बूथ व सेक्टर स्तर पर बाबा शाहब की जयंती मनाई जायेगी। इस में जलालाबाद ब्लाक क्षेत्रमें शशिमा दोहरे, कन्नौज में पूर्व बिधायक कलियान सिंह दोहरे, गुगरापुर यश दोहरे, उर्मदा व ठठिया सेक्टर में राकेश कठेरिया व डाक्टर सुनीता दिवाकर को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां, पीपी सिंह बघेल, यश दोहरे, कलियान सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष इरफान कादरी, विनोद यादव, कमलेश कटियार, जय कुमार तिवारी, हसीब हसन, मसूद भुट्टो, अंशू पाल, राजेश पाल रहे।

## एक कोच की नियुक्ति के लिए 267 संस्थाओं ने डाली बिड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के गांव मिघौली में बने ग्रामीण खेल स्टेडियम में महज एक कोच की नियुक्ति होनी है इसके लिए 267 संस्थाएं आगे आ गईं हैं। सेवा प्रदाता कंपनियों की ओर से बिड डालने के बाद रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। चयन के बाद कोच को 25 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलेगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी कार्यालय ने इसकी पहल शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत मिघौली के खेल मैदान का 12 जनवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ से लोकार्पण किया था। कन्सट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएनडीएस) जल निगम ने इसका निर्माण कार्य कराया है। खेलो इंडिया योजना के तहत मिघौली में 07 एकड़ जमीन पर 05 करोड़ 39 लाख रुपये से खेल स्टेडियम का निर्माण हुआ है। अगस्त 2022 में इसे जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल को हस्तांतरित किया गया। इसमें मल्टीपरपज हाल एवं बाउंड्रीवॉल, टीनशेड आदि है। बताया जा रहा है कि विभाग पहले सेवा प्रदाता कंपनी का चयन करेगा। उसके बाद चयनित कंपनी सेवायोजन संगम पोर्टल पर इसकी विज्ञप्ति निकालेगा। तभी से ऑनलाइन आवेदन होंगे। उसके बाद चयन प्रक्रिया चलेगी।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंशिता श्रीवास्तव ने बताया कि दो साल के लिए 25 हजार रुपये मासिक मानदेय के तहत खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता पात्रता परीक्षा होगी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को 30 अंक, एनआईएस/एलएनआईपीई डिप्लोमा/बीपीएड को 20 अंक, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी को 15, राज्य स्तर के जूनियर वर्ग खिलाड़ी को 10 व बीपीएड धारक को 5 अंक अधिमानी योग्यता में शामिल हैं।

## क्रय केंद्रों पर बारदाना ही नहीं पहुंचा

**कन्नौज।** जिले में गेहूं की खरीद सरकारी दर पर कराने के लिये 41 केंद्र खोल दिए हैं और खरीद भी होने लगी है। समस्या यह है कि बारदाना नहीं आने से गेहूं किसमें भरकर रखा जाए।

किसानों से क्रय किये जाने वाले गेहूं को सरकारी पैकेट में 50-50 किलो तौल कर भरा जाना है। कुछ केंद्रों पर किसान गेहूं लेकर पहुंचने लगे हैं। खाली पैकेट न होने से केंद्र प्रभारी परेशान हैं कि खरीद के बाद वे गेहूं किसमें तौल कर रखेंगे। विभाग की ओर से अभी तक खाली पैकेट (बारदाना) भेजे ही नहीं गये हैं जबकि 30 मार्च से खरीद शुरू कर दी गई। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने सभी क्रय केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि वह उन किसानों से लगातार संपर्क बनाये रखें जिन्होंने बीते वर्ष सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज बिक्री की थी। बताया जाता है कि विभाग की ओर से अभी तक खाली पैकेट की व्यवस्था ही नहीं की गई है।

खास बात तो यह है कि मौसम में नमी के चलते फिलहाल गेहूं की कटाई व मड़ाई रुकी है। यदि समय से खाली पैकेट न मिले तो समस्या उत्पन्न हो सकती है। उधर इस भीषण समस्या के निदान को लेकर विभागीय अधिकारियों ने क्रय केंद्र प्रभारियों को सरकारी राशन कोटेदारों से संपर्क करने को कहा गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर – इटावा ।**

पत्रांक : 26 /ई–नि0सू0 / न0पा0प0 ज0नगर / 2026–27 दिनांक :– 10/04/2026

**ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि बोर्ड फण्ड /धरोहर धनराशि खाते में प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके डाक्यूमेंट / विवरण वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 11.04.2026 से दिनांक 01. 05.2026 सांय 05: 00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि डाउनलोड किये जा सकते है एवं दिनांक 02.05. 2026 को अपरान्ह 01: 00 बजे तकनीकी निविदा खोली जायेगी। उक्त दिवस को अवकाश घोषित होने या अन्य कारण होने पर अगले कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेंगी। कार्य की संख्या, विवरण एवं निविदा सम्बन्धी शर्तो को शासन की उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| लिपिक | लेखा लिपिक | अवर अभियन्ता | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| जसवन्तनगर (इटावा) | जसवन्तनगर (इटावा) | जसवन्तनगर (इटावा) | जसवन्तनगर (इटावा) | जसवन्तनगर (इटावा) |

**श्री नेत्रपाल गुरुकुल वेदपाठशाला**

गंगोत्री विहार, बिठूर कानपुर नगर उ0प्र0– 209217

**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.)**

(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था द्वारा तात्कालिक रूप से अनुदानित)

**आवश्यकता**

**अध्यापक –** सामाजिक विज्ञान (संयुक्त–01),+संस्कृत विषय हेतु शैक्षणिक योग्यता – आयु– न्यूनतम 25 वर्ष, अनुभव 01 वर्ष का अनुभव, B.A. (संस्कृत) अथवा पारम्परिक शास्त्र में शास्त्री (B.A.) उत्तीर्ण किया हो। संस्कृत शास्त्रों के अध्ययन के साथ स्नातक स्तर में इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र में से किसी एक विषय का अध्ययन एवं उत्तीर्णता आवश्यक है। संस्कृत सामाजिक विज्ञान अध्यापक को योग एवं कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान/अभ्यास कराने का सामर्थ आवश्यक है।, M.A. (संस्कृत) अथवा किसी शास्त्र में आचार्य (M.A.) उत्तीर्ण एवं B.Ed. / शिक्षा शास्त्री धारी अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।,

**शैक्षणिक योग्यता –**(यह केवल मानदेय आधारित सेवा है, स्थायी / पद आधारित सेवा नही है।), अध्यापक की तात्कालिक सेवाएं महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.) के मानदेय अनुसार होगी।, उपर्युक्त के सन्दर्भ में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक अभिलेखों एवं आधार कार्ड की स्व0 प्रमाणित छाया प्रति के साथ प्रार्थना पत्र प्रबंधक सचिव पाठशाला का नाम एवं पता प्रबन्धक / सचिव श्री नेत्रपाल वेद संस्थान, गंगोत्री बिहार बिठूर, कानपुर नगर उ0प्र0–209217, 27 अप्रैल 2026 अन्तिम तिथि के नाम से डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर अंतिम दिनांक तक पाठशाला कार्यालय में जमा करें।

अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पर्क सूत्र – मो.9453023987
पाठशाला सं0सूत्र– – 9696444888
शुभम शुक्ला
प्रबन्धक / सचिव

**कार्यक्रम** | **समाज कल्याण मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

# शिक्षा, स्वच्छता, स्वस्थ समाज की आधारशिला

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देती छात्राएं। अमृत विचार

- राजकीय मॉडल इंटर कालेज में ज्योतिबा फुले व कस्तूरबा गांधी की जयंती समारोह

**अमृत विचार।** शिक्षा वह जननी है, जिससे हर सफलता प्राप्त की जा सकती है। शिक्षा जीवन को दिशा देती है। जबकि स्वच्छता स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। यह बात समाज सुधारक व मातृशक्ति की प्रतीक कस्तूरबा गांधी की जयंती पर पहुंचे स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण ने अपने संबोधन में कही।

शनिवार को ब्लाक जलालाबाद के ग्राम जसोदा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाज कल्याण मंत्री व भाजपा जिला संयोजक महिला मोर्चा डा. प्राची गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ज्योतिबा फुले व कस्तूरबा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। मंत्री ने एसआईआर प्रक्रिया को बेहद जरूरी बताया, कहा कि यह प्रक्रिया 22-23 साल बाद हो रही है। जो हम 55 प्रतिशत का वोटर टर्न आउट देते थे। वह इसी वजह से था कि बहुत सारे वोटर या तो कहीं चले गए या मृत या अनुपस्थित हो गए। अब वह सारे वोटर हट गए। जो सही वोटर होंगे और आने वाले समय में जो चुनाव होंगे उसमें घपलेबाजी न के बराबर होगी। वहीं कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक, भाषा, आदि की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## युवा भाजपा नेता की कार खाई में उतरी

**जलालाबाद।** पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कालेज में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे भाजपा नेता प्रशांत त्रिपाठी की कार दूसरी गाड़ी को साइड देने के चक्कर मे खाई में उतर गई। पीछे चल रहे भाजपा नेता सतेंद्र पटेल, उदय कटियार, ज्ञान प्रकाश ने ट्रैक्टर मंगवा कर कार को खाई से निकलवाया। मंत्री का काफिला जिस रोड से गुजरा उस रोड की दयनीय हालत है ।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# मौसम की मार से आम की फसल प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद समेत आसपास के क्षेत्रों में इस बार अप्रैल माह में भीषण गर्मी के बजाय ठंडी रातों, बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने आम उत्पादकों को भारी नुकसान पहुंचाया है। मौसम के लगातार बिगड़े मिजाज के चलते करीब 60 प्रतिशत आम की फसल खराब हो चुकी है, जिससे इस बार 'आम' आदमी को शायद नसीब नहीं होगा आम वहीं बागवानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। बची हुई फसल पर भी खतरा बना हुआ है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

दरअसल, मार्च माह की शुरुआत में तापमान में बढ़ोतरी के चलते आम के पेड़ों पर इस बार अच्छी मात्रा में बौर आया था। इसे देखकर किसानों और बागवानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगी थी। कई किसानों ने पहले ही फसल को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी थीं और अच्छी आमदनी की आस लगाए बैठे थे। लेकिन मार्च के अंतिम सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट बदल ली।


आंधी-बारिश के कारण प्रभावित हुई आम की बौर। अमृत विचार

**60** प्रतिशत फसल हुई बर्बाद, बागवान परेशान

रात में ठंडक और दिन में हल्की गर्मी के उतार-चढ़ाव ने आम के बौर को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद लगातार हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने पेड़ों पर लगे बौर और छोटे फलों को झडने पर मजबूर कर दिया। कई जगहों पर तेज हवा के कारण पेड़ों की टहनियां तक टूट गईं, जिससे नुकसान और बढ़ गया।

स्थानीय बागवानों का कहना है कि इस बार आम की फसल पर मौसम की मार इतनी अधिक पड़ी है कि लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। कीटनाशक और देखभाल पर किए गए खर्च के बावजूद फसल का बड़ा हिस्सा खराब हो गया।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में हो रहे लगातार बदलाव का सीधा असर बागवानी पर पड़ रहा है। यदि आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही रहा तो बची हुई फसल पर भी संकट गहरा सकता है। प्रशासन की ओर से अभी तक किसी प्रकार की राहत की घोषणा नहीं की गई है, जिससे किसानों में नाराजगी भी देखी जा रही है। कुल मिलाकर, इस बार आम की फसल पर पड़ी मौसम की मार ने बागवानों के सपनों को तोड़ दिया है और उनकी आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है।

# वार्षिकोत्सव में मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर स्थित प्रियांका कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत एवं भाषण ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक डॉ. अश्वनी मिश्रा एवं श्रीमती रागिनी बाजपेई द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।



मेधावी छात्र को सम्मानित करते विद्यालय के प्रधानाचार्य। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख राजेपुर पल्लव सोमवंशी तथा विशिष्ट अतिथि अनुराग सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया और अपने प्रेरणादायक संबोधन से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश कुमार पचौरी एवं डायरेक्टर अमित कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी शिक्षिका शिवानी एवं शैलजा द्वारा सुनियोजित तरीके से कराई गई।इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य नितिन कुमार, अजय नाथ, संजय शर्मा, सचिन बाजपेई, वि_लनाथ, सनी सिंह, राजेश यादव तथा शिक्षिकाओं में रचना, शिवा, अशी, मुस्कान, हिमांशी एवं आराध्या सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा, से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला के खेत पर जेठ का कब्जा, विरोध पर पीटा

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में एक महिला की जमीन पर जबरन कब्जे और मारपीट का मामला सामने आया है। गांव गाजीपुर निवासी मधु ने आरोप लगाया है कि उसके जेठ ने उसकी एक बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जब मधु ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। पीडिता ने इस संबंध में राजेपुर थाने में तहरीर दी है और न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### शॉर्ट-सर्किट से घर में आग नकदी व सामान राख

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज के गढिया बबना गांव में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बीरसिंह के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग घर की छत पर बने एक कमरे में लगी, जिससे कमरे में रखा लगभग 10 हजार रुपये नकद, कुर्सी, मेज और कपड़े सहित घरेलू सामान जल गया। आग की लपटें देखकर स्थानीय लोगों ने उसे बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, बिजली आपूर्ति जारी होने के कारण उन्हें परेशानी हुई। लोगों ने तुरंत बिजली घर फोन कर आपूर्ति बंद करने का आग्रह किया। लगभग आधे घंटे बाद बिजली आपूर्ति बंद होने पर पानी और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र राजपूत को दी गई। उन्होंने बताया कि घर में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ है और कोई केबल नहीं जली है।

### छत से गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ में आठ वर्षीय बालक शनिवार को छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहल्ला नेकपुर कला में निवासी शंकर का आठ वर्षीय पुत्र देव शनिवार को खेलते-खेलते छत पर पहुंच गया था। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने आनन-फानन में घायल देव को एक निजी वाहन से लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर उदयराज ने बताया कि देव को घायल अवस्था में लाया गया है। उसके मुंह के अंदरूनी हिस्से में गंभीर चोट है। बालक का इलाज शुरू कर दिया गया है।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग में दो ट्रक किए गए सीज

## एएसपी ने फतेहगढ़ क्षेत्र में चलाया सघन चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले दो ओवरलोड ट्रकों को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध परिवहन में लगे वाहन चालकों और संचालकों में हड़कंप मच गया।

फतेहगढ़ क्षेत्र में चलाए गए इस सघन चेकिंग अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने किया। उनके साथ क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा, एआरटीओ फतेहगढ़ तथा यातायात पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद रही। टीम ने रणनीतिक रूप से विभिन्न मार्गों, प्रमुख चौराहों और संदिग्ध परिवहन रूटों पर वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान विशेष रूप से उन वाहनों को रोका गया जिन पर अवैध खनन सामग्री और क्षमता से अधिक भार ढोने की आशंका थी। जांच के दौरान दो ट्रक ऐसे पाए गए जो निर्धारित मानकों से कई गुना अधिक भार लेकर संचालित हो रहे थे। मौके पर ही वाहनों के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई तथा भार मापने की प्रक्रिया के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दोनों वाहन ओवरलोडिंग की श्रेणी में आते हैं और नियमों का गंभीर उल्लंघन कर रहे थे। इसके बाद दोनों ट्रकों को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया।


ओवरलोड ट्रक के विरुद्ध कार्रवाई करते अधिकारी। अमृत विचार

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए नियमित रूप से इस प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं।



कमालगंज थाने में शिकायत सुनते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी। अमृत विचार


अमृतपुर थाने में समस्याएं सुनते एसडीएम संजय सिंह साथ में थानाध्यक्ष रक्षा सिंह।

# शिकायत निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान और पुलिस-प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को थाना कमालगंज परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

थाना दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगर क्षेत्र से आए लोगों ने भूमि विवाद, रास्ते के अतिक्रमण, पारिवारिक विवाद, राजस्व संबंधी समस्याएं तथा अन्य शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाना दिवस पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी मामलों और संवेदनशील प्रकरणों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

### अमृतपुर में दो समस्याओं का निस्तारण

**अमृतपुर।** थाना परिसर अमृतपुर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिला अधिकारी संजय सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह एवं थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में कुल दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें भूमि संबंधी विवाद प्रमुख रूप से सामने आए। ग्राम कुम्हरौर निवासी रविंद्र पुत्र फूल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके पड़ोसी अवधेश व सर्वेश पुत्र जागरण सिंह द्वारा उनकी खेत की मेड को बार-बार तोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मेड बनवाने व विवाद का स्थायी समाधान कराने की मांग की। वहीं, नवादा निवासी रितु देवी पत्नी स्वर्गीय कमलेश ने यथोवर्धन पुत्र इंद्रभान के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति द्वारा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने प्रशासन से कब्जा हटवाकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। मौके पर उप जिला अधिकारी संजय सिंह व नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह, कानूनगो, लेखपाल समेत अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह ने बताया कि शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाएगा।


अमृतपुर क्षेत्र में भाजपा के बस्ती चलो अभियान में बोलते सांसद मुकेश राजपूत।

### सांसद ने ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

**अमृतपुर/ राजपुर।** अमृतपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ग्राम/बस्ती चलो अभियान के तहत शनिवार को अमैयापुर और पिथनापुर गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें सांसद मुकेश राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रमों के दौरान सांसद ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने योजनाओं से मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों से संवाद भी किया। पिथनापुर में कार्यक्रम पंडित रामनिहोरे मीरा देवी शिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ, जबकि अमैयापुर में ठाकुरद्वारा परिसर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर जिलामंत्री अनुराग सिंह, प्रतिभा राजपूत, सुमन राजपूत, विवेक सिंह राठौर, विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू, विश्वनाथ वर्मा, संदीप तिवारी, आलोक बाजपेई, रक्षपाल सिंह सहित कई कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। मंडल अमृतपुर मीडिया प्रभारी अनुभव चित्रांश ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपने सुझाव भी साझा किए। उल्लेखनीय है कि 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मंडल अमृतपुर में यह अभियान चलाया जा रहा है।

# नोएडा से तीन एमबीए छात्र हुए लापता, परिजनों में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र के दो युवक समेत कुल तीन एमबीए छात्र शुक्रवार दोपहर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। तीनों छात्र नोएडा स्थित आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे और थाना बिसरख क्षेत्र के आम्रपाली ड्रीम वैली-2 सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रह रहे थे। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया है और सभी परिजन तत्काल नोएडा के लिए रवाना हो गए हैं।

लापता छात्रों में उत्कर्ष सिंह (23) पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम झंडी की मड़ैया, थाना अमृतपुर, जनपद फर्रुखाबाद, अंकुर (25) पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम तुसौर, थाना राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद तथा तीसरा युवक अंकुर निवासी जनपद अयोध्या शामिल हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर तीनों युवक अपने फ्लैट से एक निजी कार लेकर निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों के अनुसार, दोपहर के बाद से तीनों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं और लगातार संपर्क करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजनों ने नोएडा में रहने वाले परिचितों से संपर्क किया और बाद में स्वयं मौके के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आखिरी बार तीनों युवकों को सोसाइटी से कार में निकलते हुए देखा गया है, जिसके आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रही है।


लापता एमबीए के छात्र। अमृत विचार

# किसानों के हक को जारी रहेगा संकर्ष

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** खिनमिनी ग्राम में शनिवार को अखिल भारतीय किसान सभा का 90वां स्थापना दिवस जोरदार और भावनाओं से ओतप्रोत तरीके से मनाया गया। सुबह कार्यक्रम की शुरुआत भव्य झंडारोहण से हुई, जिसे कॉमरेड सतीश चंद्र सतीश ने गर्व के साथ किया। अध्यक्षता कॉम रामप्रकाश सैनी ने की, जिन्होंने उपस्थित किसानों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह में कॉम बलबीर ने किसानों को संगठन के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि कैसे किसान सभा ने वर्षों से किसानों के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया और कई ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उनका यह संदेश था कि किसानों की लड़ाई आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कभी थी। कॉम सतीश चंद्र सतीश ने मंच से जोरदार भाषण देते हुए कहा, "सरकार चाहे कोई भी आए, किसानों के हित में कोई भी कदम सच्चाई से नहीं उठाता। इसलिए किसानों को अपने हक और अधिकार के लिए सतत संघर्ष करना ही होगा। हमारी लड़ाई केवल आज की नहीं, बल्कि भविष्य की पीढियों के लिए भी है। कार्यक्रम के अंत में कॉम रामप्रकाश सैनी ने उपस्थित किसानों और आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि किसान सभा का संघर्ष सिर्फ संगठन का नहीं, बल्कि पूरे देश के किसानों की आवाज है।


किसान सभा के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण करते किसान नेता।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

शपथ ग्रहण | अभय त्रिवेदी उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के निर्विरोध तहसील सदर अध्यक्ष बने

# 'लेखपाल के हितों के लिए संघर्षरत रहूंगा'

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के द्विवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। तहसील सदर में आयोजित इस चुनाव प्रक्रिया में संघ के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सर्वसम्मति व निर्विरोध तरीके से कई पदों पर प्रतिनिधियों को चुना गया।

चुनाव प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद पर अभय त्रिवेदी को निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में सोनी मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर उपेंद्र यादव को चुना गया। वहीं संगठन के सचिव पद पर ऋषभ सिंह का चयन हुआ, जो संघ के प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे। इसके अलावा उप सचिव पद पर शोभित कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर अमित प्रताप सिंह और लेखा परीक्षक के रूप में अजय त्रिपाठी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारियों की देखरेख में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई, जिससे संगठन के भीतर लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूती मिली।



शपथ ग्रहण करते तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष अभय त्रिवेदी व अन्य पदाधिकारी।

चुनाव अधिकारी प्रथम पवन यादव और द्वितीय चुनाव अधिकारी आकाश भदौरिया की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। वहीं पर्यवेक्षक के रूप में अनूप चतुर्वेदी की भूमिका भी अहम रही, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया पर नजर रखते हुए निष्पक्षता सुनिश्चित की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय त्रिवेदी ने कहा मैं अंतिम सांस तक लेखपालों के हितों के लिए संघर्षरत रहूंगा। मेरे साथी मेरा परिवार हैं, जो मुझे सदैव संबल एवं हौसला प्रदान करते हैं। मैं आभारी हूं हमारे साथियों ने हमें निर्विरोध चुना। अन्य पदाधिकारियों के साथ लेखपालों के हितों की रक्षा करते हुए प्रशासन और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का कार्य करुंगा। तहसील सदर के अधिवक्ता अतुल मिश्रा, ओमप्रकाश दुबे, विपिन यादव, पंकज राजपूत, आशीष राजपूत, ऋषि श्रीवास्व, रजत अग्रवाल, अनुराग तिवारी, दिलीप कश्यप ने शुभकामनाएं दीं।

### पति से झगड़ने के बाद महिला ने जहर खाया

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में पति से झगड़े के बाद एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कमालगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर रूस्तमपुर गांव निवासी राजमिस्त्री रतन सिंह शराब का सेवन करता है। शुक्रवार रात्रि को रतन शराब के नशे में घर पहुंचा। उसकी पत्नी प्रीति, जो छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी, शराब पीने का विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के बाद प्रीति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी गंभीर हालत देखकर उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहाँ से उसे लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

### मायके में रह रही महिला ने फांसी लगा दी जान

**कालपी-जालौन।** पति से विवाद के चलते मायके में रह रही विवाहिता ने शनिवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली निवासी श्री कृष्ण साहू की पुत्री प्रकाशिनी उम्र लगभग 28 वर्ष की शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व उरई के मुहल्ला इंद्रानगर निवासी विकास के साथ हुई थी लेकिन विगत कुछ वर्षों से उसका पति से विवाद चल रहा था, जिसका मामला भी अदालत में विचाराधीन है और इसी के चलते वह काफी समय से मायके में ही रह रही थी लेकिन शनिवार सुबह उसने मायके स्थित घर में फांसी लगा कर जान दे दी। मौके पर कोतवाली पुलिस के साथ पहुंचे क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

### स्कूली वाहन चालक व मालिक पर रिपोर्ट

**कालपी-जालौन।** स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहन के दुर्घटना मामले में कार्यवाही शुरू हो गई है। शुक्रवार को पुलिस ने ए आर टी ओ की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार दोपहर कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा मे संचालित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के ग्यारह बच्चे तथा एक शिक्षिका वाहन में बैठकर जा रहे थे तभी वाहन पलट गया था और कई बच्चे घायल हो गये थे। इसी के चलते शुक्रवार देरशाम ए आर टी ओ राजेश कुमार ने ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य के अलावा वाहन के मालिक तथा अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रेलवे ट्रैक पर गिट्टी रखकर शरारत

**अछल्दा।** न्यू अछल्दा रेलवे स्टेशन के डीएफसी लाइन के खंभा नंबर 587 पर शुक्रवार दोपहर किसी अज्ञात ने रेलवे पटरी पर गिट्टी रख दीं। मालगाड़ी के लोको पायलट ने ट्रैक पर पत्थर होने की सूचना कंट्रोल को दी। कंट्रोल ने घटना की जानकारी न्यू अछल्दा रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने तत्काल वहां तैनात आरपीएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ के कांस्टेबल यतेन्द्र सिंह यादव मौके पर पहुंचे और सेठ पुत्तीलाल इंटर कॉलेज के पास से गुजर रही डीएफसीसी लाइन पर जांच-पड़ताल की।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नगला बूसा गांव निवासी एक युवक की विषाक्त पदार्थ खाने से इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नगला बूसा निवासी दिलशाद 22 वर्ष पुत्र बदरुद्दीन ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गम्भीर होने पर उसे पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

### 11 वाहनों के चालान एक डंपर सीज

**बेला।** एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया व थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने शुक्रवार रात को थाना पुलिस के साथ बेला चौराहा पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान ओवरलोड डंपर चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने 11 वाहनों का चालान करते हुए 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं एक ओवरलोड डंपर पर 51,220 का जुर्माना लगाते हुए सीज कर थाने में खड़ा करा दिया।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार किसान की गई जान

## चचेरे भाई की शादी के कार्ड बांट कर घर लौटने के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, अयाना

**अमृत विचार।** जुहीखा सेंगनपुर मार्ग पर शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार लोडर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इससे किसान की मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

जालौन के माधौगढ़ थाना क्षेत्र के रामहेतपुरा निवासी अशोक ने बताया कि 15 अप्रैल को उसकी शादी होनी है। इसके चलते वह चचेरे भाई रोहित 50 पुत्र काशीप्रसाद के साथ भीखेपुर स्थित रिश्तेदारी में कार्ड देने आया था। शाम को घर लौटने के दौरान कुआंगांव के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रोहित की मौके पर मौत हो गई। जबकि अशोक घायल




हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया है। अनहोनी पर रोहित के भाई राजाबाबू, चंद्रशेखर रोते हुए मौके पर गये। राजाबाबू ने बताया कि भाई रोहित अविवाहित था, वह खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से छुट्टा मवेशी की गई जान

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर घसारा रेलवे स्टेशन के मध्य शुक्रवार रात करीब 8 बजे वंदे भारत बनारस से आगरा जा रही ट्रेन की चपेट में आने से छुट्टा मवेशी की मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ हेड कांस्टेबल राकेश कुमार व कांस्टेबल जितेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेल कर्मचारियों की मदद से ट्रैक पर पड़े मृत पशु को हटवाया। इसके बाद चालक ने ट्रेन का पुन: निरीक्षण किया। कुछ मिनट तक ट्रेन रोके रखने के बाद सब कुछ ठीक पाए जाने पर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। घटना के चलते कुछ समय के लिए रेल संचालन प्रभावित रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई।

## आंबेडकर प्रतिमाओं की सुरक्षा को लेकर लगाए सीसीटीवी

**रुरुगंज।** रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। माहौल खराब करने के मकसद से अराजकतत्वों की सक्रियता को देखते हुए आंबेडकर प्रतिमाओं की विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों में आंबेडकर प्रतिमाओं के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों के सहयोग से रुरुगंज, रौरी, बलखंडापुर, देवराव, सरायमहजनान, तिलकपुर सरमेड़ी, भगवानपुर, रुरुकलां समेत कई गांवों में यह व्यवस्था शुरू की गई है। कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, जिससे भविष्य में प्रतिमाओं के साथ होने वाली किसी भी छेड़छाड़ की घटना होने की स्थिति में साक्ष्य जुटाने के लिए किया जा रहा है। इससे पहले और बाद की ताजा स्थिति का पता चल जाएगा।

# फुले जयंती पर दिया एकता का संदेश

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



अछल्दा में कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड के छछूंद गांव स्थित अंबेडकर पार्क में शनिवार को ज्योतिबा राव फुले के जन्मदिवस पर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एकता शक्ति संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अजय कुमार चौधरी ने फुले के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। अध्यक्ष डॉ. सुखबीर सिंह और उपाध्यक्ष विवेक राव बौद्ध ने युवाओं से फुले के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश बौद्ध, प्रचारक प्रदीप कुमार एडवोकेट व अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

इस दौरान पार्क में साफ-सफाई अभियान चलाया गया और ग्रामीणों ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**जालौन।** महात्मा ज्योतिवा राव फूले की जयंती महात्मा ज्योतिबा राव फूले जूनियर हाई स्कूल हीरापुर में धूमधाम से मनाई गई। जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य जीवाराम कुशवाहा ने कहा कि देश में लड़कियों की शिक्षा की नींव के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फूले ही हैं। उन्होंने लड़कियों के लिए पहला स्कूल सन् 1848 में पुणे मे खोला। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर दिया। बताया कि यदि एक लड़की शिक्षित होती है तो वह दो कुलों को शिक्षित करती है। इसलिए लड़कियों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने में कोई कोर कसर नहीं रखी जानी चाहिए। इस दौरान महात्मा ज्योतिवा राव फूले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस मौके पर शिवम प्रजापति, सुनील श्रीवास्तव, प्रमोद शुक्ला, महेंद्र सिंह, राजीव कुशवाहा, माही गौतम, राधिका तिवारी, अंश पांचाल, सचिन कुमार, नैंसी पाल, दिव्यांशी पाल, कशिश कुशवाहा, परी कुशवाहा, पलक कुशवाहा आदि रहे।



अस्पताल का उद्घाटन करते जनपद न्यायाधीश एमएसीटी साथ में अनिल गौर।

## जिला जज एमएसीटी ने किया नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जीजीआईसी के सामने विश्व स्तरीय मशीनों व सुविधाओं से सुसज्जित अदिति आई हॉस्पिटल का मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश एमएसीटी राम चन्द्र यादव ने पूर्व डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर की पुत्री डा.दीपा गौर के अस्पताल का उद्घाटना फीता काटकर किया।

अदिति आई हॉस्पिटल की संचालक डा.दीपा गौर ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में दक्षिण भारत जैसी सुविधाओं सहित सम्पूर्ण नेत्र परीक्षण विश्व स्तरीय मशीनों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम शंकर शर्मा,बृजेंद्र गुप्ता, मुकुट सिंह यादव,डीडी मिश्रा, राहुल शाक्य,महामंत्री नितिन तिवारी,देवेन्द्र पाल सिंह,बृजेन्द्र चौहान,रूपेन्द्र सिंह,श्याम बाबू शर्मा,मनोज गौर आदि मौजूद रहे।

## हादसे में युवक गंभीर घायल

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के हरीगंज बाजार निवासी 23 वर्षीय विपिन कुमार शुक्रवार रात करीब 9 बजे बाइक से बाजार केले लेने जा रहे थे। अन्नपूर्णा गैस एजेंसी कार्यालय के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर वहां रखे फ्रीजर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी अछल्दा लेकर पहुंचे।

वहां डॉक्टर ललित मोहन ने प्राथमिक उपचार किया। सिर में गंभीर चोट और सीधे पैर की हड्डी फटने के कारण हालत नाजुक देखते हुए उन्हें पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेश चंद और डायल 112 पुलिस के सिपाही विकास सिकरवार सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने घायल के पिता से घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड भाग्यनगर के प्राथमिक विद्यालय पूर्वा गोसाई में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पाल ,एसएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार, एसआरजी सुनील दत्त राजपूत एवं अलका यादव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में गणमान्य नागरिक राजेंद्र सिंह यादव, राजेश यादव (पूर्व प्रधान), पूर्व एआरपी मनोज राठौर, नोडल संकुल शिक्षक नरेश कुमार, संकुल शिक्षक अंकुर तिवारी तथा सहायक अध्यापक रूप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।अध्यक्षजी ,मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों सहित

प्र.अ.अनिल कुमार यादव एवं सहायक अध्यापिका अदिति




छात्रा को सम्मानित करतीं अतिथि। अमृत विचार

● प्राथमिक विद्यालय पूर्वा गोसाई में धूमधाम से हुआ कार्यक्रम

शुक्ला के सहयोग से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिलेश चंद्र यादव ने कहा, प्राथमिक शिक्षा हमारा आधार है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और शिक्षकगण का मनोबल बढ़ता है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कटिबद्ध है। विद्यालय के कक्षा-1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं ने साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, गान, कविता पाठ एवं नाटक के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक अनिल कुमार यादव एवं अतिथिगण द्वारा शील्ड, मेडल तथा कलर बॉक्स भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा-1 के नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर माल्यार्पण एवं कलर बॉक्स प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने कार्यक्रम के दौरा कहा, शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे उत्सव शिक्षकों को प्रेरित करते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। एसआरजी टीम विद्यालयों के विकास के लिए सदैव तत्पर है।" वहीं, एसआरजी अलका यादव ने कहा, बच्चों की प्रतिभा को निखारना हमारा दायित्व है। इस विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय है, और आगे भी ऐसे आयोजन जारी रहें।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील दत्त राजपूत ने किया। समापन पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। अंत में सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया, जो कार्यक्रम की सफलता का प्रतीक बना ।इस अवसर पर शिक्षक ब्रजेश सिंह, रूप सिंह मौजूद रहे।

# अछल्दा में थाना दिवस में आईं सिर्फ तीन शिकायतें

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** शनिवार को अछल्दा थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस के दौरान कुल तीन शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में जमीन विवाद और आपसी झगड़े से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए। थाना दिवस में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना प्रभारी सुरेशचंद ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाधान कराया जाएगा, ताकि किसी भी पक्ष को परेशानी न हो। **बेला में थाना दिवस पर आयी दो शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण:** बेला। थाना दिवस के अवसर पर शनिवार को बेला थाना परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान कुल दो शिकायतें आयी। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि दूसरी शिकायत राजस्व विभाग से संबंधित पाई गई। उक्त प्रकरण को मिशन समाधान के अंतर्गत संबंधित विभाग को प्रेषित कर शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। इस मौके पर लेखपाल रोहित यादव, शिवम यादव, राजबहादुर शाक्य समेत अन्य मौजूद रहे।



अछल्दा में शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार



अधिकारियों को शिकायत बताता ग्रामीण। अमृत विचार

### समाधान दिवस से फरियादियों ने मोड़ा मुंह

**जालौन।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है। एसडीएम हेमंत पटेल और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम नाहिली निवासी कमलेश कुमारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने गांव में ही एक प्लॉट खरीदा था। प्लॉट खरीदने के बाद उन्होंने प्लॉट में जितनी जगह खरीदी थी अब प्लॉट विक्रेता उन्हें उतनी जमीन नहीं दे रहा है। इससे पूर्व भी वह समाधान दिवस में शिकायत दर्ज करा चुकी हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा अतिक्रमण और राजस्व से संबंधित भी शिकायतें दर्ज की गईं।

# 25 ऑटो और 4 डंपर सीज पुलिस कार्रवाई से हड़कंप

संवाददाता,बकेवर (औरैया)

● अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर चला बड़ा अभियान

**अमृत विचार।** जनपद में अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और बिना कागजात चल रहे वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। एसएसपी के निर्देशन में बकेवर-भरथना ओवरब्रिज के नीचे विशेष अभियान संचालित किया गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र और क्षेत्राधिकारी भरथना राम दबन मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक-एक वाहन को रोककर गहन जांच की। जांच में कई ऑटो मानकों के विपरीत संचालित होते पाए गए। कुछ के पास वैध कागजात नहीं थे, तो कुछ ओवरलोडिंग कर रहे थे। ऐसे 25 ऑटो को मौके पर ही सीज कर दिया गया। इटावा-औरैया बॉर्डर पर स्थित पंचशील ढाबा के पास भी सख्त कार्रवाई की। यहां मौरम (बालू) से लदे 4 डंपरों को पकड़ा गया। डंपरों को सीज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। अभियान के दौरान थानाप्रभारी विपिन कुमार मलिक, बिजौली चौकी इंचार्ज शोभित प्रजापति, बराउख चौकी प्रभारी दयाशंकर वर्मा सहित भारी पुलिस फोर्स रहा।

कार्यक्रम

एसएस कन्हैयालाल अग्रवाल मेमोरियल बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव

# मेधावी छात्रों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** एसएस कन्हैयालाल अग्रवाल मेमोरियल बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह विद्यालय ऑडीटोरियम में संपन्न हुआ। जिसमें मेधावियों को शील्ड और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक पूरनलाल अग्रवाल अध्यक्षता, निदेशक विपुल अग्रवाल और खुशबू अग्रवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं मार्शल आर्ट के विद्यार्थियों ने मार्शल आर्ट का प्रशर्दन कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न गीत एवं एकांकी का मंचन किया गया। निदेशक विपुल अग्रवाल व खुशबू अग्रवाल ने कहा कि सभी छात्रों ने जमकर मेहनत की है। जिसका परिणाम देखने को मिल रहा है। परीक्षा परिणाम में पीजी में स्पर्श व जैनब, कुनाल व सूर्यप्रताप, राशिका श्रीवास्तव, एलकेजी में तनुष द्विवेदी, अमरेंद्र, अनोखी अग्रवाल, यूकेजी में श्रव्य सिंह, रिदा फातिमा, पुष्टि दीक्षित, कक्षा एक ए में श्रेष्ठ सक्सेना, ओजस गुप्ता, जन्नत, एक बी में इशिका राठौर, आर्यन, हादिया जावेद, दो ए में आद्विक अग्रवाल, शुभ गुप्ता, दो बी में राजदीप, आयुष, ध्रुव, कक्षा चार में आरोही, सेजल, आदित्य गुप्ता, पांच में दक्ष द्विवेदी, अयांश गुप्ता, स्वप्निल, छह में वर्धा पांडेय, माही तिवारी, राघव सिंह ने क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावियों को विधि अग्रवाल, आशीष चतुर्वेदी, नंदकुमार राठौर, रश्मि गुप्ता, मीनाक्षी दीक्षित आदि ने शील्ड व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संचालन विनय गुप्ता ने किया।




मेधावियों को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

### किताबों को अपना दोस्त बनायें और अध्ययन करें

**जालौन।** कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुरा में पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को किताबें और पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। गांव के प्रधान कामता प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को संवारने का सबसे मजबूत माध्यम है। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। किताबों को अपना दोस्त बनाएं और नियमित उनका अध्ययन करें। एआरपी सतेंद्र मिश्रा ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता विकसित करना प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों से पढ़ाई के माहौल को बेहतर बनाने की अपील की। बलवान पाल एवं शिवकुमार ने बताया कि नियमित अध्ययन और अनुशासन से ही सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई पर स्वयं भी ध्यान दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत 114 बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रधानाध्यापिका रूकमनी शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पिंकी पाल ने किया। इस मौके पर हसीना खातून, वैशाली, रोहित, मुकेश आदि रहे।

# भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में संगठन की मजबूती पर जोर

संवाददाता, बेला

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम याकूबपुर स्थित रघुनाथ वाटिका में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के द्वितीय चरण का भव्य शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे द्वारा फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन कर किया गया, जिसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना एवं सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण सत्र की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, जिला उपाध्यक्ष ऋषि पाण्डेय एवं अमर चंद्र राठौर, तथा जिला महामंत्री शिववीर सिंह भारती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, अनुशासन और जनसेवा को भाजपा की पहचान बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता राजेंद्र बाबू मिश्रा ने की, जबकि कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी जिला मंत्री वासुदेव प्रजापति ने संभाली। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं आगामी रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला मंत्री विमल दुबे, भाजयुमो महामंत्री शीलू कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नवनीत राजपूत, मंडल महामंत्री अनिल चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### पति के खिलाफ रिपोर्ट

**भरथना** । जार पुरा निवासी सुनीता यादव ने अपने पति पंकज कुमार पर आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि उसने अपनी सास रामश्री और ससुर वीरेंद्र से शिकायत की, लेकिन उन्होंने भी उसका साथ देने के बजाय धमकी दी। उसके दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 8 और 6 वर्ष है। आरोप है कि परिवार के लोग बच्चों की पढ़ाई भी नहीं होने दे रहे हैं पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### ट्यूबवेल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**भरथना** । थाना क्षेत्र के बेर गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेतों में बने ट्यूबवेल पर फांसी के फंदे से लटका मिला। गांव निवासी राजकुमार का 20 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह का शव घर से करीब 200 मीटर दूर खेतों में बने ट्यूबवेल के बाहर दीवार पर लगे कुंदे में अंगौछे के सहारे लटका मिला। खेतों पर पहुंचे किसानों ने जब शव को लटका देखा तो गांव में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और युवक का शव फंदे पर लटका देख चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कक्षा 11 का छात्र बताया जा रहा है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की गई जान

**इटावा** । थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुरा गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोपीनाथ 35 वर्ष पुत्र दिलीप नाथ निवासी नगला डूडे थाना किशनी मैनपुरी उदयपुरा फ्रेंड्स कालोनी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

# स्कूल के लिए निकली छात्रा का रेलवे ट्रैक पर मिला शव, मचा कोहराम

## घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार** । शनिवार सुबह स्कूल के लिए निकली छात्रा का शव दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंच गए।

घटना सुबह करीब पौने नौ बजे की बताई जा रही है। भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी ओर पोल संख्या 1135/11 के पास छात्रा ने अपना स्कूल बैग ट्रैक किनारे रख दिया और अप लाइन पर कानपुर से इटावा की ओर जा रही सुपरफास्ट तेजस एक्सप्रेस के सामने आ गई। ट्रेन की



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस टीम तथा मृतका की फाइल फोटो। अमृत विचार

- **छात्रा ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, यह नहीं बता सके परिजन**

चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेन कुछ मिनट के लिए स्टेशन के पास रुकी रही, जांच के बाद उसे आगे के लिए रवाना कर दिया गया। मृतका की पहचान संध्या प्रजापति 15 वर्ष पुत्री विजय करन निवासी पुराना भरथना के रूप में हुई है। मां रीना देवी ने बताया कि संध्या कस्बे के एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा थी। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे वह रोज की तरह चाय-नाश्ता कर स्कूल बैग लेकर घर से निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। अचानक उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका परिवार को कोई अंदाजा नहीं है। पिता विजय करन दिल्ली में रहकर शिकंजी बेचने का काम करते हैं और करीब बीस दिन पहले ही रोज़गार के सिलसिले में वहां गए थे। संध्या चार बहनों और एक छोटे भाई में सबसे बड़ी थी। उसके बाद अनामिका, शिवन्या और अंशिका उर्फ परी हैं, जबकि सबसे छोटा भाई आयुष अभी महज सात माह का है। घटना के बाद मां समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में सबसे बड़ी होने के कारण संध्या ही छोटे भाई-बहनों की देखभाल में हाथ बंटाती थी। अब उसके जाने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

**भरथना** । कस्बा में सर्राफा व्यवसायी की दुकान से सोने की अंगूठी चोरी की घटना का त्वरित खुलासा कर बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सम्मानित किया।

मोहल्ला सब्जी मंडी चौराहा पर शुक्रवार रात करीब आठ बजे आयोजित सम्मान समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष विमल पोरवाल 'बंटी' के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम अरिमर्दन सिंह और कस्बा चौकी इंचार्ज तन्मय चौधरी सहित पुलिस टीम को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रभाकर गुप्ता, दिवाकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी सोनी, महामंत्री चेतन स्वरूप पोरवाल, सुमित गुप्ता, राधेश पांडेय, गोलू, सभासद सुशील पोरवाल, संजय माधवानी, रिंकू गुप्ता, लाली पोरवाल, त्रिलोकी पोरवाल, सुशांत उपाध्याय, विपिन पोरवाल आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन सौरभ दुबे ने किया।

# वंदे मातरम गीत नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का मूल मंत्र

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **विद्यार्थी परिषद ने वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का किया आयोजन**

**अमृत विचार** । नगर के ब्लू बर्ड स्कूल में वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए वंदे मातरम का गायन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, विवेकानंद और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन हुआ जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अभिषेक मिश्रा पूर्व प्रांत मंत्री ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम का मूल मंत्र है। विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सोमू ने बताया कि विद्यार्थी परिषद सदैव परिसर में सकारात्मक और राष्ट्रवादी वातावरण निर्माण के लिए प्रयासरत रहती है। आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और महान क्रांतिकारियों के बलिदान से जोड़ना है।

कार्यक्रम संयोजक संस्कार गुप्ता ने बताया आगामी दिनों में जिले के विभिन्न विद्यालय परिसरों में वंदे मातरम गायन कार्यक्रम विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लू बर्ड विद्यालय के प्राचार्य राजीव, पान कुंवर विद्यालय के प्राचार्य अरविंद तोमर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल राजपूत, नगर सह मंत्री सक्षम यादव, पीयूष कुमार व भारी संख्या में छात्र-शक्ति उपस्थित रही। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

# अधिकारी और शिक्षक स्कूलों में सौ फीसद नामांकन सुनिश्चित करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **शून्य प्रवेश वाले विद्यालयों को चिह्नित कर नोटिस भेजा जाए**

**अमृत विचार** । डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने स्कूल चलो अभियान की समीक्षा की जिसमें 2026-27 के अंतर्गत अब तक 4419 नामांकन किए जा चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में अभी तक शून्य प्रवेश हुआ है, उनकी सूची तैयार कर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा कारण स्पष्ट करते हुए नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि इस समय बेसिक शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता स्कूल चलो अभियान है। सभी अधिकारी एवं शिक्षक इसे औपचारिकता न समझें, बल्कि गंभीरता से कार्य करें और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने शारदा अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि 28 बच्चों का नामांकन हुआ है, जबकि बसरेहर क्षेत्र में अभी भी शून्य प्रगति है। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों से जोड़ा जाए। कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लर्निंग आउटकम मात्र 40 प्रतिशत पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जब तक विभागीय अधिकारी रुचि नहीं लेंगे, तब तक निचले स्तर पर सुधार संभव नहीं है। सभी अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय ताखा के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिविनि अतुल सिंह, बीएसए डॉ राजेश कुमार समस्त बीडीओ रहे।

## हाई सिक्योरिटी प्लेट के बिना नहीं होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

**इटावा** । एआरटीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि अपर परिवहन आयुक्त राजस्व डॉ. आरके विश्वकर्मा द्वारा इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार के निर्देश पर प्रदेश में सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद प्रदूषण जांच केंद्र पर ऐसे किसी भी वाहन का प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र निर्गत न किया जाए जिस पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट स्थापित न हो। जानकारी देनें के लिए प्रदूषण जांच केंद्र पर एक बोर्ड भी लगाया जाए जिसमें उल्लेख होगा कि 15 अप्रैल से बिना एचएसपीपी युक्त वाहनों का पीयूसीसी नहीं किया जाएगा।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

संवाददाता भरथना इटावा

- **दमकल विभाग की टीम ने मौके पर जाकर आग पर पाया काबू**

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र के सुजीपुर गांव में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहू की फसल में आग लग गई। जिससे करीब 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग की लपटें उठती देख किसानों में हड़कंप मच गया और वे निजी संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए।

शुक्रवार शाम करीब पांच बजे खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से अचानक चिंगारी निकली, जो नीचे खड़ी फसल में गिर गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और गांव के किसान अरविंद पुत्र मुलायम सिंह, जगदीश, विजलेश व सतीश पुत्र महताब सिंह के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बाल्टियों, पाइप व अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसानों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन से चिंगारी गिरने की घटना पहले भी कई बार हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल स्वाति कुमारी मौके पर पहुंचीं और नुकसान का आकलन किया।

**अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग : भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव ईकारपुर में खेतों में खड़ी फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगने से खेतों में खड़ी करीब दो बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। क्षेत्र के गांव ईकारपुर निवासी किसान नाथूराम तथा विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे खेतों में गेहूं की फसल खड़ी थी। खेतों में आग लग गई। जिससे खेतों में खड़ी करीब दो बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक अनिल यादव तथा क्षेत्रीय लेखपाल विपिन कुमार ने नुकसान का आकलन किया।




## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी राम लखन ने थाने में दी तहरीर मे बताया की कि बीते 4 मार्च को शंकरपुर (पारा) गांव निवासी ट्रैक्टर चालक सुरेंद्र वर्मा ने तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें सवार भाई वीर सिंह व शेर सिंह तथा एक अन्य गांव का सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सुरेंद्र वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर से जेवरात और 30 हजार नकदी चोरी

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी वीर गांव में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए मकान में घुसकर सोने और चांदी के जेवरातों के अलावा 30 हजार रुपये की नगदी पार कर दी। कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी वीर गांव के निवासी तुलाराम ने कोतवाली तहरीर देकर बताया कि चोरों ने शुक्रवार को दिन में उसके घर में घुसकर उसके मकान के अंदर रखे सोने और चांदी के जेवरातों के अलावा 30 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 7 :00 बजे जब वह अपने घर पहुंचा तो उसे चोरी की घटना की जानकारी हुई। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि चोरी की घटना की जांच कराई जाएगी।

### परशुराम जयंती की तैयारियों पर चर्चा

**मौदहा।** नगर के एक गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक तहसील अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि आगामी 19 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के मौके पर उनकी शोभायात्रा धूमधाम से निकल जाएगी। यह शोभायात्रा नगर के विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई कुंवर विद्यालय में पहुंचेगी जहां भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवकुमार पांडेय, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुकेश पालीवाल, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री सुनील कुमार त्रिपाठी (डंडा गुरु), महामंत्री अरविंद शर्मा, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, मंत्री सोमनाथ बाजपेई, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक आदि रहे।

### युवती ने फंदा लगाकर दी जान, परिवार सन्न

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के छिमौली गांव में शनिवार दोपहर युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन फसल काटने गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छिमौली निवासी सीतारानी (21) पुत्री देवलाल के परिजन शनिवार को खेतों में कटाई कर रहे थे। इसी बीच युवती खाना खाने की बात कहकर घर आ गई। उसने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक जब युवती नहीं आई तो परिजन घर पहुंचे। अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। युवती का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पिता देवलाल ने बताया कि मृतका तीन बहनों और दो भाइयों में दूसरे नंबर की थी। बताया जा रहा है कि उसके दोनों भाई छोटे हैं। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बैजे इस्लामपुर में लगा फार्मर रजिस्ट्री कैंप

**कुरारा।** क्षेत्र के बैजे इस्लामपुर में किसानों की सुविधा के लिए फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने अपनी फार्मार रजिस्ट्री कराई। क्षेत्र के बैजे इस्लामपुर मे शनिवार को फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की फार्मार रजिस्ट्री, ई-केवाईसी करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति रहे। जबकि कृषि विभाग से मनीष कुमार (लिपिक) ने किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस दौरान किसान सत्यनारायण, राकेश कुमार, गंगाराम, रोशन, रवि, पुष्पेंद्र, मुन्ना, राकेश, शिवबरन और रामशंकर सहित अन्य किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई। मनीष कुमार ने बताया की कैंप के माध्यम से किसानों को जागरूक करते हुए घर-घर जाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी किया जा रहा है। जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।



पुलिस चौकी निर्माण के लिए भूमि पूजन करते सदर विधायक। अमृत विचार

## पुलिस चौकी निर्माण के लिए भूमि पूजन

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के बेरी गांव में 1 करोड़ 12 लाख की लागत से पुलिस चौकी निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ। सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति व क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने भूमि पूजन किया।

क्षेत्र के बेरी गांव में पुलिस चौकी के निर्माण के लिए शनिवार को विधि-विधान के साथ सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, सीओ सदर राजेश कमल ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बेरी अनिल अनुरागी तथा गांव के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम धार्मिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान अनिल अनुरागी ने बताया की अभी तक ग्राम पंचायत की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जगह पर चौकी चल रही थी।

## पड़ोसियों ने की मारपीट, रिपोर्ट

**बिवांर।** प्रधान के दरवाजे के पास रास्ते में इंटरलॉकिंग करने से नाराज दो युवक व दो महिलाओं ने रात में घर में घुसकर पड़ोस की महिला के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। महिला ने हमलावरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पाटनपुर की सत्यम देवी पत्नी बृज किशोर ने तहरीर में बताया कि प्रधान से कहने पर दरवाजा के पास रास्ता में इंटरलॉकिंग का कार्य करा दिया। पड़ोसी श्याम करण कुशवाहा रंजिश मानने लगा है। शुक्रवार की रात 8 बजे श्यामलाल, शिवकांति, अजय, आरती अचानक उसके घर में घुसकर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आए पति व जेठानी कौशल्या के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ई-रिक्शा से बैटरी चुराने वाला गिरोह हत्थे चढ़ा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- आरोपियों के कब्जे से चोरी की 5 बैटरियां और कार बरामद
- फतेहपुर के रहने वाले हैं तीनों चोर उरदना में चोरी का खुलासा




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय बैटरी चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर फतेहपुर जनपद के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की पांच बैटरियां और वारदात में वैगनआर कार बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों ने हाल ही में उरदना गांव में हुई चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

बीते 6 अप्रैल की रात उरदना गांव निवासी ई-रिक्शा चालक रोहित पुत्र रामकरण का रिक्शा घर के बाहर चार्जिंग पर लगा था। तभी आधी रात को अज्ञात चोरों ने रिक्शे से कीमती लिथियम बैटरी और चार्जर चोरी कर लिया था। इस घटना से आहत हो कर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, जिसके बाद शुक्रवार देर रात पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। सब इंस्पेक्टर दिशांत खोखर, अनिल कुमार ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर बांदा रोड स्थित कपसा के पास एक संदिग्ध वैगनआर कार यूपी 14 AX 7128 को रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें पांच बैटरियां बरामद हुईं। पुलिस ने मौके से तीनों आरोपी जावेद पुत्र गुलाम अहमद निवासी कोतवाली नगर फतेहपुर, आमिर उर्फ बबलू पुत्र नफीस अहमद निवासी बिंदकी फतेहपुर और काली शंकर पुत्र हरिराम निवासी फतेहपुर को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही उदरना गांव में ई-रिक्शा की बैटरी चोरी की थी। वे चार पहिया वाहन का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्रों में रेकी करते थे और मौका पाकर कीमती बैटरियां उड़ा देते थे। पुलिस टीम में कांस्टेबल संदीप कुमार और विनीत कुमार भी शामिल रहे। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### ट्रक में गिट्टी लादकर आ रहा था बहनोई, घात लगाकर किया गया हमला

# साले ने साथियों के साथ मिल जीजा पर बेल्ट व डंडे बरसाए

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते एक साले ने अपने ही जीजा पर डंडे और बेल्ट से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया है।

क्षेत्र के नारायच गांव निवासी ट्रक चालक सरवर उर्फ मिंटू ट्रक में कबरई से गिट्टी लादकर आ रहे थे। जैसे ही वह क्षेत्र के निरंकारी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, उन्होंने ट्रक रोका और पानी लेने के लिए जाने लगे। इसी दौरान घात लगाए बैठे उनके साले मुख्तार उर्फ लाला ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर सरवर का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले सरवर के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।



हमले से पीठ पर चोटों के निशान दिखाता पीड़ित युवक। अमृत विचार

- मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सभी आरोपियों की तलाश में पुलिस

जब सरवर ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने आपा खो दिया। दबंग साले और उसके साथियों ने सरवर पर बेल्टों और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले के दौरान सरवर सड़क पर गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस मामले पर कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी मुख्तार और उसके दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### खेत पर कुल्हाड़ी और तमंचे की बट से हमला

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औडेरा रोड स्थित कृषि भूमि पर फसल कटाई के दौरान दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी और अवैध तमंचे के बल पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दे डाली। नगर के पठनऊ मोहल्ले के रहने वाले सारिक पुत्र कमाल ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने परिजनों के साथ खेत में गेहूं की फसल काट रहा था। इसी दौरान गांव के ही जमाल अहमद, इमरान, आमिर और दानिश बेवजह एक राय होकर मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लोगों ने मिलकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से उसके पिता कमाल अहमद व इकराम और इकराश के साथ लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से जमकर मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार एक बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिससे हुए हादसे में बाइक में सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

बांदा जनपद के फतेहगंज का निवासी अवध किशोर (21) बांदा जनपद के तुर्रा गांव निवासी अपने मित्र दिनेश (20) पुत्र चुनकू मित्र के साथ राजस्थान उदयपुर से मजदूरी कर बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक पर पीछे बैठे युवक अवध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक दिनेश गम्भीर रूप से घायल हो गया।




- तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराने पर हुआ हादसा, घायल अस्पताल में भर्ती कराया गया

घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि बाइक पर पीछे बैठे युवक अवध किशोर को नींद आने की वजह से बाइक का संतुलन बिगड़ गया था। मृतक अवध किशोर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था जो कि अपने पीछे मां सुमन के अलावा बड़े भाई अभिषेक और बहन अमृता सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### बाइक से गिरकर तीन घायल, एक रेफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में तीन युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। खन्ना गांव निवासी राजेश (40),शैलेश (23) और दीपक (20) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से राजेश को गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।



चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देतीं पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष। अमृत विचार

## कवि मुन्नीलाल को दी श्रद्धांजलि

**बिवांर (हमीरपुर)।** कवि, साहित्यकार सेवानिवृत्त शिक्षक मुन्नीलाल अवस्थी के त्रयोदशी में पिछड़ा आयोग की अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

कस्बे के कवि, साहित्यकार, समाजसेवी मुन्नीलाल अवस्थी का निधन पिछले 30 मार्च को हार्ट अटैक से हो गया था। जिनकी शनिवार को त्रयोदशी कार्यक्रम था। जिसमें पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, चेयरमैन कुलदीप निषाद के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुन्नीलाल अवस्थी की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद करीब एक घंटा बैठकर शैलेंद्र अवस्थी, हरिओम अवस्थी, जगमोहन अवस्थी सहित शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता, सीओ मौदहा राजकुमार पाण्डेय, तहसीलदार शिखर मिश्रा, नायब तहसीलदार सत्य प्रकाश वर्मा के साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** वर्णिता संस्था की ओर से सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई।

संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने कहा कि ज्योतिबा राव समाज के रहनुमा थे। उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। इनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को गोविंद राव और चिमनाबाई के घर कल्गुन में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम सावित्री बाई फुले था। यह देश की पहली महिला शिक्षिका थी। यह जब पढ़ाने निकलती थी तो इन्हें रास्ते सामाजिक कोप का शिकार होना पड़ता था। इन पर गोबर, मैला और अन्य गंदी चीजें फेंकी जाती थी। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, महावीर प्रजापति, रिचा, रामनारायन सोनकर, दमाराम सोनकर, प्रेम, सागर, प्रिन्स, पंकज सिंह, होरीलाल और राहुल प्रजापति आदि लोग शामिल रहे।



ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई। अमृत विचार

### सपाइयों ने ज्योतिबा फुले की महानता बताई

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई गई ।जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि ज्योतिबा राव फुले के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने कहा था कि जब आर्य लोग आए तो उन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया और जब मुग़ल आए तो उन्होंने मस्जिदों का निर्माण कराया। जब अंग्रेज आए तो चर्च का निर्माण कराया गया। वहीं जब इस महापुरुष का अवतरण हुआ किस महापुरुष ज्योतिबा राव फुले ने विद्यालयों का निर्माण कराया। एक जीने का ढंग सिखाया। ब्लॉक अध्यक्ष मुस्करा मानवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इनसे प्रभावित होकर बाबा साहब ने इन्हें अपना गुरु बनाया। इस मौके पर ओमप्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव, शादाब हुसैन बिट्टू, सांसद प्रतिनिधि नगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद, सागर मलिक आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ेंगे विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) ने कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से देशव्यापी 'नैनो उर्वरक जागरूकता महा-अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत किसानों को वैज्ञानिक खेती की दिशा में प्रोत्साहित किया जाएगा।

हमीरपुर क्षेत्र में इस अभियान के संयोजक व इफको क्षेत्र प्रतिनिधि शशिकांत विश्वकर्मा और प्रसार डेवलपमेंट संयोजक (SFA) संदीप कुमार ब्लॉक स्तर पर किसानों के बीच नवाचार कर रहे हैं। इनका मुख्य लक्ष्य नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी और नैनो जिंक जैसे आधुनिक उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और किसानों को फोलियर स्प्रे (पर्ण छिड़काव) का प्रशिक्षण देना है। दिल्ली में अध्यक्ष दिलीप संघाणी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। यह अभियान 19 राज्यों के 560 जिलों तक पहुंचेगा। प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' विजन के तहत नैनो उर्वरक मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की लागत घटाने में सहायक हैं। इस अभियान में ड्रोन तकनीक और एआई (AI) के उपयोग पर भी बल दिया जा रहा है।



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अध्यक्ष। अमृत विचार

**कड़ी सतर्कता** | सीसीटीवी कैमरों की निगरानी शुरू हुई परीक्षा, पहले दिन एक छात्रा अनुपस्थित रही

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सम सेमेस्टर की परीक्षाएं नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण प्रारम्भ हुईं। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो पालियों में प्रारम्भ हुई। प्रथम दिवस की प्रथम पाली में बीएससी रसायन विज्ञान, बीकाम षष्टम सेमेस्टर एवं द्वितीय पाली में एमएससी जंतु विज्ञान, बीकाम चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं बहुविकल्पीय आधार पर प्रारम्भ हुई।

केन्द्राध्यक्ष डा.स्वामी प्रसाद ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में परीक्षाएं सुचिता पूर्ण नकल विहीन कराई जा रही हैं। शनिवार को सम्पन्न हुई परीक्षाओं में पंजीकृत परीक्षार्थियों में द्वितीय पाली की परीक्षा में एक छात्रा अनुपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के नियमानुसार परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा कार्य में लगे हुए कर्मचारियों को मोबाइल स्मार्ट वॉच तथा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रही हैं।




ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

## ब्रह्मानंद महाविद्यालय को एमएससी विज्ञान वर्ग कक्षाओं की मान्यता मिली

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विज्ञान वर्ग के चार विषय जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों में परास्नातक की मान्यता मिली है।

प्राचार्य प्रो.सुरेंद्र सिंह ने बताया यह महाविद्यालय बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी का अग्रणी महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में कृषि के सभी विषयों से परास्नातक विषयों की कक्षाएं संचालित है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से आए निरीक्षण मण्डल के सचिव/ सदस्यों द्वारा एमएससी बॉटनी, एमएससी जूलॉजी, एमएससी रसायन विज्ञान एवं एमएससी गणित विभाग के प्रयोगशालाओं, शिक्षण कक्षाओं एवं पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया। नए सत्र 2026-2027 से एमएससी जंतु विज्ञान, एमएससी वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित विषय से संचालित की जाएगी। निरीक्षण मंडल में प्रोफेसर सुशील बाबू क्षेत्रीय बेसिक शिक्षा अधिकारी झांसी, प्रो. आरके सैनी, प्रो.विजय यादव, प्रो. अवनीश कुमार, प्रो.देवेश निगम, प्रो.संतोष कुमार पांडेय, डा.इंद्रपाल सिंह व प्राचार्य ने मानक के आधार पर महाविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस आधार पर महाविद्यालय को उपरोक्त विषयों में मान्यता प्रदान की गई।



रागौल स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम। अमृत विचार

## डीआरएम ने रागौल स्टेशन में फुट ओवरब्रिज का किया निरीक्षण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रागौल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम झांसी अनिरुद्ध प्रताप सिंह को यात्रियों की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा है।

डीआरएम ने बताया कि रागौल रेलवे स्टेशन में फुट ओवरब्रिज का काम चल रहा है। इसे समय से पूरा करने का प्रयास है। स्टेशन में पेयजल आपूर्ति के साथ सभी अधूरे पड़े काम शीघ्र पूरे किए जाएंगे। यात्रियों की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्लेटफार्म नंबर-1 एवं 2 में डिस्प्ले लगाने सहित रागौल से बेतवा एक्सप्रेस, गरीब रथ, चित्रकूट एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चलाने आदि की मांग की। इसके अलावा रेलवे स्टेशन का नाम रागौल के स्थान पर मौदहा या रागौल मौदहा किए जाने, रेलवे कम्पाउण्ड में ऑटो स्टैंड बनाने, कंपाउंड के अंदर हाई मास्क बड़ी लाइट लगाने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### मेडिकल स्टोर से 27 हजार रुपये चोरी

**महोबा।** शहर के पठा तिराहे के पास एक मेडिकल स्टोर में दिनदहाडे एक चोर ने 19 सेकंड में पेटी से 27 हजार रुपये चुरा लिया। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि दुकानदार लघुशंका के लिए जैसे ही बाहर जाता है, चोर फौरन काउंटर के पीछे पहुंचता है और गोलक से 27 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू की और संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है।

### ध्वनि प्रदूषण करने पर होगी कार्रवाई

**महोबा।** जिले के किसी भी वाहन को संशोधित साइलेंसर, प्रेसर हार्न, हूटर व सायरन लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि जिले में बुलेट व अन्य बाइक में साइलेंसर हटाकर पटाखे जेसी आवाज कर ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों के अलावा मोडिफाइड, हूटर सायरन लगे वाहनों के खिलाफ विभाग के सख्त निर्देश जारी किए गए, जिसमें तहत मानकानुसार वाहनों को रखा, अन्यथा की स्थिति पर वाहन स्वामी पर कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होगा।

### वैभव और अभिज्ञान का परीक्षा में चयन

**कुलपहाड़।** तहसील क्षेत्र के भरवारा गांव के वैभव पालीवाल पुत्र संतोष पालीवाल ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में 82वीं रैंक प्राप्त की है। वैभव का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कंप्टीशन बहुत ज्यादा है, लेकिन लक्ष्य पर फोकस कर सफलता हासिल की है। इसी तरह सुगिरा निवासी अजय कुमार द्विवेदी के पुत्र अभिज्ञान द्विवेदी की एसएससी सीजीएल में आयकर निरीक्षक के रूप में नियुक्ति होने पर गांव में खुशी की लहर है। अभिज्ञान की आल इंडिया रैंकिंग 112 है। उसने भोपाल में रहकर तैयारी की। उसका कहना है कि बिना कोचिंग के घर पर आनलाइन तैयारी की जा सकती है, लेकिन सोशल मीडिया से दूरी रखना जरुरी है। अभिज्ञान के पिता रेलवे में सीनियर स्टेशन मैनेजर हैं।

# जमीन के विवाद में लाठी-डंडों से पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर क्षेत्र में जमीन के विवाद में समझौता होने के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के पांच लोगों को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्रीनगर थाना क्षेत्र के बांस पहाड़िया निवासी हरिचरण कुशवाहा ने बताया कि जमीन विवाद को सुलझाने के लिए प्रधान ने दोनों पक्षों को पंचायत के लिए बुलाया था। प्रधान के घर समझौता होने के बाद प्यारेलाल और उनके परिजन लेखपाल से मिलने जा रहे थे। रास्ते में दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में हरिचरण, नंदकिशोर सहित परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट से आहत हो महिला ने खाया जहर

**कुलपहाड़।** कस्बे के सतीयनपुरा निवासी शहनाज (35) घर के बाहर कचड़ा के लिए बोरी रखे थी। बेटी आयशा ने बताया कि शनिवार सुबह पड़ोसी ने कचड़े की बोरी फेंक दी। मां ने विरोध किया तो पड़ोसियों ने मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। अपमान से आहत शहनाज ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल ले गए। पति शमशाद फेरी लगाने गया था।

# एसआईआर के बाद महोबा जिले में 26650 मतदाता बढ़े

**सूची का प्रकाशन**

- जनपद के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 6,28,257 पहुंची
- महोबा विधानसभा क्षेत्र में 2,95,577 और चरखारी में 3,32,680 मतदाता शामिल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-230 महोबा और 231 चरखारी की निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया।

उधर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर मतदान केन्द्रो और मतदेय स्थलों पर पदाभिहित अधिकारियों व बूथलेवल अधिकारियों द्वारा सूची का प्रकाशन किया गया। मतदेय स्थलों पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अन्तिम निर्वाचक नामावलियां एक सप्ताह तक जनसामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। कोई भी मतदाता नामावलियों में अपना और अपने संबन्धी का नाम देख सकता है। जिले की दोनों विधान सभाओं में कुल 22154 नए मतदाता के नाम जोड़े गए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 230-महोबा और 231-चरखारी की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। आंकड़ों में मुताबिक जिले के मतदाताओं की कुल संख्या अब 628257 हो गई है। विशेष पुनरीक्षण से पहले जिले में 601607 मतदाता थे, जिसमें अब 26650 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। महोबा विधानसभा के मतदाताओं की संख्या 283401 से बढ़कर अब 295577 हो गई है। इस विधानसभा में 806 नए नाम जोड़े गए हैं। जबकि 1694 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए भी गए हैं। विधानसभा चरखारी क्षेत्र में महोबा विधानसभा की तुलना में अधिक मतदाता बढ़े हैं। चरखारी में अब कुल मतदाताओं की संख्या 332680 हो गई है, जिसमें 12348 नए मतदाताओं के नाम शामिल हुए हैं।


नामावलियों का अंतिम प्रकाशन करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतिम प्रकाशन के बाद समस्त जिले में 3 लाख 43 हजार 763 पुरुष, 2 लाख 84 हजार 478 महिला मतदाता और 16 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के दृष्टिगत अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन जिला व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में और प्रत्येक पदाभिहित स्थलों पर किया गया है और यह निर्वाचक नामावली एक सप्ताह की अवधि के लिए निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। कोई भी मतदाता उक्त स्थलों पर जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना व अपने सम्बन्धी का नाम देख सकता है। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) कुंवर पंकज और एसडीएम सदर शिवध्यान पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से एक की मौत, साथी घायल

## कबरई क्षेत्र में कालीपहाड़ी के पास ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

- हादसे के बाद ट्रक मौके पर छोड़ कर भाग निकला चालक
- डहर्रा के पहाड़ पर एलएनटी मशीन चलाते थे दोनों युवक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पत्थर उद्योग नगरी क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग निकला।

झारखंड के कदव गड़वा निवासी पंकज (20) और उसका 19 वर्षीय साथी कबरई क्षेत्र के डहर्रा के पहाड़ पर एलएनटी मशीन चलाने काम करते थे। शनिवार को काम से दोनों साथी बाइक पर सवार होकर पास के एक गांव गए हुए थे। वहां से लौटते समय कालीपहाड़ी गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक उछलकर सड़क किनारे गिरे और बुरी तरह घायल हो गए। ट्रक की टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए। ग्रामीणों को आता देख चालक ट्रक को छोड़कर मौके से भाग गया।


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

ग्रामीणों की सूचना पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने चेकअप के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि पंकज की हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मृतक युवक की पहचान करने के लिए डहर्रा पहाड़ पर लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है, लेकिन देर शाम तक युवक की पहचान नहीं हो सकी। घायल युवक के परिनजों को घटना के बावत जानकारी दी गई है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खा दी जान

**बेलाताल।** थाना क्षेत्र के स्यावन गांव में लेन-देन के विवाद में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे छतरपुर के अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

स्यावन निवासी अरविन्द (25) पुत्र रूपराम ने गांव के ही राजपाल से लगभग तीन लाख रुपये का गेहूं खरीदा था। जिसमें से 2 लाख 66 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका था और शेष 33 हजार रुपये बाकी थे। बताया जा रहा है बीती देर शाम को राजपाल अरविन्द के घर आया और उसे बुलाकर अपने साथ ले गया और कुछ देर बाद जब वह घर लौटा तो उसने पत्नी को घटना की जानकारी दी। रात करीब 12 बजे उसने जहरीला पदार्थ खा लिया और एक घंटे बाद अपनी पत्नी को जहर खाने की बात बताई। आनन-फानन में उसे इलाज के सीएचसी और फिर छतरपुर ले जाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों द्वारा थाना अजनर पुलिस को दी गई है। थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र ने बताया कि मौखिक सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 30 तक जरूर कराएं फॉर्मर रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी अपात्र किसानों को चिन्हित कर सूची उपकृषि निदेशाल में उपलब्ध कराई जाए, जिससे अपात्र किसानों के डाटा को अलग कराया जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार को कृषकों के नाम मिसमैच जल्द सही कराकर फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये साथ ही समस्त खंड विकास अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत कृषकों में से पाये गये मृतक कृषकों का मृत्यु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड सम्बन्धित तहसीलदारों को उपलब्ध करान को भी कहा, जिससे तहसीलदार, उप कृषि निदेशक मृतक किसानों को पीएम किसान पोर्टल पर मृतक मार्क कर डिलीट कराने की कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों 30 अप्रैल तक समस्त अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी और एसडीएम वित्त एवं राजस्व को फार्मर रजिस्ट्री की दैनिक समीक्षा करने के निर्देश दिये गये हैं।


बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज ने बताया कि 6 अप्रैल से फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दिनांक अभी तक पीएम किसान सम्मान निधि के 2646 गैर सम्मान निधि के 903 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री करायी जा चुकी है। जिले में अभी भी पीएम किसान सम्मान निधि के 36623 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य अवशेष है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उप कृषि निदेशक रामसजीवन, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, एसडीएम कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार, एसडीएम चरखारी धीरेन्द्र कुमार के अलावा कबरई, चरखारी, पनवाड़ी और जैतपुर के खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी

- हलधर किसान यूनियन ने 13 से धरना-प्रदर्शन की घोषणा की
- समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर किसान भूख हड़ताल करेंगे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** किसानों की समस्याओं को लेकर हलधर किसान यूनियन ने 13 अप्रैल से कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल किए जाने के बावत शनिवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में पूर्व में दिए गए आश्वसन के बाद भी आज तक मांगों का निस्तारण न किए जाने से नाराज हलधर किसान यूनियन ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि जिले के अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच समस्याओं को लेकर तीन दौर की वार्ता की गई, इसके बाद 5 अप्रैल तक का अधिकारियों ने समस्याओं का निराकरण कराने के लिए समय मांगा था। फिर भी समस्याओं पर कोई गौर नहीं किया गया। आश्वासन के अलावा कोई मांग नहीं मानी गई, जिससे नाराज होकर शनिवार को हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में किसानों ने उपजिलाधिकारी को पुनः ज्ञापन देते हुए अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं पर गौर नहीं किया गया तो किसान धरना प्रदर्शन के बाद भूख हड़ताल करने के लिए विवश हो जाएंगे। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों किसानों के शामिल होने की बात कही जा रही है। किसानों की भूख हड़ताल में किसान संगठनों ने सहयोग करने का भरोसा दिया है।


एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

### एसडीएम ने फसल का नुकसान देखा

**कुलपहाड़।** तेज बारिश व आंधी से फसलों का नुकसान देखने के लिए एसडीएम कई गांवों में पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी और क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट तैयार कर मुआवजे का भरोसा दिया।

उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की टीम के साथ सुगिरा, सतारी, भरवारा, रिछा, बागौल, चुरारी आदि ग्रामों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। टीम ने क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही किसानों को मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा दिया। इसके साथ ही उपस्थित किसानों से उपजिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वह जल्द ही अपने नजदीकी केंप पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा लें अन्यथा खरीद केन्द्रों पर बिना फार्मर रजिस्ट्री के गेंहू बेचने से वंचित होना पड़ेगा।

# एसडीएम ने नामित सदस्यों को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शासन से नामित पांच सदस्यों को माला पहनाकर शॉल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में उजिलाधिकारी सदर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर अतिथियों ने भाजपा सरकार के कराए गए जनकल्याणकारी कार्यो की जानकारी दी और नगर के विकास पर अपने विचार व्यक्त किए।

नगर पालिका महोबा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नामित सदस्य साधना तिवारी, तुलसीदास सविता, शंकर बाल्मीकि, गनेशी अनुरागी और अश्वनी पाटकार को उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी और नामित सदस्यों को माला एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।


शनिवार को नगर पालिका परिषद में नामित सदस्यों को शपथ दिलाते एसडीएम शिवध्यान पांडेय। अमृत विचार

- नगर पालिका सभागार में हुए समारोह भाजपाई भी शामिल

समारोह को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता बनाये रखते हुए प्रदेश के विकास को तीव्रगति दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं समूचे देश में सड़ग मार्ग एवं रेलमार्ग का चहुमुंखी विकास हो रहा है जिससे आवागमन सुगम हो गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि नगर पालिका नगर के विकास को गति दे रही है जिसके परिणाम स्वरूप नगर में सीसी, इंटरलॉकिंग सड़क, नाला नालियों, मार्ग प्रकाश व्यवस्था और दुकानों आदि का निर्माण हो रहा है। सरकार पालिका का विकास करने के लिए विभिन्न योजनाओं में धनावंटन किया जा रहा है जिससे विकास और भी गति मिल रही है। शपथग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारी और सम्मानित सभासद उपस्थित रहे।

## धर्म-अध्यात्म

### श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र और भक्त प्रहलाद की कथा का हुआ वर्णन

# दूसरे के दुख को अपना समझकर मदद जरूर करें

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** कस्बे मां बाघ बिराजन धाम में पंडित नरेंद्र दुबे महाराज के सानिध्य में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास अवध कृष्ण महाराज ने तृतीय दिवस की कथा में राजा दक्ष के यज्ञ विध्वंस, ध्रुव चरित्र जड़ भरत प्रसंग अजामिल उपाख्यान तथा प्रहलाद चरित्र की कथा का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति में लीन कर दिया।

कथा व्यास अवध कृष्ण महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष अपने यज्ञ में भगवान शंकर को इसलिए आमंत्रित नहीं किया कि वह भस्म रमाकर पर्वत पर निवास करते हैं, लेकिन सतीजी ने भगवान शंकर से यज्ञ में जाने की आज्ञा मांगी तो भगवान शंकर ने कहा कि आपको बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए बावजूद इसके सतीजी नहीं मानी और अपने पिता राजा दक्ष के यहां चली गई। उन्होंने बताया कि सतीजी ने यज्ञ में भगवान शिव का स्थान न पाकर उनके अपमान से आहत होकर अग्निवास कर सती हो गई। जिस पर शंकरजी ने अपनी जटा से वीरभद्र को उत्पन्न कर राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस करने का आदेश दिया जिस पर वीरभद्र ने राजा दक्ष के यज्ञ में जाकर उनका यज्ञ विध्वंस कर दिया। महाराज ने संदेश देते हुए कहा कि जो व्यक्ति दूसरों को दुख देकर सुखी रहना चाहते हैं वह जीवन में कभी सुखी नहीं रह सकते इसलिए हमेशा लोगों के दुख को अपना दुख समझकर मनुष्य की मदद करनी चाहिए।


कथा सुनाते अवध कृष्ण महाराज और उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

कथा व्यास ने दूसरी कथा वर्णन करते हुए कहा कि प्रहलाद ने भगवान की भक्ति करके स्तुति की जिससे भगवान ने नरसिंह अवतार धारण कर प्रहलाद के भगवान विरोधी पिता हिरण्यकश्यप का वध कर मोक्ष प्रदान किया। इसके बाद महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि अटूट विश्वास और तपस्या की यह कथा है।

राजा उत्तानपाद के 5 वर्षीय पुत्र ध्रुव को सौतेली मां सुरुचि ने पिता की गोद से अपमानित कर हटा दिया था। माता सुनीति के कहने पर, ध्रुव ने भगवान विष्णु को पाने के लिए कठोर तपस्या की। प्रसन्न होकर विष्णु जी ने उन्हें आकाश में अचल 'ध्रुव तारा' बनने का वरदान दिया। कथा दौरान बुद्ध सिंह यादव भगत अशोक सुल्लेरे संतोष सुलेरे भोला सिंह यादव पूर्व सभासद गिरिराज कश्यप सुरेंद्र बहादुर सक्सेना मनोनीत सभासद मुन्ना अनिल राजपूत अशोक अग्रवाल पत्रकार सीताराम सोनी सहित भारी संख्या में भक्त कथा सुनकर जीवन को सफल बना रहे हैं।

# एसपी ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली। सुबह ठीक सात बजे परेड की शुरुआत हुई, जिसमें उन्होंने जवानों की ड्रेस, अनुशासन और बारीकी से समीक्षा की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने समस्त अधिकारी, कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया और परेड में कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट और एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में आयोजित परेड में पहुंचकर का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। इस परेड में जिले के विभिन्न थानों एवं समस्त शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी के साथ साथ (आरटीसी) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षी भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने अनुशासन एवं समर्पण के साथ परेड में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड में शामिल पुलिस कमियों को अनुशासन, व्यवहार कुशलता एवं पुलिस सेवा के नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ब्रीफ की और फिटनेस ड्रिल दौरान नवचयनित आरक्षियों का शारीरिक परीक्षण भी लिया गया साथ ही ट्रेनिंग उस्ताद को निर्देशित किया गया कि वे रिक्रूट आरक्षियों को सभी आवश्यक प्रशिक्षण बिंदुओं से समुचित रूप से अवगत कराएं।


पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करते एसपी शशांक सिंह। अमृत विचार



**तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुं ओर।
बसीकरन इक मंत्र है, परिहरू बचन कठोर।।**

संत तुलसीदास कहते हैं, मीठे वचन से हम सब ओर सुख फैला सकते हैं। किसी को भी वश में करने के लिए मिठास भरे शब्द एक मंत्र की तरह होते हैं, इसलिए इंसान को चाहिए कि कठोर वचन छोड़कर मीठा बोलने का प्रयास करें और अनजानों को भी अपना बना ले।



# 'तुम बहुत बोल चुके... अब मैं बोलूंगी'

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केंद्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, 'तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी।' भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं।

भारतीय समाज में स्त्रियां पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुद्‌गलानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था।

पति और पत्नी को मिलाकर दंपति बनता है। दंपति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'- जलमाताओं को नमस्कार किया गया है।

ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, 'इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है।

विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि 'यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।' यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है।

> भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।'



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे।

विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।' गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, 'जल किसमें आधारित हैं?' फिर पूछा गया, 'इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?' गार्गी ने पूछा, 'इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा, 'ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, 'ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता- जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं।

नारी माता हैं।

अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, 'तुम ऋक्र हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।'

दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं।

वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्‌गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, 'मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं।

ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा, 'मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए।' कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था।

वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं। पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।

# नेपाल में दिखने लगा है बालेन सरकार का असर

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

> दूसरे देशों में राजदूतों की नियुक्तियां प्रायः सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं। इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती हैं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है, लेकिन क्या नए राजदूत भी जेन जी श्रेणी के होंगे?

बालेन शाह की विदेश नीति पर दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है, जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे।

बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवतः इसी उद्देश्य से हाल में उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छः देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नागरिक शिष्टाचार भी संविधान का अंग

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके संविधान, कानूनों या लोकतांत्रिक संस्थाओं से नहीं होती, बल्कि उस देश के नागरिकों के व्यवहार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से भी होती है। भारत का संविधान हमें अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है, लेकिन साथ ही वह नागरिकों पर कुछ मौलिक कर्तव्यों का भी दायित्व डालता है। इन्हीं कर्तव्यों में नागरिक शिष्टाचार (Civic Sense) एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में सामने आता है।

आज भारत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन नागरिक शिष्टाचार की कमी अक्सर इस विकास को बाधित करती दिखाई देती है। सड़क पर कचरा फेंकना, यातायात नियमों का पालन न करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी संस्थाओं में अनुशासनहीनता— ये सभी व्यवहार केवल सामाजिक समस्या नहीं हैं, बल्कि संविधान की भावना के भी विरुद्ध हैं।

संविधान के अनुच्छेद 51(क) में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, देश की एकता और अखंडता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण करना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना जैसे कर्तव्य शामिल हैं। ये सभी कर्तव्य सीधे तौर पर नागरिक शिष्टाचार से जुड़े हुए हैं। यदि कोई व्यक्ति सड़क पर कचरा फेंकता है, तो वह केवल गंदगी नहीं फैला रहा होता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन भी कर रहा होता है। इसी प्रकार, सार्वजनिक संपत्ति जैसे बस, ट्रेन, सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाना संविधान की भावना के विपरीत है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

विकसित देशों की प्रगति का एक बड़ा कारण वहां के नागरिकों का अनुशासित व्यवहार और मजबूत नागरिक शिष्टाचार है। वहां लोग नियमों का पालन कानून के डर से नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में करते हैं। भारत में भी यदि नागरिक शिष्टाचार को मजबूत किया जाए, तो अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है— जैसे ट्रैफिक जाम, गंदगी, प्रदूषण और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग। नागरिक शिष्टाचार का विकास केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक संस्कार आवश्यक हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नागरिक शिष्टाचार को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। परिवार भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां बच्चों को बचपन से ही अनुशासन और जिम्मेदारी की शिक्षा दी जा सकती है।

सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वे नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयासों ने यह दिखाया है कि यदि नागरिकों को प्रेरित किया जाए, तो वे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अंततः, नागरिक शिष्टाचार केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। यदि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र बन सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेवड़ियों की राजनीति व बढ़ता आर्थिक संकट

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है। कभी सामाजिक सुरक्षा के औजार के रूप में देखी जाने वाली ये योजनाएं अब चुनावी रणनीति का केंद्र बन चुकी हैं। नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी-इन सबने मिलकर एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें चुनाव जीतने का गणित सीधे 'सीधे लाभ' से जुड़ गया है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम? यही इस पूरे विमर्श का मूल प्रश्न है।

> भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम?

फ्रीबीज की राजनीति का सबसे बड़ा उभार 2020 के बाद देखने को मिला, जब विभिन्न राज्यों में चुनावी घोषणाओं में नकद सहायता और मुफ्त सेवाओं का अनुपात तेजी से बढ़ा। पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मीर भंडार' योजना, मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना', तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में महिलाओं के खातों में सीधे पैसे भेजने की योजनाएं- इन सबने एक नया ट्रेंड सेट किया। अब स्थिति यह है कि चुनावी घोषणापत्र 'विकास के वादों' से ज्यादा 'सीधे पैसे और सुविधाओं' के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की प्रतिस्पर्धा बन गई है कि कौन ज्यादा देगा, कौन ज्यादा तेज़ी से देगा और किस वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाएगा। इस प्रतिस्पर्धा ने लोकतांत्रिक राजनीति को 'नीतिगत बहस' से हटाकर 'आर्थिक ऑफर' की दिशा में मोड़ दिया है। फ्रीबीज की राजनीति का सबसे अहम पहलू है- महिला मतदाताओं को केंद्र में रखना। लगभग हर राज्य में महिलाओं के लिए अलग योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें हर महीने 1000 से 2500 रुपये तक की नकद सहायता दी जा रही है। इस रणनीति के पीछे स्पष्ट गणित है। कई राज्यों में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में महिलाओं का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में यह वर्ग चुनावी नतीजों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है।

इन योजनाओं का सामाजिक असर भी दिखा है। कई गरीब परिवारों में महिलाओं के हाथ में पहली बार नियमित नकदी आई है, जिससे उनका घरेलू निर्णयों में प्रभाव बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या सिर्फ आर्थिक निर्भरता का नया रूप? फ्रीबीज की सबसे बड़ी आलोचना इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में इन योजनाओं का खर्च कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि सरकारों के पास विकास कार्यों के लिए पैसा कम बच रहा है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

मध्य प्रदेश में लाडली बहना और अन्य सब्सिडी योजनाओं पर सालाना करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। तेलंगाना में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। पंजाब में स्थिति और गंभीर है, जहां आय और खर्च के बीच बड़ा अंतर है और बजट संतुलन बिगड़ चुका है। इसका असर यह हो रहा है कि सरकारें लगातार कर्ज ले रही हैं। कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में वित्तीय संकट का खतरा बढ़ जाता है। छोटे राज्यों में तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि वेतन और पेंशन देने में भी दिक्कत आने लगी है। जब बजट का बड़ा हिस्सा फ्रीबीज पर खर्च होता है, तो सबसे पहले असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सड़क, पुल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य- ये सभी क्षेत्र धीरे-धीरे फंड की कमी से प्रभावित होते हैं। राजस्थान जैसे राज्यों में सड़क और पानी परियोजनाओं का बजट कम करना पड़ा। महाराष्ट्र में कुछ पारंपरिक योजनाएं बंद करनी पड़ीं। इसका मतलब यह है कि तत्काल राजनीतिक लाभ के लिए दी जा रही राहत, दीर्घकालिक विकास को कमजोर कर रही है। यह स्थिति एक 'ट्रेड-ऑफ' पैदा करती है- क्या सरकारें आज राहत दें या भविष्य के लिए निवेश करें? अगर यह संतुलन बिगड़ता है, तो आने वाले वर्षों में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि पर गंभीर असर पड़ सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पाप के अंत के लिए विधि को करनी पड़ती है व्यवस्था

रातों-रात धनी बनने एवं रौबदार जीवन जीने के लिए हमेशा झूठ बोलना, दूसरों को धोखा देना, चुगली-निंदा में लगे रहना तथा किसी से कुछ लेकर उसे वापस न करना, यह सब निंदनीय कार्य है। ऐसे कार्यों में लगे रहने वाला यदि धन कमा भी लेता है तो भी लोग उसे बुरी नजर से ही देखते है। उसकी बहुत जल्द बदनामी भी होने लगती है, लेकिन अपने रुआब में वह किसी की बात की परवाह नहीं करता है। प्रायः ऐसे लोग एक जबरदस्त गिरोह बना लेते हैं। लोगबाग गिरोह से मुकाबला न करने की स्थिति में चुप रहना ही उचित समझते हैं, लेकिन किसी न किसी दिन कोई ऐसा प्रकट हो जाता है जो ऐसे गिरोह को नेस्तनाबूद कर देता है। आए दिन समाज में देखने को मिलता है कि जिसके नाम से लोग थर्राते थे, उसका अंत अत्यंत बुरे ढंग से होता है। ऐसी स्थिति में इन कथित रुआबदारों का कोई साथ नहीं देता।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लिया जाए तो द्वापर युग में कृष्ण का मामा कंस था। वह अन्यायी था। जब भविष्यवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसका विनाश करेगा, तब वह कांपने लगा। उसकी भरसक कोशिश यही थी कि देवकी के पुत्रों को वह मार डाले। उसने ऐसा जघन्य कार्य किया भी, लेकिन पाप का चूंकि अंत होना था, तो विधि ने ऐसी व्यवस्था की कि कृष्ण रातोंरात नन्द के घर चले गए और उनकी जगह योगमाया आ गई, जिसको जब कंस ने मारना चाहा तो योगमाया उसके हाथों से छूट कर आकाश मार्ग की ओर चली गई तथा कंस को चेतावनी देते हुए कहा, 'रे कंस, तुझे मारने वाला पैदा हो गया है।' योगमाया की इस ध्वनि को कंस ने 'काल-ध्वनि' के रूप में लिया और हर संभव कोशिश करने लगा कि कृष्ण को मार डाला जाए।

धार्मिक उद्धरणों की तरह समाज में पनपने वाले कंस सरीखे लोगों का भी यही हश्र होता है। कोई न कोई ऐसा प्रकट हो जाता है, जिसके हाथों ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मौका मिल जाता है। अतः इंसान को चाहिए कि वह बुरी लतों से दूर रहे। वरना किसी न किसी दिन दंड मिलकर रहता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# डीपफेक: फिलहाल जागरूरता ही है बचाव का उपाय

डिजिटल युग में तो हम रमते जा रहे हैं, अब इस युग के आर्टिफिशियल इंटलिजेंस कल्चर से भी अछूते नहीं रहे। इसी कल्चर का एक हिस्सा अगर हमें प्रगति करने को स्मार्ट बना रहा है तो वहीं, दूसरा डीपफेक हमारी सिरदर्दी का बड़ा कारण बन चुका है। इस डीपफेक संस्कृति ने मानो कटाक्ष में अनैतिकता को देखकर कहे जाने वाले 'घोर कलयुग' की शब्दावली को वाकई परिभाषित कर दिया हो।



वास्तव में डीपफेक ने सत्य को ही संदेहास्पद बना दिया। अब आंखों देखी और कानो सुनी भी सत्य नहीं रहा। वीडियो, फोटो में हूबहू जिस शख्स को हम देखते हैं, विश्वास नहीं कर सकते कि वही हो। ऐसा ही आवाज के साथ है, किसी अपने की ही चिरपरिचित कॉल धोखा दे सकती है। पुरानी कहावत है, देखकर और कानो से सुनकर ही विश्वास करो। कैसे करें?

दरअसल, डीपफेक केवल मनोरंजन या चेहरे बदलने की तकनीक नहीं है। इसके खतरे विध्वंसकारी हैं। किसी लोकप्रिय नेता का भ्रामक डीपफेक बयान सामाजिक हिंसा की वजह बन सकता है। वहीं, निजी स्तर पर स्त्रियों के खिलाफ बढ़ते 'डिजिटल क्राइम' और 'वॉयस क्लोनिंग' के जरिए फाइनेंशियल-फ्रॉड ने समाज में एक अविश्वास का माहौल फैला रखा है। हकीकत यह है कि ऐसी तकनीक व्यक्ति की पहचान को ही हथियार बना रही है। हद तो यह है कि ईश्वरीय स्वरूप तक से छेड़छाड़ की जा रही है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

याद कीजिए भारतीय परिवेश में हम 'सत्यम शिवम सुंदरम' की संस्कृति को जेहन में रखकर पले-बढ़े हैं। यह वाक्यांश भारतीय दर्शन में ईश्वर के शाश्वत स्वरूप को दर्शाता है, जहां सत्य यानी अविनाशी, शिव यानी कल्याणकारी और सुंदरम् यानी सौंदर्य को एक ही परम् तत्व ब्रह्म के तीन पहलू समझा गया है। सही मायनों में सत्यम यानी सत्य का अर्थ है जो कभी न बदले, जो त्रिकालाबाधित अर्थात अतीत, वर्तमान और भविष्य में एक समान रहे। शिवम् यानि शुभ या कल्याणकारी शिव का आशय उस तत्व से है, जो सर्वोच्च शुभ है और जिसमें पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है। इसी तरह सुंदरम् यानी सुंदर या सौंदर्य का आशय शारीरिक सुंदरता से नहीं बल्कि परम् सत्य के साथ सामंजस्य में होने वाली सुंदरता से है। भारतीय दर्शन कहता है कि किसी भी कार्य, नीति या वस्तु की तभी स्वीकार्यता है, जब उसमें तीनों गुण- सत्य, कल्याण और सुंदरता विद्यमान हों। अब ऐसे में मौजूदा डीपफेक कल्चर, क्या हमारी पुरातन अथवा सनातनी संस्कृति के साथ घृणित मजाक नहीं?

लगता है 21वीं सदी में सत्य की परिभाषा ही बदल गई है। जिस एआई तकनीक ने हमें भविष्य के सपने दिखाए थे, उसी का एक भाग डीपफेक अब हमारे वर्तमान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए सच दिखने वाले फेक वीडियो और ऑडियो ने दिग्भ्रमित कर रखा है। यहां सवाल केवल तकनीक के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि हमारी डिजिटल सुरक्षा और लोकतांत्रिक व निजी मूल्यों के अस्तित्व के साथ हनन का भी है।

राहत की बात यह है कि इस संकट से निपटने के लिए दुनिया अब सतर्क-सचेत हो रही है। भारत सरकार ने इस दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। आईटी नियमों (2021) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय हो गई है। ऐसे में 24 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटानी होगी। इतना ही नहीं, इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे डिजिटल दुनिया के दिग्गज अब ऐसे डिटेक्शन टूल्स (जैसे फेक कैचर) विकसित कर रहे हैं, जो हयूमन बॉडी के सूक्ष्म जैविक संकेतों (जैसे ब्लड फ्लो) के आधार पर असली और नकली का अंतर साफ कर सकते हैं। वहीं, 'डिजिटल वॉटरमार्किंग' जैसे प्रयोग भविष्य में कंटेंट की प्रामाणिकता को प्रमाणित करने के लिए एक डिजिटल पासपोर्ट का काम करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### आरती के दौरान पलटी नाव, सभी सुरक्षित बचाये गये

**चित्रकूट।** रामघाट पर मंदाकिनी नदी में शनिवार शाम आरती के दौरान एक नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार सभी श्रद्धालु नदी में गिर गए, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दिल्ली से आए श्रद्धालुओं का एक समूह संध्याकालीन आरती देखने के लिए नाव में सवार हुआ था। शाम करीब 7:10 बजे नाव चालक रमेश केवट की नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। घटना होते ही ड्यूटी पर तैनात सिपाही शिवम मिश्रा, रविंद्र राठौर, जंग बहादुर और लल्लू बिंद ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय नाविकों और नागरिकों की मदद से सभी श्रद्धालुओं को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। बचाई गई महिलाओं में एक की पहचान सुनीता निवासी दिल्ली के रूप में हुई है, जबकि अन्य श्रद्धालुओं की पहचान की पुष्टि नहीं हुई।सीओ सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि नाव से कुछ महिलाएं मंदाकिनी आरती दर्शन कर रही थीं। उसी दौरान ये हादसा हो गया। सभी को बचा लिया गया है।

### गुमटी में लगी आग से दो लाख का नुकसान

**बरगढ़।** हाईवे के किनारे अरवारी में एक गुमटी में लगी आग से सारा सामान राख हो गया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद हुसैन पुत्र विक्कन खान की हाईवे किनारे अंडा और किराने के सामान की गुमटी है। इसमें शनिवार की दुपहर आग लग गई। इसमें फ्रीजर सहित सब सामान जलकर राख हो गया।

### लोकतंत्र सेनानी मिलन समिति का सम्मेलन

**सीतापुर।** राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी मिलन समिति के तत्वावधान में शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मेलन हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. रतन कुमार पारीक, संगठन मंत्री शीतल प्रसाद अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नवल किशोर मिश्र, अशोक शर्मा, मंत्री राकेश जैन, जगन्नाथ सहाने, सुशील पांडेय, चंद्रशेखर सिंह, ओंकार सिंह, सांवलिया गिरी आचार्य देवेंद्र चैतन्य आदि ने विचार रखे। अध्यक्षता रमेश राघव ने की।

### थाना मऊ में समाधान दिवस का आयोजन

**मऊ (चित्रकूट)।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने शनिवार को हुए थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निस्तारण रजिस्टर को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उनसे संबंधित व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। जमीन संबंधित विवादों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारित करें।

### 15 तक जमा कराएं पेंशन संबंधी प्रत्यावेदन

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में चार मई को बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत लगाई जाएगी। इसमें चित्रकूटधाम मंडल के सभी जिलों के पेंशनरों के लंबित वादों का निस्तारण किया जाएगा। बताया कि संबंधित वाद पत्र और प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 15 अप्रैल तक जमा किए जा सकते हैं। न्यायालय में विचाराधीन प्रत्यावेदनों पर पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### राजस्व वसूली में 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**चित्रकूट।** जिला खनिज अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि खनिज विभाग ने इस बार पिछले वर्ष के सापेक्ष 20 फीसदी की बढ़ोतरी की है। बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में जिले को 106 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई थी, वहीं इस बार 127 करोड़ रुपये वसूले गए हैं। बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने अवैध खनन/परिवहन पर रोकथाम के लिए पहली बार थाना स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करने के साथ तहसील और जिला स्तरीय टास्क फोर्स को खनन क्षेत्रों में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए। जिले में 24 नए खनन क्षेत्रों को विज्ञापित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। बताया कि 10 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई और 16 प्रकरणों में परिवाद दायर किया गया।

# मंदिरों में चोरी के सामान समेत 4 आरोपी दबोचे

## चांदी की 14 सिल्ली, मुकुट, नकदी और चोरी के औजार बरामद, आरोपियों में एक सुनार भी शामिल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंदिरों में चोरी कर पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे तीन लोग आखिरकार हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने इन आरोपियों से चांदी की 14 सिल्ली, मुकुट, आरती की थाली, 65 हजार सात सौ रुपये, बाइक और चोरी में काम आने वाले उपकरण बरामद किए। एक सुनार को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। बताया कि प्रभारी एसओजी एमपी त्रिपाठी व प्रभारी कोतवाली दुर्गविजय सिंह की संयुक्त टीम ने मंदिरों में चोरी की छह घटनाओं का खुलासा किया। गौरतलब है कि बीते दिनों भरतकूप के भरत मंदिर, पहाड़ी के अकेलवा बाबा हनुमान मंदिर और लोढ़वारा के बाल हनुमान मंदिर में चोरियां हुई थीं। लगातार मंदिरों में हो रही चोरियों से जहां श्रद्धालुओं में रोष था, वहीं पुलिस पर भी इनके खुलासे का दबाव था। एसपी ने टीमें गठित कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे। एसपी ने बताया कि लोढ़वारा के मंदिर में हुई चोरी के बाद वहां के एक सीसीटीवी फुटेज को देखने पर बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे थे। शुक्रवार को मुखबिर ने सूचना दी कि ये आरोग्य धाम के पास एक धर्मशाला में रुके हैं व चोरी के माल को बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने दोनों को खोही तिराहा-बंदरकोल मार्ग पर बाइक से जाते हुए धर दबोचा। एक ने अपना नाम विजय कुमार शुक्ला पुत्र उमादत्त निवासी विमल विहार कालोनी थाना सिकंदरा (आगरा) व हालमुकाम राजापुर व दूसरे ने बाबरशाह पुत्र मुन्ना निवासी मोहल्ला अफगानान मंडावर थाना मंदावर (बिजनौर) बताया। इनकी निशानदेही पर गल्ला मंडी से दो अन्य आरोपियों मोहनलाल पटेल पुत्र मोतीलाल निवासी धरममुहापुर थाना मंझनपुर (कौशांबी) और कामता प्रसाद मौर्य पुत्र छेदीलाल निवासी रामनगर थाना खागा (फतेहपुर) को गिरफ्तार किया गया। कामता ने बताया कि वह सुनारी का काम करता है। इन लोगों के दिए मुकुट व अन्य आभूषणों को गलाकर इन्हें दे देता था। इन लोगों ने बताया कि वे माल बेचने आगरा जा रहे थे। आरोपियों पर मप्र और उप्र के थानों में कई मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने चित्रकूट के अलावा बांदा, फतेहपुर एवं सतना (मप्र) के विभिन्न मंदिरों में चोरियां की हैं।



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। अमृत विचार

### एसपी ने किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक ने चोरियां का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया। विशेष भूमिका निभाने पर पुलिसकर्मी अभिषेक प्रताप सिंह, गोलू भार्गव और उपनिरीक्षक विवेक सिंह चौकी प्रभारी रगौली को प्रशस्तिपत्र भी दिए।

### कुत्तों के खिलाने के लिए जहर लिए थे

- विजय और बाबर की तलाशी में पुलिस को कुचला नामक जहरीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, इन्होंने बताया कि मंदिरों में चोरी के दौरान कुत्ते मिलने पर ये लोग मिठाई में मिलाकर उनको इसे खिला देते हैं। गौरतलब है कि बाल हनुमान मंदिर लोढ़वारा में चोरी होने के बाद वहां तीन कुत्ते मरे पाए गए थे।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

- आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली सर्विलांस टीम में मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुशवाहा, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, रोशन सिंह शामिल रहे। कोतवाली कर्वी की टीम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेंद्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह, एसआई विवेक कुमार सिंह, शनि चतुर्वेदी, आरक्षी राहुल देव, जयनारायण पटैरिया, विपिन कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह,मोहित कुमार और दीप प्रताप रहे।



बैठक में मौजूद कृषि वैज्ञानिक और किसान। अमृत विचार

# मोबाइल से किसानों को दिया जाए खेती संबंधी परामर्श

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में बैठक का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में हुई वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में ग्रामोदय विवि के डॉ. देव प्रभाकर राय ने मोबाइल आधारित कृषि परामर्श सेवाओं को किसानों तक पहुंचाने एवं यूट्यूब जैसे माध्यमों से सफल किसानों की कहानियों के प्रसार पर जोर दिया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने केंद्र की उपलब्धियों को बताया। बांदा कृषि विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक डॉ. मयंक दुबे ने पशुपालन से जुड़े पारंपरिक ज्ञान का उपयोग तथा चारा कैफेटेरिया की स्थापना पर बल दिया। डॉ. बीके गुप्ता ने कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। डॉ. सुभाष चंद्र सिंह ने फलदार बागों की स्थापना एवं पुराने बागों के पुनर्जीवन के लिए प्रयास करने की सलाह दी।

डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने भूमिहीन किसानों को रोजगार से जोड़ने तथा समिति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रो. देव प्रभाकर राय, डा. मयंक दुबे, डा. नवीन शर्मा, अनिल कुमार सिंह कृषक उत्पादन संगठन के प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान आदि मौजूद रहे। प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि एवं उससे जुड़े विभागों की भूमिका पर परिचर्चा भी हुई।

# साहब! बिटिया की शादी है घर की बिजली जोड़ दो

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक ग्रामीण ने बिजली विभाग से गुहार लगाई है कि उसकी बिटिया की शादी है, घर की बिजली जोड़ दी जाए। घरों की लाइन ट्यूबवेल की लाइन से जुड़ी होने से कई घरों की बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है।

ग्राम पंचायत छीबों के मजरा सीठीपुरवा निवासी बद्री प्रसाद ने बताया कि उसकी बिटिया की 21 अप्रैल को शादी है। इसके पूर्व उसे घर में 13 अप्रैल से श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुननी है। उसने बताया कि पावर हाउस छीबों से ट्यूबवेल के लिए आने वाली बिजली आपूर्ति से उसके मुहल्ले के घरों की लाइन भी जुड़ी है। आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले उसके मुहल्ले के लगभग आधा दर्जन मकान रात में अंधेरे में रहते हैं। अब तो सिंचाई भी बंद हो गई है। ऐसे में ट्यूबवेल की लाइन का या तो समय बदला जाए अन्यथा घरों की बिजली लाइन को सीठीपुरवा की लाइन से जोड़ दिया जाए। इस संबंध में जानकारी के लिए पावर हाउस छीबों को फोन किया गया लेकिन काल रिसीव नहीं की गई।



बद्री प्रसाद।

# ग्रामीण ने जमीन कब्जाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कमिश्नर को पत्र भेजकर जांच कराने की गुहार

**अमृत विचार।** भरतकूप निवासी एक ग्रामीण ने मंडलायुक्त को शिकायतीपत्र भेजकर राजस्वकर्मियों और दबंगों पर मिलीभगत कर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। उसने एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

भरतकूप निवासी अंबे कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि वह वैध संक्रमणीय भूमिधर है। उसकी भूमि बांदा-प्रयागराज मार्ग के उत्तर दिशा में है। आरोप लगाया है कि आठ अप्रैल राजस्व विभाग की टीम ने पूरी साजिश के तहत कुछ लोगों के साथ मिलकर उसकी जमीन पर कब्जा करा दिया। पीड़ित के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम में जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने जानबूझकर उसकी जमीन को गलत स्थान पर चिह्नित करते हुए पिलर गाड़ दिए। आरोप है कि यह सब कुछ दबंगों को लाभ पहुंचाने और भूमिधर को बेदखल करने के इरादे से किया गया।

उसका कहना है कि जिस आराजी संख्या को आधार बनाकर यह कार्रवाई की गई, वहां पहले से ही आबादी बसी हुई है और वर्ष 2020 में 18 लोगों के नाम आवासीय अभिलेखों में दर्ज हैं। बताया कि उक्त भूमि से संबंधित वाद न्यायालय में विचाराधीन है और अगली सुनवाई 24 मई को निर्धारित है। इसके बाद भी राजस्वकर्मियों ने नियमों की खुली अनदेखी की। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि लेखपाल ने पट्टा दिलाने के नाम पर रुपये वसूले। लेकिन पैसा लेने के बाद न तो पट्टा दिलाया गया और न कोई वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस लेनदेन की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। मंडलायुक्त से मांग की कि पिलरों को तत्काल हटवाया जाए, मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल राजस्वकर्मियों आदि पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, लेखपाल लाल बहादुर का कहना है कि मामला आबादी और भूमिधारी जमीन से जुड़ा है और न्यायालय में विचाराधीन है। पैसे के लेनदेन के आरोप को गलत बताया।

# जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटिहार की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक हुई। डीएफओ ने कहा कि सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर न लगाए जाएं। उन्होंने कूड़े के निस्तारण के लिए चिह्नित स्थलों एवं मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटरों का शत-प्रतिशत उपयोग करने को कहा। वाल्मीकि आश्रम की स्वच्छता के लिए गठित विशेष समिति को सक्रिय करने के निर्देश दिए। इसके अलावा तटवर्ती क्षेत्रों में सघन पौधरोपण पर बल दिया। जिला परियोजना प्रबंधक ने बताया कि नदियों के कायाकल्प की विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल से निर्मित उत्पादों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया। 29 पौधशालाओं (नर्सरी) की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के लिए अफसरों को निर्देशित किया।

# खोये मोबाइल पाकर खुश हुए उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रभारी एसओजी, सर्विलांस की अगुवाई में टीम ने 51 मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी अनुमानित कीमत लगभग सात लाख 20 हजार रुपये बताई गई। मोबाइल धारकों ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को प्रार्थनापत्र देकर और पोर्टल पर मोबाइल खोने की जानकारी दी थी।

प्रभारी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में सर्विलांस एवं थानों के टीमों ने इनकी बरामदगी की। एसपी ने शनिवार को इन्हें मोबाइलधारकों के सुपुर्द किया। इस पर इन लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कर पुलिस की सराहना की। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राघवेंद्र, रोशन सिंह और गोलू भार्गव शामिल रहे।



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ मोबाइल धारक। अमृत विचार

# पर्चे के लिए मांगी जाती ओटीपी मरीजों को होती दिक्कत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर जिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को होने वाली दिक्कतों की जानकारी दी है। उनका कहना है कि पर्चे के लिए मोबाइल की ओटीपी मांगी जाती है, जिसकी वजह से होने वाली देरी से परेशानी होती है।

अधिवक्ता का आरोप है कि जिला अस्पताल में आम आदमी को परेशान करने के लिए नए नए नियम लागू किए जा रहे हैं। इलाज से पहले इतनी औपचारिकताएं कराई जाती हैं कि मरीज और तीमारदार वापस जाना ही मुफीद मानते हैं। बताया कि तमाम लोगों का मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक नहीं है। ऐसे में जब पर्चा बनाने से पहले ओटीपी की मांग की जाती है तो मरीजों को दिक्कत होती है। ओटीपी आने के बाद ही इसका पर्चा काटने की प्रक्रिया शुरू होती है। ऐसे में एक व्यक्ति को 20 से 25 मिनट लगता है। प्रक्रिया अपराह्न साढ़े 12 बजे तक ही होती है और इसके बाद विंडो बंद कर दी जाती है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि वे जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर ध्यान दें।

**आयोजन** स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने पर हुआ कार्यक्रम

# शोषण रोकने को हुई किसान सभा की स्थापना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने पर शनिवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि किसानों का शोषण रोकने और समस्याओं के समाधान के लिए 11अप्रैल 1936 को स्वामी शहजानंद सरस्वती ने कानपुर में अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना की थी।

उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा पूरे देश में किसानों का सबसे बड़ा संगठन है। किसान सभा के कार्यालय में महिला किसान सुंता और उत्तर प्रदेश किसान सभा राज्य काउंसिल सदस्य पूनम ने झंडारोहण किया। अध्यक्षता वीर बहादुर सिंह ने की। चुनकू राम पाल ने कहा कि आज पुनः वही दौर आ गया है। किसानों के खिलाफ पूंजीवादी शोषणकारी नीतियां बनाई जा रही है इसलिए किसानों को एकजुट होकर किसान सभा को मजबूत करना है।

जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने हर गांव में किसान सभा, हर किसान किसान सभा का नारा बुलंद किया और एक साल तक हर गांव में स्थापना समारोह मनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वीर बहादुर ने समापन भाषण दिया। इस मौके पर चुन्नू राम, मिथलेश, सोनम, छेदी राम, दीपक मेडिया, रनुआ, राजकली, लछमन, गुलजार, विनीत, विकास, सनीश, शिव प्रसाद, शिवमोहन आदि किसान मौजूद रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट। अमृत विचार

### किसानों को जल्द दें मुआवजा

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बेमौसम बारिश से प्रभावित हुई फसलों के नुकसान के संबंध में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा की। एडीएम ने निर्देशित किया कि सर्वे जल्द से जल्द पूरा करके पात्र किसानों को बीमा क्लेम का लाभ दिलाया जाए।

बैठक में उप कृषि निदेशक राज कुमार, कार्यदायी संस्था यूनिवर्सल सोंपो के जिला समन्वयक प्रदीप शुक्ला, जिला प्रबंधक समीर पाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर उनको बताया गया कि जिले में नुकसान के 3130 दावे प्राप्त हुए हैं। कृषि विभाग, बीमा कंपनी एवं राजस्व लेखपाल ने 1584 दावों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। एडीएम ने निर्देशित किया गया कि अनावश्यक किसी किसान का आवेदन निरस्त न किया जाए।


**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुराने आधार कार्ड नं0-822803382192 पर मेरा नाम त्रुटिवश सोनी पाण्डेय अंकित हो गया था, जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम खुशबू पाण्डेय है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा समस्य शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। उपरोक्त खुशबू पाण्डेय एवं सोनी पाण्डेय दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे हैं। भविष्य में मुझे खुशबू पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाये। **खुशबू पाण्डेय पुत्री श्री प्यारे लाल पाण्डेय पता- तपोवन नगर निकट बंधुवा ताल, कानपुर रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं **अरविन्द कुमार पुत्र जोखूलाल ग्राम अतागंज उसरी, पो. रामीपुर, प.त.सलोन जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा नाम पहले उदय सिंह पुत्र जोखूलाल था।आधार कार्ड सहित सभी सरकारी अभिलेखों में भी नाम अरविन्द कुमार करा दिया है, जो कि सही है। दोनों ही नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

मै, **धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 केशर राम निवासी मकान नम्बर 577, आवास विकास-3, कानपुर नगर** मेरे द्वारा दिनांक 17/11/2025 को जो प्रार्थना पत्र मेरी पुत्री के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक उन्नाव को दिया गया था उस घटना से व मेरे व मेरे परिवार से रोहित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी एम0 774, केशवपुरम् कानपुर का कोई लेना देना नहीं है न भविष्य में होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम VIVEKANAND S/O HOT CHANDRA SATYA था जो कि दिनांक 01/04/2026 को मैंने अपना नाम बदलकर VIVEK SATYA S/O HOT CHANDRA SATYA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **निवासी पुलिस लाइन रोड रायपुर राजा थाना कोतवाली देहात, जनपद बहराइच।**

**सूचना**

I, Sudhir Verma 54/54, Veer Nagar, Chitwapur Bhuiyan, Lucknow, hereby declare that my daughter's name has been changed from Disha to Disha Saxena. Now my daughter should be known as Disha Saxena for all future purposes.

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम आरती सिंह था, जिसे बदलकर मैने मालती देवी कर लिया था, मालती देवी उर्फ आरती सिंह दोनों नाम एक ही महिला / मेरे ही हैं, भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों हेतु मालती देवी के नाम से जाना पहचाना जाये। **मालती देवी पत्नी छत्तर सिंह, निवासिनी- मकान नं0-142/2, ठेला ग्राउन्ड (सेना आउट्रम लाईन) सदर कैन्ट लखनऊ।**

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम MAHEERA MOHAMMED RAIS से बदल कर MAHEERA रख लिया है। अब मेरी पुत्री को MAHEERA नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O: SAMIRA TAUFIQ R/O: 115/4, BAGH MUNNU ROAD, GHASIYARI MANDI, KAISERBAGH, LUCKNOW

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अनु कश्यप का नाम सुकन्या समृद्धि खाता संख्या 3161483538 डाक घर तेरवा सिधौली में गलती वश अनु हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम अनु कश्यप है। **रमेश कुमार निवासी-बराती लाल प्लॉट नं0 859 खसरा नं0 1415 जेहता बरवां कलान लखनऊ।**

**सूचना**

मेरे बेटे का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश यशराज तिवारी दर्ज हो गया है, जबकि वास्तविक नाम आदित्य तिवारी है, उसे आदित्य तिवारी के नाम से ही जाना पहचाना जाय। **अतुल कुमार तिवारी पुत्र स्व. सभाजीत तिवारी, नई बाजार, बलरामपुर।**

**सूचना**

मैं नं 13628011AHV **पवन कुमार सिंह ग्राम नरसिंह मन्दिर कालोनी पोस्ट थाना. एस0जी0पी0जी0आई जिला लखनऊ** U.P. मेरे सर्विस अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम मानस पियुष (Manash Piyush) एवं पुत्री का नाम मिनाक्षी कुमारी (Menakshi Kumari) गलत दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम मानस पियुष सिंह MANASH PIYUSH Singh एवं पुत्री का सही नाम मिनाक्षी सिंह MEENAKSHI Singh है। भविष्य में मेरे दोनो बच्चो को सही नाम से जाना जाए।

**बिजली कंपनियां ने किया एचईआरसी का रुख**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



## बिजनेस ब्रीफ

### मारुति सुजुकी 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी

**हैदराबाद।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड वर्ष 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए आयोजित एक कार्यक्रम में एक ही दिन में ई-विटारा की 108 इकाइयां ग्राहकों को सौंपी। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि यह ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है, क्योंकि कंपनी स्वच्छ परिवहन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

### डिजिटल निवेश मंच 5पैसा कैपिटल के इश्यू को 1.24 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** डिजिटल निवेश मंच 5पैसा कैपिटल ने 468.8 करोड़ रुपये का अपना राइट इश्यू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसे 1.24 गुना अभिदान मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, यह इश्यू 27 मार्च को खुला था और शुक्रवार को बंद हुआ। इसमें 1.56 करोड़ शेयरों के मुकाबले करीब 1.93 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। राइट इश्यू का मूल्य 300 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। पात्र शेयरधारकों को हर दो शेयर पर एक राइट शेयर खरीदने का अधिकार दिया गया था। शेयरों के आवंटन की निर्धारित तिथि 15 अप्रैल 2026 है। इसके बाद उसी दिन शेयर निवेशकों के डिमैट खातों में जमा किए जाने की उम्मीद है और 16 अप्रैल 2026 को ये एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध हो जाएंगे।

### भूटान की जलविद्युत परियोजना पर 7 साल बाद काम फिर शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भूटान की 1,200 मेगावाट की पुनात्सांगछू-1 जलविद्युत परियोजना पर सात साल के निलंबन के बाद काम फिर से शुरू हो गया है। भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बांध निर्माण की शुरुआत के प्रतीक के रूप में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में शिरकत की। भूगर्भीय चुनौतियों के कारण 2019 से रुकी हुई इस परियोजना का पुनरुद्धार द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। इसके अगले पांच वर्षों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। इसका वित्तपोषित भारत ने किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मनोहर लाल ने भूटान यात्रा के दौरान परियोजना स्थल का दौरा किया। यह दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा संयुक्त जलविद्युत उपक्रम है। इसके पूरा होने पर भूटान की जलविद्युत क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

# अब डीजल पर 55.5, एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क

## अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना उद्देश्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को डीजल के निर्यात शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के लिए यह दर अब 42 रुपये प्रति लीटर होगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का



उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

**निर्यातकों पर पिछली बार 26 मार्च को डीजल पर 21.50 रुपये और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था**

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के बाद तेहरान की ओर से व्यापक जवाबी कार्रवाई की गई थी।

हालांकि, आठ अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजरायल दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिससे पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ व्यवधान फिलहाल थमा है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क इस समय शून्य बना हुआ है।

## दिल्ली में 'डिलीवरी' बेड़े में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में ऐप आधारित सामान तथा भोजन आपूर्ति एवं यात्रा की सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों (एग्रीगेटर) के इस वर्ष से अपने बेड़े में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन शामिल करने पर रोक लगेगी जबकि 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यह मंशा दिल्ली सरकार द्वारा जारी ईवी नीति के मसौदे में व्यक्त की गई है।

दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026-2030 के मसौदे में प्रस्ताव किया गया कि इस वर्ष एक जनवरी से एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित दोपहिया वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के मौजूदा बेड़े में पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, एग्रीगेटर को बेड़े में बीएस-6 उत्सर्जन मानक वाले दोपहिया वाहनों को शामिल करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2026 तक होगी, जिसके बाद उन्हें अपने बेड़े को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना अनिवार्य होगा। इस नीति में ऑटो-रिक्शा सहित यात्री इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रस्ताव किया गया है। इसमें कहा गया कि नई नीति की अधिसूचना की तारीख से पहले वर्ष में 50,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 40,000 रुपये और तीसरे वर्ष में 30,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रोत्साहन राशि पुराने सीएनजी ऑटो-रिक्शा को बदलने के साथ-साथ दिल्ली में पंजीकृत नए ऑटो-रिक्शा पर भी लागू होगी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति शृंखला बनाये रखने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति शृंखला बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव को स्वीकार किया और व्यापार में सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास करते हुए जल्द सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

- **केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री से की बात**

श्री गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों का उल्लेख किया।

दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में शीघ्र प्रगति की आशा व्यक्त की। श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि हाल ही में घोषित युद्धविराम से क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब में हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। इस बैठक में भारत-सऊदी अरब आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इससे पहले श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत तथा बहरीन के अपने समकक्षों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से अलग-अलग बात की थी। इन सभी बैठकों में उन्होंने पश्चिम एशिया में जल्द स्थायी शांति बहाली की कामना की, आपूर्ति शृंखला संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## बढ़ता जा रहा है अमीर और गरीब देशों के बीच का अंतर

**-संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**




अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई को कम करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बड़े सुधार समेत जिन ऐतिहासिक फैसलों पर पिछले साल सहमति बनी थी, उनके पूरा नहीं होने से जहां समृद्ध राष्ट्र और मजबूत होते जा रहे हैं। वहीं गरीब देश विकास की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई है।

स्पेन के सेविले में पिछले साल जून में अपनाए गए खाके का आकलन करती यह रिपोर्ट अगले हफ्ते वाशिंगटन में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की अहम बैठकों से ठीक पहले जारी की गई है। पिछले साल जून में अपनाई गई इस रूपरेखा का उद्देश्य अमीर-गरीब देशों के बीच की खाई को पाटना और 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक विकास को गति देने की पूरी तैयारी थी, लेकिन ईरान युद्ध के कारण अब विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर अनिश्चितता के गहरे बादल छा गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने चेताया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विकासशील देशों की

- **वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों से ठीक पहले जारी की गई रिपोर्ट**
- **ईरान युद्ध से विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर छाए अनिश्चितता के गहरे बादल**

चुनौतियों को और गंभीर बना रहे हैं, जिससे उनके लिए वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से कहीं अधिक कठिन होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए यह समय बेहद जोखिमभरा बनता जा रहा है, क्योंकि भू-राजनीतिक हित अब तेजी से आर्थिक संबंधों और वित्तीय नीतियों की दिशा तय करने लगे हैं।

रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि बढ़ती व्यापारिक बाधाएं और एक के बाद एक आ रही जलवायु संबंधी आपदाएं भी इस बढ़ती खाई को और चौड़ा कर रही हैं। पिछले वर्ष सेविले में आयोजित सम्मेलन में अमेरिका को छोड़कर कई देशों के नेताओं ने सर्वसम्मति से सेविले प्रतिबद्धता को अपनाया था, जिसका उद्देश्य विकास के लिए हर साल मौजूद चार हजार अरब डॉलर की वित्तीय कमी को पाटना था।

# परीक्षण के लिए एक साल में तैयार होगा वंदे भारत स्लीपर का प्रारूप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा।

आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन



- **आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ सतीश कुमार ने दी जानकारी**

की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है।

अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जोड़ी को कामाख्या और हावड़ा के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अन्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के संचालन को लेकर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन इस संबंध में रेल मंत्रालय ने अभी तक कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

## स्टार्टअप की दुनिया

### ज्यादा संघर्ष लेकिन अपार सफलता

यह शब्द सुनने में जितनी ग्लैमरस लगता है, असल में यह उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक होता है। एक स्टार्टअप सिर्फ एक नया बिजनेस नहीं है, बल्कि यह एक अनोखे आइडिया के साथ तेजी से स्केल करने की कोशिश है। एक बिजनेस और स्टार्ट अप में कई बुनियादी अंतर होते हैं। मसलन, बिजनेस का मुख्य उद्देश्य कम या मध्यम जोखिम के साथ लाभ कमाना होता है जबकि स्टार्टअप उच्च जोखिम के साथ तेजी से विकास पर केंद्रित होता है और वैश्विक स्तर पर विस्तार की क्षमता रखता है।




### शुरुआत की बड़ी चुनौतियां

- आइडिया नहीं समस्या खोजें, क्योंकि ज्यादातर लोग ऐसा प्रोडक्ट बनाने के कारण फेल होते हैं जिसकी किसी को जरूरत नहीं होती।
- शुरू में करोड़ों खर्च कर परफेक्ट प्रोडक्ट बनाने की कोशिश गलती है, अपने आइडिया का बेसिक मॉडल बनाएं और उसे टेस्ट करें।
- आपको ऐसे पार्टनर्स चाहिए जिनकी स्किल्स आपसे अलग हों। अगर आप तकनीकी काम में अच्छे हैं तो पार्टनर सेल्स में माहिर हो।
- स्टार्टअप की दुनिया में कैश इज किंग कहा जाता है। हिसाब रखें कि आपके पास कितना पैसा है और वह कितने महीनों तक चलेगा।

### यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न

- यूनिकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 8,300 करोड़ रुपये पहुंच जाती है।
- दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न्स हैं।
- डेकाकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यू 10 बिलियन डॉलर से ऊपर होती है, स्विगी इसी श्रेणी का स्टार्टअप है।

- **भारत में 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली 125 कंपनी**

### क्या होते हैं रास्ते

- बूटस्ट्रैप्ड : जब फाउंडर अपने खुद के पैसे या मुनाफे से बिजनेस बढ़ाता है।
- फंडेड : जब बाहरी इन्वेस्टर्स पैसा लगाते हैं ताकि कंपनी तेजी से बढ़ सके।

### क्यों फेल होते हैं स्टार्टअप

- आंकड़े बताते हैं कि 90% स्टार्टअप पहले 5 सालों में बंद हो जाते हैं।
- इनमें से 42% ऐसा प्रोडक्ट बनाया जिसकी बाजार में मांग नहीं थी।
- लगभग 29% स्टार्टअप फंड खत्म हो जाने की वजह से बंद हो गए।
- फाउंडर्स में तालमेल की कमी और गलत टीम का चुनाव भी कारण।

### भारत में स्टार्ट अप

- भारत में अब 2,00,000 से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। यह 2016 में शुरुआत के बाद एक बहुत बड़ी छलांग है।
- अब स्टार्टअप सिर्फ बेंगलुरु-दिल्ली तक सीमित नहीं हैं। 50% स्टार्टअप्स दूसरे व तीसरे दर्जे के शहरों से निकल रहे हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-समाप्त की जाएगी तुष्टीकरण की राजनीति

**जंगीपुर (प. बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को एक जनसभा के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया। साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी।

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और



पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी।

घुसपैठियों के समर्थन का आरोप लगाया।

मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा कि देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के वास्ते यूसीसी लागू किया जाये। मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पुराना नारा मां-माटी-मानुष त्याग दिया है और अब सत्ता बरकरार रखने के लिए घुसपैठियों और वोट बैंक की राजनीति पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

मोदी ने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। मोदी ने कहा कि बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस वाममोर्चा की कार्बन कॉपी बन गई है।

### पश्चिम बंगाल से तृणमूल का सिंडिकेट राज खत्म करेंगे : अमित शाह

**ओंडा/छतना (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के ''सिंडिकेट राज'' को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी 'पीड़ित कार्ड' खेलती हैं। कभी-कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं। ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी। आरोप लगाया कि बंगाल में गुंडे और घुसपैठिए राज करते हैं। बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली में शाह ने आलू किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उपज को देशभर में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

### तमिलनाडु: चुनाव के लिए मैदान में उतरे 4,023 उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों की संख्या तय होने के साथ ही 234 सदस्यों वाली विधानसभा को चुनने के लिए होने वाले इन बेहद रोमांचक चुनावों की बिसात साफ तौर पर बिछ गई है, जिसमें कई पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। सीटों के बंटवारे, निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान, उम्मीदवारों के नाम तय करने, नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच और नाम वापस लेने की चुनाव-पूर्व प्रक्रिया समाप्त हो गई, अब एक जोरदार चौतरफा मुकाबले के लिए मंच तैयार है। इसे बुद्धिमत्ता की लड़ाई और चुनावी मैदान में 'बिना किसी रोक-टोक के होने वाला मुकाबला' कहा जा रहा है। राज्य में 09अप्रैल को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख खत्म हो गयी है।

### फर्जी वोट डाला, गिरफ्तार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए 9 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी वोट डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू सामुदायिक केंद्र स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने आया था।

## भाजपा ने भवानीपुर में मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके खिलाफ दो झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी।

बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख




कोशियारी में चुनावी रैली को संबाधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

मतदाताओं के नाम जबरन हटवाने का आरोप भी लगाया। बनर्जी के सामने अपनी भवानीपुर सीट बरकरार रखने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चुनौती है। बनर्जी ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है।

## महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण, मेरे दिल के करीब : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों में से दो योजना (महिलाओं को मासिक राशि प्रदान करने से जुड़ी योजना और 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना) उनके दिल के बेहद करीब हैं।

मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया कि जहां महिला सशक्तीकरण योजना, जिसे देश के अन्य राज्यों में भी अपनाया जा रहा है, इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई नाश्ता योजना के अनगिनत लाभ हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा



रहे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में से उन योजनाओं का नाम बता सकते हैं जिनसे उन्हें अपार संतुष्टि मिली है। इसके जवाब में उन्होंने कहा-द्रविड़ मॉडल शासन में हमने जितनी भी योजनाएं लागू की हैं, वे सभी बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। हालांकि, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमने कई योजनाएं लागू की हैं, लेकिन उनमें से दो योजनाएं मेरे दिल के बेहद करीब हैं। ये दो योजनाए हैं कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजनाऔर मुख्यमंत्री नाश्ता योजना। कहा-कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना' के तहत परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिए जाते हैं। आज यह भारत में सबसे सफल ढंग से लागू की गई योजना है। उन्होंने कहा-जिन्होंने तब इसकी आलोचना की थी, वही लोग आज अपनी-अपनी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में इस योजना को लागू कर रहे हैं। अब हम इस राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने जा रहे हैं।

यह योजना इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा-हमने स्कूलों में नाश्ता कार्यक्रम शुरू किया ताकि कोई भी बच्चा भूखा स्कूल न जाए। बाद में, हमने इसे सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तक विस्तारित किया। हम अगली सरकार में इसे कक्षा आठ तक विस्तारित करेंगे।



संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले के 20वें जन्मदिन समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आदि ने उन्हें नमन किया।

# सुलह की प्रक्रिया आधुनिक न्याय प्रणाली का अभिन्न अंग

● मध्यस्थता सम्मेलन में बोलीं न्यायमूर्ति नागरत्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि मध्यस्थता और सुलह आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं और इन्हें केवल पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली में भारतीय मध्यस्थता परिषद द्वारा 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजी से जटिल और वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विवाद केवल कानूनी प्रश्न ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और आपसी संबंधों से जुड़े प्रश्न भी होते हैं, जिनके समाधान के लिए अदालती फैसले की बजाय स्वैच्छिक समाधान की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए, मध्यस्थता और सुलह केवल मुकदमेबाजी के विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान के पारंपरिक तरीके से मध्यस्थता और सुलह जैसे विवाद समाधान तंत्रों की ओर एक स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता और पक्षकारों की स्वायत्तता जैसे फायदों के कारण सीमा पार वाणिज्यिक विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता सबसे पसंदीदा विधि के रूप में उभरी है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इसके फायदे, जैसे कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता, पक्षकारों की स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत निर्णयों की प्रवर्तनीयता ने इसे वैश्विक वाणिज्य में पक्षकारों के लिए अपरिहार्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क संधि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की प्रभावशीलता को मजबूती मिली है, जिसने मध्यस्थता निर्णयों को 170 से अधिक न्यायक्षेत्रों में मान्यता देने और लागू करने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने संबोधन में द्विपक्षीय निवेश संधियों के तहत निवेश मध्यस्थता का भी उल्लेख किया।

### मामलों के लंबित रहने के लिए केवल न्यायाधीशों को दोष न दें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने शनिवार को कहा कि भारत में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए केवल न्यायाधीशों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। न्याय में देरी अक्सर वकीलों की बहस और कानूनी प्रक्रिया के तरीके से प्रभावित होती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि न्यायाधीश और मामले के निपटारे की दर के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। यह वकीलों पर निर्भर करता है कि वे कितनी देर तक बहस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी के लिए वकीलों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी बहसें करना और बार-बार तारीख लेना जैसी आदतें मामलों के निपटारे में देरी का कारण बनती हैं, इसलिए इन पर विचार कर सुधार करना जरूरी है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपने ग्राहकों के बैंक दस्तावेजों में जालसाजी करने के आरोप में सात सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई। आरोपी ऐसा इसलिए कर रहा था ताकि वह उन्हें जो बीमा पॉलिसियां बेच रहा था, वे प्रभावी हो सकें। विजेंद्रन तानापाल (38) ने यहां एक बैंक में संपत्ति नियोजन प्रबंधक के रूप में काम करते हुए दो जापानी ग्राहकों से जुड़े जालसाजी के दो आरोपों में संलिप्तता की बात स्वीकार की। तानापाल को बृहस्पतिवार को सजा सुनाते समय उसके अन्य जापानी ग्राहकों से जुड़े ऐसे कई अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया।

### पांच दिनी यात्रा पर चीन जाएंगे स्पेन के पीएम

**बीजिंग।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के निमंत्रण पर शनिवार से पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान सांचेज़ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली और राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात करेंगे। सांचेज की बीजिंग की यह चौथी आधिकारिक यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन प्रधानमंत्री सांचेज़ की यात्रा के माध्यम से स्पेन के साथ रणनीतिक विश्वास को गहरा करने, सहयोग तेज करने, द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने को तैयार है।

### किम जोंग ने चीन की पहल का किया समर्थन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने चीन की बहुध्रुवीय विश्व बनाने की पहल का समर्थन किया तथा दोनों पारंपरिक सहयोगी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने का आह्वान किया। किम ने यह टिप्पणी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में की जिसकी जानकारी सरकारी मीडिया ने शनिवार को दी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि उनकी सरकार वन चाइना सिद्धांत के आधार पर चीन की क्षेत्रीय अखंडता के प्रयासों का पूरा समर्थन करेगी, जिसमें ताइवान को चीन का अभिन्न हिस्सा माना जाता है।

### लेबनान में तीन दिन में 357 लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इज़राइली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्रीय प्रस्ताव, जिसे ट्रंप ने वार्ता के लिए कारगर आधार बताया है।

# भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी की अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से की बातचीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशनाथा।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका-भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैयार हैं। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट' (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह कानून गत दिसंबर से लागू हुआ, जिसने इस क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इसके साथ ही 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम और 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार देर रात गोर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित रिसॉर्ट में मिसरी की मेजबानी की।



### वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से की मुलाकात

मिसरी मंगलवार देर रात तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा, वाणिज्य और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। मिसरी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ए पी सिंह भी अमेरिका यात्रा पर थे और वह बुधवार को कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित पीटरसन स्पेस फोर्स बेस गए। भारतीय वायुसेना ने एक्सपर कहा कि उन्होंने ग्रेगरी एम गिलोट (अमेरिकी उत्तरी कमान के कमांडर) के साथ अभियान संबंधी जटिल पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया, जो बढ़ती साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। गोर ने अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फाइनबर्ग और सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के साथ भी चर्चा की।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच फ्रांस, जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ऊर्जा, व्यापार और रक्षा से जुड़ी उच्च स्तरीय वार्ताओं के लिए रविवार से पेरिस और बर्लिन की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो वर्तमान में बदलते और जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच और अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। फ्रांस और जर्मनी की यह यात्रा उनकी अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है, जहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अलावा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। पश्चिम एशिया संकट और उसका ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव पेरिस और बर्लिन में होने वाली वार्ताओं में प्रमुख मुद्दा रहेगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पेरिस में विदेश सचिव फ्रांस के विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। उसने बताया कि दोनों नेता रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## आतंकी संगठन से संबंध के संदेह में युवक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** दिल्ली पुलिस ने एक आतंकवादी संगठन से संबंध होने के संदेह में भुवनेश्वर निवासी 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी की पहचान गंगा नगर के यूनिट-6 क्षेत्र निवासी शेख इमरान के रूप में हुई है। इसमें बताया गया कि ओडिशा और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने युवक को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों संबंधी आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा एक सप्ताह पहले कुछ युवकों को पकड़े जाने और उनके सोशल मीडिया पोस्ट का विश्लेषण किए जाने के बाद इमरान पुलिस की जांच के दायरे में आया।

युवकों से पूछताछ और उनके सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण के आधार पर ओडिशा संपर्क का पता चला, जिसके बाद शेख इमरान को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि बेरोजगार युवक इमरान कट्टरपंथी समूह का सक्रिय सदस्य है। इमरान सोशल मीडिया पर एक ग्रुप के संपर्क में आया था जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध हानिकारक कट्टर धार्मिक सामग्री साझा की जा रही थी। उसे भुवनेश्वर के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे राष्ट्रीय राजधानी ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक की चंद्र मिशन में बड़ी भूमिका

● नासा में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं अमित क्षत्रिय

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ह्यूस्टन में बचपन में रॉकेट प्रक्षेपण देखकर प्रेरित होने वाले और बाद में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) में अभियानों की कमान संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने उस अंतरिक्ष एजेंसी में अहम भूमिका निभाई है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के मिशन पर काम कर रही है।

विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय नासा के सह प्रशासन के रूप में एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं और प्रशासक जैरेड इसाकमैन के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। क्षत्रिय एजेंसी के 10 केंद्र निदेशकों के साथ-साथ वाशिंगटन स्थित नासा मुख्यालय में मिशन निदेशालयों के सह प्रशासकों का नेतृत्व करते हैं। वह एजेंसी के मुख्य संचालन अधिकारी की भूमिका भी निभाते हैं। क्षत्रिय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं। क्षत्रिय ने कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित 'कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से गणित में बीएससी और ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय से गणित में स्नातोकत्तर की डिग्री हासिल की है। उनका जन्म विस्कॉन्सिन के ब्रुकफील्ड में हुआ था, लेकिन वह टेक्सास के ह्यूस्टन के उपनगर केटी को अपना गृह नगर मानते हैं। अंतरिक्ष के प्रति क्षत्रिय की रुचि तब जगी, जब उन्होंने ह्यूस्टन में अंतरिक्ष प्रक्षेपण देखे। ह्यूस्टन में जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में नासा का मिशन नियंत्रण केंद्र स्थित है।



पढ़ाई पूरी करने के बाद तेल एवं गैस उद्योग और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ समय काम करने के बाद वह 2003 में 'यूनाइटेड स्पेस अलायंस' से जुड़े। क्षत्रिय सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर और अंतरिक्ष यान ऑपरेटर के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक संयोजन पर ध्यान केंद्रित किया। वह 2014 से 2017 तक अंतरिक्ष स्टेशन के उड़ान निदेशक रहे और 2017 से 2021 तक वह आईएसएस यान कार्यालय के उप प्रबंधक और फिर कार्यवाहक प्रबंधक बने।

# वायुसेना प्रमुख ने कीअमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर बात

● दोनों देशों की साझा रक्षा प्राथमिकताओं पर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई।



अमेरिकी वायु सेना के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ-15ईएक्स ईगल-2 की उड़ान से परिचित कराया गया। सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर हमारी संयुक्त अंतरसंचालनीयता को विकसित करने और वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वांछित गैंगस्टर को थाईलैंड से वापस ले आई सीबीआई

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। चौहान के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने इंटरपोल के माध्यम से पता लगाया कि चौहान बैंकॉक में है और शुक्रवार को उसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लाया गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई ने 10 अप्रैल को वांछित भगोड़े साहिल चौहान को थाईलैंड से वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। चौहान हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल से जुड़े कई आपराधिक मामलों में आरोपी था।

# लद्दाख को मिली आधार के रिकॉर्ड में अलग पहचान

● रिकॉर्ड से जम्मू-कश्मीर को हटाकर किया गया लद्दाख

**लेह, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य से 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर सृजन के लगभग सात साल बाद लद्दाख ने आखिरकार आधार रिकॉर्ड में अपनी एक अलग पहचान हासिल कर ली है। आधार में जम्मू कश्मीर को हटाकर लद्दाख कर दिया गया है।

लोक भवन के प्रवक्ता ने बताया कि जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद पूरा किया गया। लद्दाख को 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किए जाने के बावजूद यहां के लोगों के आधार कार्ड के 'राज्य' वाले हिस्से में पहले के जम्मू कश्मीर राज्य का नाम ही दर्ज रहा - जिससे व्यापक परेशानी हुई और विभिन्न पक्षों से शिकायतें मिलीं। प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस मामले के लंबे समय से लंबित रहने का संज्ञान लिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के समक्ष उठाया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को अब सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि आधार कार्ड में लद्दाख की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान का सही प्रतिनिधित्व हो। उपराज्यपाल ने कहा कि इस बदलाव से प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करके और सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करके लद्दाख के निवासियों को काफी लाभ होगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको कार्यक्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। योजनाएं धीरे-धीरे सफल होती दिखेंगी। आवश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

**वृष** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल प्रभाव रखता है। धन प्राप्ति के योग हैं। सामाजिक कार्यों में भागीदारी से सम्मान मिलेगा।

**मिथुन** — आज आपका संवाद कौशल प्रभावशाली रहेगा। संचार और बातचीत से लाभ होगा। कोई पुराना निवेश लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**कर्क** — आज मन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखें। खर्चों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। किसी निर्णय के प्रति दुविधा हो सकती है।

**सिंह** — आज आपकी मेहनत का परिणाम मिलेगा। वरिष्ठों से सहायता मिलने की संभावना है। किसी नए प्रोजेक्ट में भाग लेने के योग हैं।

**कन्या** — आज अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यों का लाभ मिलेगा। वित्तीय मामलों में आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज आपको संचार कौशल से लाभ होगा। साझेदारी या समूह कार्यों में आपके विचारों को सराहा जाएगा। संबंधों में संतुलन बना रहेगा।

**वृश्चिक** — आज आपकी इच्छाशक्ति और लक्ष्य-प्राप्ति की क्षमता मजबूत रहेगी। पुरानी नकारात्मक स्थितियों से छुटकारा मिलेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए प्रगतिशील रहेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान और सहयोग मिलेगा। मन में उत्साह बना रहेगा।

**मकर** — आज आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता व अनुशासन दिखाएंगे। कार्य सिद्धि के संकेत हैं। सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज आपके विचार अभिनव और रचनात्मक रहेंगे। प्रतियोगिता या परीक्षा से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। धनलाभ के संकेत हैं।

**मीन** — आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नई शुरुआत करने के अच्छी संभावना बन रही है। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 13 अप्रैल 01.16 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- श्रवण 15 .14 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

### सुडोकू -117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

## निदान

### पार्किंसंस रोगियों के इलाज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह

# डीबीएस रेफरल में देरी से सीमित हो जाते हैं उपचार के नतीजे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने कहा है कि स्पष्ट नैदानिक दिशा-निर्देशों के बावजूद, भारत में पार्किंसंस रोग के कई रोगियों को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए बहुत देर से रेफर किया जाता है, जिससे इस प्रक्रिया के संभावित लाभ सीमित हो जाते हैं।

डीबीएस पार्किंसंस की बीमारी के इलाज के लिए एक सुस्थापित शल्य चिकित्सा पद्धति है। इसकी सिफारिश सावधानीपूर्वक चयनित उन रोगियों के लिए की जाती है जो लेवोडोपा, जो इस बीमारी के प्रबंधन के लिए सबसे प्रभावी दवा है, के प्रति खराब प्रतिक्रिया देते हैं। अनुकूलित चिकित्सा उपचार के बावजूद उतार-चढ़ाव और डिस्किनेसिया जैसी अक्षम करने वाली मोटर जटिलताएं विकसित होती हैं और साथ ही अप्रत्याशित ऑन-ऑफ अवधि संबंधी विकार पैदा होते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऑन अवधि वह समय है जब दवा से पार्किंसंस के लक्षण अच्छी तरह से नियंत्रित होते हैं, जबकि ऑफ अवधि वह समय है जब दवा का असर खत्म हो जाता है और लक्षण (जैसे अकड़न, कंपन और सुस्ती) फिर से प्रकट हो जाते हैं। दिल्ली स्थित एम्स में न्यूरोसर्जरी और गामा नाइफ विभाग के अध्यक्ष डॉ. पी. शरत चंद्र ने विश्व पार्किंसंस दिवस पर बताया कि डीबीएस से दवा की खुराक कम हो जाती है और डिस्किनेसिया (दवा के कारण शरीर में होने वाली असामान्य हरकतें), मतिभ्रम, मतली और निम्न रक्तचाप जैसी जटिलताओं से बचाव होता है। इससे कई दवाओं की खुराक कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा लेकिन वास्तविकता यह है कि रेफरल करने की परिपाटी असंगत बनी हुई है।



### मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के पूर्व करें रेफर

डॉ. शरत चंद्र ने कहा कि भारत में कई मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के बाद रेफर किया जाता है, खासतौर पर जब चलने में अकड़न और शारीरिक अस्थिरता जैसे अक्षीय लक्षण पहले ही प्रकट हो चुके होते हैं, जो कि डीबीएस के प्रति खराब प्रतिक्रिया देने वाले लक्षण माने जाते हैं। इस देरी का एक प्रमुख कारण डीबीएस को अंतिम उपाय चिकित्सा के रूप में व्यापक रूप से देखा जाना है, न कि एक ऐसे हस्तक्षेप के रूप में जिसे मोटर संबंधी जटिलताएं शुरू होने के दौरान लेकिन अपरिवर्तनीय दिव्यांगता होने से पहले शुरू करना सबसे अच्छा होता है।

## बांग्लादेश में खसरे से अब तक 145 बच्चों की गई जान

**सिलहट।** बांग्लादेश में खसरे के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों के भीतर ढाका और सिलहट में दो और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे हताहतों की संख्या में और वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 मार्च से अब तक खसरे जैसे लक्षणों के कारण कुल 145 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 24 मौतों की पुष्टि आधिकारिक तौर पर खसरे से होने के रूप में हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है।



“तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी महज एक नंबर है और वह किसी भी क्रम पर उतरने के लिये तैयार हैं। मैं पिछले साल पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था। आखिर में तो लक्ष्य मैच जीतना होता है। प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा करके ऊपर भेजा है।
–ध्रुव जुरेल


स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 12 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
समय - दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस
समय - शाम 7:30 बजे

# अय्यर के धमाल से पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स को छह विकेट से हराया

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की शतकीय भागीदारी गई बेकार



शॉट लगाते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 33 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57 रन) और प्रभसिमरन सिंह (51 रन) की पारियों के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को दबाव में नहीं आने दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। इससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर शिवांग कुमार ने पंजाब किंग्स के शुरूआती तीनों विकेट अपनी झोली में डाले लेकिन पंजाब किंग्स को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी हार है। प्रियांश (पांच चौके, पांच छक्क) और प्रभसिमरन (चार चौके, चार छक्के) ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रियांश की पारी खत्म हुई। प्रियांश ने शिवांग की पहली ही गेंद पर डीप मिड विकेट के ऊपर से स्वीप शॉट लगाते हुए छक्का जड़ा, लेकिन जब उन्होंने लगातार दूसरी गेंद पर भी ऐसा ही करने की कोशिश की, तो गेंद सीधे क्षेत्ररक्षक के हाथों में समां गई। इस तरह दोनों के बीच 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 99 रन की भागीदारी का अंत भी हुआ। प्रभसिमरन ने फिर नौवें ओवर में शिवांग की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अगली ही गेंद पर शिवांग की गुगली पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को प्रभसिमरन ने आगे बढ़कर हवा में खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और लांग ऑफ पर क्लासेन ने आगे की ओर डाइव लगाते हुए एक बेहतरीन कैच लपक लिया।

शिवांग (33 रन देकर तीन विकेट) के दो झटकों से सनराइजर्स हैदराबाद को वापसी की उम्मीद जगी। फिर इसी गेंदबाज ने 11वें ओवर में कूपर कोनोली (11 रन) की पारी का अंत किया। कोनोली ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर चौका लगाया लेकिन अगली ही गेंद को मिसटाइम करके आउट हो गए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 128 रन था। इसके बाद कप्तान अय्यर ने कमाल की पारी खेली, उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 24 गेंद में अर्धशतक जड़ा और यही दबदबा जारी रखा। 15 ओवर में पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 179 रन था और उसे जीत के लिए 30 गेंद में 41 रन बनाने थे। अय्यर ने 16वें ओवर में ईशान मलिंगा पर डीप कवर पर एक चौका तथा काउ कॉर्नर और डीप मिडविकेट पर दो छक्के जड़ दिए।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**219/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 |
| ईशान किशन का यानसेन बो अर्शदीप | 27 |
| हेनरिक क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 |
| सलिल अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

### पंजाब किंग्स

**223/4 (18.5 ओवर)**

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो शिवांग | 51 |
| कूपर कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 |
| नेहाल वढेरा बो हर्ष दुबे | 14 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 |

**अतिरिक्त** : 05, **गेंदबाजी** : हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप





वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान – 200 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद– 184 रन
यशस्वी जायसवाल
राजस्थान–183 रन

### पर्पल कैप



रवि विश्नोई
राजस्थान– 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात– 5 विकेट



## वैभव सूर्यवंशी पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं : भुवनेश्वर

**गुवाहाटी, एजेंसी** : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है , वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है । जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा यह टी20 मैच है । वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है।

### विराट कोहली का संदेश- प्रिय वैभव बेहतरीन प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** एक युवा क्रिकेटर के लि, सुपरस्टार विराट कोहली से मिली प्रशंसा किसी वरदान से कम नहीं है और आईपीएल में एक और शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को यह मौका मिला। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने वैभव की कैप पर हस्ताक्षर करके खास संदेश लिखा प्रिय वैभव, शानदार प्रदर्शन। इस पारी से सूर्यवंशी आरेंज कैप भी पहन चुके हैं।

## हाईलाइट

### निशानेबाज सैन्यम का विश्व कप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज सैन्यम ने आईएसएसएफ विश्व कप के एक चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्पेन के ग्रेनाडा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पांचवां स्थान हासिल किया। जूनियर विश्व और एशियन चैंपियन रह चुकी सैन्यम ने फाइनल में 178 .9 का स्कोर किया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक भी फाइनल में पहुंचीं और सातवें स्थान पर रहीं। 24 शॉट के फाइनल में 14वें शॉट के बाद 137 .9 के स्कोर के साथ वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चीन की शेन यियाओ ने 244 .2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। सैन्यम ने क्वालीफिकेशन दौर में 582 का स्कोर किया और 83 निशानेबाजों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया।

### एशियाई युवा टेबल टेनिस में भारतीयों ने जीते 13 स्वर्ण पदक

**शिमला।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया।

### एफआईए इंटरनेशनल कार्ट महिला रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची अतिका

**लोनाटो (इटली)।** भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय

- गुजरात के खिलाफ लय पाने की करेगा कोशिश
- मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी पर रहेगी नजर

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाएंट्स को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। हालांकि एलएसजी एकाना में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## अपने गढ़ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या (बाएं) और कोच महेला जयवर्धने।

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरूआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट ( माइनस 0 .715) के साथ आठवें स्थान पर है।

# सैमसन के नाम आईपीएल सत्र का पहला शतक



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

**चेन्नई, एजेंसी**

विश्व कप स्टार संजू सैमसन (नाबाद 115) के आतिशी शतक से चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को आईपीएल मुकाबले में दो विकेट पर 212 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सैमसन ने 56 गेंदों की अपनी शतकीय पारी में 15 चौके और चार छक्के मारे।

यह आईपीएल में इस सत्र का पहला और संजू का कुल चौथा शतक है। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 113 रन की साझेदारी की। म्हात्रे 36 गेंदों में 50 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। म्हात्रे ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। शिवम दुबे 10 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे।कप्तान रुतुराज गायकवाड़ 15 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई के बहुत से लोग दो चीज़ों के दीवाने हो जाते हैं - सीएसके और रजनीकांत। तो, कोई गलती न करें, संजू सैमसन ने आज बहुत सारे नए फ़ैन कमाए होंगे। सिर्फ़ अपनी सेंचुरी के लिए ही नहीं, बल्कि लैंडमार्क तक पहुँचने के बाद पदयप्पा सैल्यूट सेलिब्रेशन के लिए भी।

बैटिंग के लिए बुलाई गई सीएसके के ओपनर्स ने पावरप्ले में टिके रहे और 61 रन बनाए, जिसमें सैमसन ने ज़्यादातर रन बनाए। जहाँ रुतुराज गायकवाड़ पावरप्ले के बाद पहले ओवर में 18 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं सैमसन और आयुष म्हात्रे ने अच्छी पेस से बैटिंग की। युवा म्हात्रे को कुछ लाइफ़ रिप्रिव मिले और सैमसन का भी 52 रन पर कैच छूट गया। यह महंगा साबित हुआ क्योंकि दोनों ने 113 रन की पार्टनरशिप की। लुंगी एनगिडी ने शानदार 17वां ओवर फेंका और फिर नटराजन ने अगले ओवर में यॉर्कर डालना शुरू कर दिया। तभी सीएसके ने आयुष को 59 रन पर रिटायर करने का फ़ैसला किया और दुबे को अंदर बुलाया। सैमसन ने 52 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और फिर दुबे ने जब भी गेंद उनके स्लॉट में आई, कुछ बाउंड्री लगाईं।

- चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को दिया 213 रनों का लक्ष्य

### चेन्नई सुपरकिंग्स

**212/2 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 115 |
| रुतुराज का निसंका बो अक्षर | 15 |
| आयुष महात्रे रिटायर्ड आउट | 59 |
| शिवम दुबे नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 03, **गेंदबाजी** : नबी 2-0-17-0, मुकेश 4-0-37-0, अक्षर 4-0-39-1, नटराजन 4-0-54-0, एनगिड़ी 4-0-41-0, कुलदीप 2-0-24-0

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

### विश्व नंबर एक व गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को तीन गेमों में दी शिकस्त

# एक और उलटफेर के सहारे आयुष शेट्टी फाइनल में



**निंगबो, एजेंसी**

भारत के आयुष शेट्टी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को शनिवार को तीन गेम के मुकाबले में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की।

वह दिनेश खन्ना के बाद इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। खन्ना ने 1965 में पुरुष एकल स्वर्ण जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता था। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन आयुष का सामना अब दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के शि यू की से होगा।

भारत के पूर्व मुख्य कोच और 'सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस' के निदेशक विमल कुमार ने पीटीआई को बताया, ''आयुष ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी आक्रामक शैली से कुनलावत के दिमाग पर दबाव बनाया और इसका चतुराई से फायदा उठाया। उन्होंने कहा, ''दूसरा गेम जीतना बहुत अहम था। 20-14 के स्कोर पर आयुष शेट्टी पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, लेकिन जब वितिदसर्न ने वापसी करते हुए स्कोर 20-19 कर दिया, तो वह थोड़े चिंतित हो गए। ठीक उसी समय उन्होंने कुछ विशेष किया, जिससे वह गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे। कुमार ने कहा'पूरे हफ्ते उन्होंने मुश्किल पलों में सही रणनीति अपनाते हुए और अपने स्मैश का समझदारी से इस्तेमाल करते हुए शानदार वापसी करने की अपनी काबिलियत दिखाई है। उनका यही अनुशासन उन्हें सफलता दिलाने में मददगार साबित हुआ।भारतीय खिलाड़ी ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर कई बड़े नामों को हराया है, जिनमें पेरिस कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू और ब्रायन यांग शामिल हैं। इस सप्ताह आयुष ने विश्व नंबर सात ली शी फेंग और विश्व नंबर चार जोनाथन क्रिस्टी को हराने के बाद वितिदसर्न को मात दी।

### सेमीफाइनल तक एक भी गेम नहीं गंवाया था शेट्टी ने

आयुष ने सेमीफाइनल तक के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया था, जबकि वितिदसर्न ने उन्हें आर्कटिक ओपन में पिछले साल सीधे गेम में हराया था। वितिदसर्न ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली। ब्रेक के समय स्कोर 11-5 था और पहला गेम उन्होंने आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में आयुष ने दमदार वापसी की और कूदकर स्मैश लगाते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। यह जल्दी ही 7-1 की हो गई, क्योंकि वितिदसर्न ने कई सहज गलतियां कीं। ब्रेक के समय स्कोर 11-4 था। आयुष ने बीच में कुछ गलतियां कीं, जिससे वितिदसर्न ने 13-11 से वापसी की।

# अंकिता की हार से भारत की विश्व ग्रुप प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म

## बिली जीन किंग कप



दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक को बधाई देतीं भारत की अंकिता रैना। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंकिता रैना की शनिवार को यहां दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई।

भारतीय टीम दिन की शुरुआत में तालिका में चौथे स्थान पर थी और उसे शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए कोरिया पर 3-0 से जीत की जरूरत थी। कप्तान विशाल उप्पल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की शुरुआत के लिए सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को चुना, लेकिन डेयोन बैक ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत अब शेष दो मैच जीतने का प्रयास करेगा।